CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :37°C
न्यूनतम :22°C

देहरादून, बुधवार 27 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 289 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 9 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



जनता का पैसा जनहित में ही लगेगा: मुख्यमंत्री योगी पेज 2



ओलंपिक में भारत के पहले तीरंदाजों में से एक, श्याम लाल मीणा का निधन खेल टाइम्स



भविष्य की कीमत पर बिक रहा आज का मां-बाप सम्पादकीय



अब खाड़ी में पैर नहीं फैला सकेगा अमेरिका: मुज्तबा खामेनेई पेज 12

# अवैध खनन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, यूपी, मप्र व राजस्थान सरकार को फटकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चंबल घड़ियाल अभयारण्य में लगातार बढ़ रहे अवैध रेत खनन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सख्त रुख अपनाया। अदालत ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और यूपी सरकारों को तत्काल प्रभाव से प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

कोर्ट ने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए राज्यों को निगरानी व्यवस्था मजबूत करनी होगी और खाली पड़े वन रक्षक पदों पर जल्द भर्ती करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। अदालत ने मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में बिना नंबर और बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों से अवैध रेत ढुलाई की मीडिया रिपोर्ट का भी संज्ञान लिया। कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर रिपोर्ट सही है, तो अधिकारियों ने अदालत में गलत हलफनामा दाखिल किया है। सुप्रीम कोर्ट ने तीनों राज्यों को प्रभावित इलाकों में सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल सेंटर और मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि यह काम युद्ध स्तर पर किया जाए और छह महीने के भीतर सभी निगरानी व्यवस्था पूरी तरह चालू होनी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि जिन वाहनों का इस्तेमाल अवैध खनन में हो रहा है, उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। फर्जी नंबर प्लेट या बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई केवल वाहन चालक तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। अवैध खनन नेटवर्क से जुड़े वाहन मालिकों, ठेकेदारों और अन्य लोगों के खिलाफ भी आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने वन विभाग के कर्मचारियों पर बढ़ते हमलों को लेकर भी चिंता जताई।



■ फर्जी नंबर वाले वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश

## सुप्रीम कोर्ट ने कचहरा प्रबंधन को लेकर बनाई निगरानी कमेटी

■ कचरे की अवैध डंपिंग-ट्रांसपोर्ट पर कार्रवाई होगी
■ हर जिले की वेबसाइट पर कलेक्टर देंगे रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ठोस कचरा प्रबंधन नियम के पालन पर राज्यों की रिपोर्ट आने के बाद सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि कचरे की अवैध ट्रांसपोर्ट और अवैध डंपिंग करने वालों की पहचान की जाए।

जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि ऐसे वाहनों और उनके मालिकों या ऑपरेटरों पर सख्त कार्रवाई करें। कोर्ट ने कहा कि हर जिले की वेबसाइट पर ठोस कचरा प्रबंधन के लिए अलग पेज बनाया जाए। कलेक्टर इस पेज पर कचरा प्रबंधन की मौजूदा स्थिति, किए जा रहे सुधार और पुराने कचरे की तस्वीरें अपलोड कराएंगे और रिपोर्ट देंगे। सालों से जमा पुराने कचरे के निपटारे की समयसीमा नहीं बढ़ेगी। जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस एसवीएन की बेंच ने कचरा प्रबंधन नियमों की निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट की कमेटी बनाई है। इसमें केंद्र के पांच मंत्रालयों के सचिव शामिल होंगे, जबकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव संयोजक होंगे। यह देशभर में नियमों के पालन की निगरानी करेगी, निर्देश देगी और अनुपालन समीक्षा करेगी।

## कम हाजिरी वाले कानून के छात्रों को परीक्षा देने वाले फैसले पर रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसके तहत कम हाजिरी वाले कानून के छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई थी।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) की उस याचिका पर नोटिस जारी करते हुए दिया, जिसमें कानून के छात्रों के लिए जरूरी हाजिरी के दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों को चुनौती दी गई थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि नोटिस जारी करके 21 जुलाई तक जवाब दें। इस बीच विवादित फैसले के पैराग्राफ 249 का असर और ऑपरेशन रुका रहेगा। यह आगे भी हालांकि लागू रहेगा। पीठ ने स्पष्ट किया कि उसके निर्देश उच्च न्यायालय को उनके सामने लंबित मामलों में हाजिरी की जरूरतों से जुड़े ऐसे ही मामलों पर स्वतंत्र फैसला करने से नहीं रोकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो पाक नागरिकों समेत नौ के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हरियाणा के सिरसा में महिला पुलिस थाने पर नवम्बर 2025 में हुए ग्रेनेड हमले के सिलसिले में दो पाकिस्तानी नागरिकों समेत नौ आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र में नामजद आरोपियों की पहचान पाकिस्तानी नागरिक और हैंडलर शहजाद भट्टी और सोहेल अहमद उर्फ सोहेल बलूच के रूप में हुई है। इसके अलावा गिरफ्तार किए गए भारतीय नागरिकों में धीरज उर्फ धीरू, विकास उर्फ विक्की, संदीप उर्फ दायमा, विकास, सुशील उर्फ सल्लू, मोहम्मद सिजान उर्फ सिजान उर्फ गाजी और गुरजंत सिंह शामिल हैं।

### सीएम सुवेंदु बोले बांग्लादेशियों यहां से जल्दी भागो

**नार्थ 24 परगना/ मुर्शिदाबाद।** बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने मंगलवार को बांग्लादेशियों को देश छोड़कर जाने को कहा। वे बोले- राज्य में अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें पुलिस को सौंपा जाए, जिसके बाद बीएसएफ उनकी वापसी में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि जल्दी-जल्दी भागो यहां से, वरना एक्शन लेंगे। हम घुसपैठियों को जेल भेजकर रोटी नहीं खिलाएंगे। वह दामाद नहीं है। उन्हें भगाया जाएगा। उनके (बांग्लादेश के) ऑफिशियल्स भी कह चुके हैं कि जो हमारे लोग होंगे, उन्हें ले लेंगे। इधर, पश्चिम बंगाल के नार्थ 24 परगना में मंगलवार सुबह से ही 100 से ज्यादा विदेशी नागरिक हाकिमपुर चेक पोस्ट पर इकट्ठा हुए हैं।

### जनसंख्या बदलाव पर उच्चस्तरीय समिति का गठन


**नई दिल्ली।** पड़ोसी देशों से घुसपैठ के कारण जनसंख्या में हो रहे बदलाव को बेहद गंभीरता से ले रही सरकार ने सेवानिवृत न्यायाधीश, न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में जनसंख्या में बदलाव पर उच्चस्तरीय समिति का मंगलवार को गठन कर दिया। समिति में जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण के साथ सेवानिवृत आईएएस अधिकारी दुर्गा शंकर मिश्रा, सेवानिवृत आईपीएस बालाजी श्रीवास्तव और अर्थशास्त्री डा. शमिका रवि को समिति का सदस्य बनाया गया है।

# ईरान ने अमेरिकी MQ-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया

तेहरान, वार्ता

**ईरान की** आईआरजीसी ने मंगलवार को दावा किया कि उसने फारस की खाड़ी के ऊपर एक अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया है। ईरान ने इसे अपने हवाई क्षेत्र का उल्लंघन बताते हुए चेतावनी जारी की कि वह अमेरिकी सेना द्वारा युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन का करारा जवाब देगा।

ईरानी मीडिया में छपे एक बयान में आईआरजीसी ने कहा कि उसकी वायु रक्षा इकाई ने दुश्मन की हवाई गतिविधि की 'सटीक खुफिया निगरानी' के बाद ड्रोन को मार गिराया। उसने यह भी दावा किया कि एक अमेरिकी आरक्यू-4 सर्विलांस ड्रोन और एक एफ-35 फाइटर जेट पर फायरिंग की, जिससे दोनों वायुयानों को इलाका छोड़ना पड़ा। बयान में यह नहीं बताया गया कि ये घटनाएं कब हुईं। ईरानी दावों पर अमेरिकी सेना की ओर से तुरंत कोई जवाब नहीं आया है। आईआरजीसी ने दोहराया कि ईरान के पास युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का 'सही और निर्णायक' अधिकार है और अपने हवाई क्षेत्र में घुसपैठ के खिलाफ चेतावनी जारी की। यह बयान अमेरिकी सेना के उस बयान के कुछ घंटों बाद आया, जिसमें उसने कहा था कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरानी मिसाइल लॉन्च स्थलों और नावों पर 'आत्मरक्षा में बचाव' किए हैं।




अमेरिकी सेना द्वारा युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन का करारा जवाब देंगे: आईआरजीसी

अमेरिका का होर्मुज के पास ईरानी बोट्स पर हमला, मिसाइल साइट को भी निशाना बनाया

## समुद्री रास्तों की आजादी जरूरी: ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक खत्म हो गई है। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने होर्मुज का मुद्दा उठाया। विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा कि ईरान की तरफ से होर्मुज स्ट्रेट बंद किए जाने का असर अब तेल और ऊर्जा सप्लाई पर दिखने लगा है।

क्वाड देशों का कहना है कि समुद्री रास्ते खुले रहना जरूरी हैं और वहां से गुजरने वाले जहाजों पर किसी तरह का टोल या रोक नहीं लगनी चाहिए। इस बैठक में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री शामिल हुए। अमेरिका की ओर से मार्को रुबियो, जापान से तोशिमित्सु मोतेगी और ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पेनी वोंग मौजूद रहे। विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद के मुद्दे पर कहा कि इसके खिलाफ जीरो टॉलरेंस होना चाहिए। जिन देशों पर आतंकी हमले होते हैं, उन्हें अपनी सुरक्षा का अधिकार है।



■ दिल्ली क्वाड बैठक में ऑस्ट्रेलिया ने होर्मुज स्ट्रेट का मुद्दा उठाया
■ जयशंकर बोले- 3 बड़े फैसलों पर सहमति बनी

### भारत-अमेरिका ने खनन व प्रसंस्करण के लिए समझौते पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका ने महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ मृदा तत्वों के खनन तथा प्रसंस्करण की आपूर्ति को सुरक्षित करने संबंधी भारत-अमेरिका द्विपक्षीय रूपरेखा पर मंगलवार को यहां हस्ताक्षर किए। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने यहां आए अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने क्वाड बैठक से इतर इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एस. जयशंकर ने बाद में कहा कि दोनों देशों ने इस महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और इस विषय पर क्वाड सदस्य देशों के साथ भी बैठक में चर्चा हुई थी। उन्होंने इसे बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह समझौता सही समय पर किया गया है और बेहद प्रासंगिक है।

# CNG ₹2 तक महंगी

## मई में चार बार में छह रुपये की हुई बढ़ोतरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरों में मंगलवार को सीएनजी दो रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो गई। दिल्ली और आसपास के शहरों में सीएनजी की आपूर्ति करने वाली सिटी गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के अनुसार, दिल्ली में अब एक किलोग्राम सीएनजी की कीमत 83.09 रुपये हो गई है।

पहले इसकी कीमत 81.09 रुपये प्रति किलोग्राम थी। दूसरे शहरों में भी सीएनजी के दाम में दो रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गई है। सीएनजी की कीमतों में इस महीने यह चौथी बढ़ोतरी है। इससे पहले 15 मई को इसके दाम दो रुपये और 17 मई तथा 23 मई को एक-एक रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाए गए थे। इस प्रकार चार बार में इसके दाम छह रुपये बढ़ गए हैं।




■ दिल्ली में 83.09 रुपये किग्रा मिलेगी

दिल्ली से सटे नोएडा और गाजियाबाद में एक किलोग्राम सीएनजी मंगलवार से 91.70 रुपये हो गई है। गुरुग्राम में इसकी कीमत अब 88.12 रुपये हो गई है। अब मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में सीएनजी 91.58 रुपये प्रति किंग्रा, रेवाड़ी में 87.70 रुपये, करनाल में 87.43, कैथल में 88.43 रुपये तथा कानपुर, हमीरपुर और फतेहपुर में 94.42 रुपये प्रति किंग्रा के भाव मिलेगी। अजमेर, पाली और राजसमंद में अब सीएनजी की कीमत 92.44 रुपये, मोहाबा, बांदा और चित्रकूट में 89.42 रुपये, हापुड़ में 92.70 रुपये तथा गौतमबुद्ध नगर में 91.70 रुपये और ग्रेटर नोएडा में 91.70 रुपये प्रति किलोग्राम होगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति बाधित होने से घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की खुदरा कीमतों में लगातार वृद्धि की जा रही है। गत 15 मई से अब तक पेट्रोल की कीमत 7.35 रुपये और डीजल की 7.53 रुपये प्रति लीटर बढ़ाई गई है।

## अन्नाद्रमुक के एक और बागी विधायक ने दिया इस्तीफा

■ इसाकी सुबैया ने विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा

**चेन्नई।** तमिलनाडु में अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) को गहरा झटका देते हुए पार्टी के एक और बागी विधायक इसाकी सुबैया ने मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

जिससे पिछले दो दिनों में पार्टी छोड़ने वाले बागी विधायकों की संख्या चार हो गई है।राज्य के अंबासमुद्रम के अन्नाद्रमुक विधायक सुबैया पहले मंत्री भी रह चुके हैं और उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष जेसीडी प्रभाकर से उनके कक्ष में अपना इस्तीफा सौंप दिया।

### बिरला ऐतिहासिक कार्यवाहियों के 89 संकलनों का करेंगे लोकार्पण

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 28 मई को दिल्ली विधानसभा की त्रैमासिक पत्रिका 'विधान-चेतना' के प्रथम अंक तथा केंद्रीय विधान सभा (1924-1930) की कार्यवाहियों के 89 खंडों में प्रकाशित ऐतिहासिक संकलन का लोकार्पण करेंगे।

# यूपी में आंधी-तूफान से छह लोगों की मौत

## बांदा में पारा लगातार 8वें दिन 47 डिग्री के पार, मानसून केरलम से 35 किमी दूर अटका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर-पश्चिम में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर में दिल्ली- हिमाचल, यूपी, दक्षिण-पश्चिम में ओडिशा और तेलंगाना भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। पश्चिम में गुजरात, महाराष्ट्र और सेंट्रल इंडिया में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के एमपी से लगा हिस्सा और छत्तीसगढ़ में गर्मी का सबसे खतरनाक दौर चल रहा है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को यूपी के बांदा और विदर्भ का ब्रह्मपुरी में सबसे ज्यादा गर्म रहे।

यहां लगातार 8वें दिन 47 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान दर्ज किया गया। छतरपुर का खजुराहो 47.2 डिग्री के साथ तीसरे नंबर पर और नौगांव 46.8 डिग्री के साथ चौथा सबसे गर्म शहर रहा। यूपी के गोंडा, लखीमुपर, बस्ती, शाहजहांपुर और सीतापुर में गर्मी के बीच सोमवार रात आंधी-तूफान चला। इससे जुड़े हादसों में बच्चे समेत 6 की मौत हो गई है। बात मानसून की करें, तो यह पिछले तीन दिन से केरलम के तट से 30-35 किमी दूर अटका है। प्री-मानसून के चलते केरलम के तटीय इलाके, तमिलनाडु और कर्नाटक में बारिश हो रही है।



### उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्वी राज्यों में कई दिन तक भीषण गर्मी व लू की चेतावनी

**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग ने देश के उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी क्षेत्र के बड़े हिस्सों में अगले कई दिनों तक भीषण से अति भीषण गर्मी और लू की स्थिति बने रहने की चेतावनी दी है। विभाग की ओर से मंगलवार सुबह जारी पूर्वानुमानों के अनुसार अगले कुछ दिनों तक पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना सहित कई राज्यों में तापमान सामान्य से काफी ऊपर बना रहेगा। विभाग के ताजा मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार पंजाब, हरियाणा- चंडीगढ़-दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और विदर्भ में 26 से 29 मई के बीच गर्मी और लू की गंभीर स्थिति बनी रहने के आसार हैं।

## DRDO परिसर से चोर 50 लाख का सोना व नकदी चुराकर फरार

■ चोरों ने वैज्ञानिक के आवास को बनाया निशाना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के तिमारपुर इलाके स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) परिसर में चोरी की घटना सामने आई है, जहां चोरों ने कथित तौर पर एक वैज्ञानिक के आवास का ताला तोड़कर करीब 45 से 50 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, विदेशी मुद्रा और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

यह घटना डीआरडीओ परिसर स्थित राम नारायण साइंटिस्ट हॉस्टल में हुई। तिमारपुर थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार चोरों ने घर के तीन ताले तोड़े और बाद में स्टील की अलमारी को क्षतिग्रस्त कर उसमें रखे कीमती सामान लेकर फरार हो गए। शिकायतकर्ता सीमा गौतम ने बताया कि वह अपनी बेटी और पति से मिलने चंडीगढ़ गई थीं, जहां उनके पति वर्तमान में तैनात हैं। उनकी अनुपस्थिति में पड़ोसियों ने घर के टूटे हुए ताले देखे और उन्हें घटना की सूचना दी। पुलिस में दर्ज की गई शिकायत के अनुसार चोर पीछे की ओर के ताले तोड़कर घर में घुसे और करीब 280 ग्राम सोने के आभूषण तथा लगभग 300 ग्राम चांदी के जेवर चोरी कर ले गए।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### एंटी-डंपिंग ड्यूटी से 28,540 करोड़ की विदेशी मुद्रा बचाना संभव

**नई दिल्ली।** भारत एंटी-डंपिंग शुल्क लगाकर हर साल करीब 28,540 करोड़ रुपये के बराबर विदेशी मुद्रा बचा सकता है। सेंटर फॉर डोमेस्टिक इकोनॉमी पॉलिसी रिसर्च (सी-डीईपी) और केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के सेंटर फॉर डब्ल्यूटीओ स्टडीज की मंगलवार को जारी एक साझा रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इसमें दावा किया गया है कि ऐसा करने से घरेलू उद्योगों में 70,000 करोड़ रुपये तक अतिरिक्त निवेश का रास्ता खुल सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक लंबे समय तक सस्ते आयात से घरेलू उद्योगों और छोटे एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर दबाव बढ़ा है। यदि समय रहते एंटी-डंपिंग उपाय लागू किए जाते हैं, तो घरेलू उत्पादन क्षमता मजबूत होगी और स्थानीय उद्योगों को सहारा मिल सकता है। एंटी-डंपिंग ड्यूटी उन मामलों में लगाई जाती है, जब विदेशी कंपनियां किसी उत्पाद को अपने घरेलू बाजार की तुलना में कम कीमत पर दूसरे देशों में बेचती हैं। सरकार इसका इस्तेमाल घरेलू उद्योगों को अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए करती है।

### मादक पदार्थ तस्कर की करीब सवा करोड़ की अचल संपत्ति कुर्क

**जम्मू।** जम्मू- कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को कठुआ जिले में एक मादक पदार्थ तस्कर की करीब सवा करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क कर ली। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कठुआ जिले की हीरानगर तहसील के चप्पर निवासी सुदेश मेहता नाम के एक मादक पदार्थ तस्कर की अचल संपत्ति (दुकानें और ढाबे), को मादक पदार्थों के संबंधित एक अधिनियम के प्रावधानों के तहत कुर्क किया गया है।

# जनता का पैसा जनहित में ही लगेगा: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास पर खर्च होने वाला पैसा जनता का है। मुख्यमंत्री या मंत्री इसे नहीं दे रहे, केवल उसका उचित नियोजन कर रहे हैं। जनता का पैसा जनहित में ही खर्च होगा। यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन और प्रेरणा है।

मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लखनऊ नगर निगम में महापौर के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 413 करोड़ रुपये की 342 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। साथ ही 'स्वच्छ-सुंदर-समर्थ लखनऊ' पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता का आभार जताते हुए कहा कि पहली बार सभी 17 नगर निगमों में मेयर की सीटें भाजपा की झोली में गईं। सभी नगर निगमों में भाजपा का बोर्ड बना। इसका परिणाम है कि तीन वर्ष में नगर निगम ने विकास और स्वच्छता के नए प्रतिमान स्थापित किए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के पापों के गड्ढों को भरने और भ्रष्टाचार के कूड़े को साफ करने में समय लगा। सीएम ने सभी 17 नगर निगमों के महापौर, 200 नगर पालिका परिषद, 545 नगर पंचायतों के चेयरमैन और लगभग 14 हजार पार्षदों को तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां 30 वर्षों से कूड़ा डंप होता था, वहां अब राष्ट्र प्रेरणा स्थल बन गया है। यहां डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

■ पिछली सरकारों के गड्ढे भरने में लगा समय

### स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सीधे आम आदमी तक पहुंचे: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभागों की समीक्षा में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर सीधे आम आदमी को दिखना चाहिए। उन्होंने सरकारी अस्पतालों में इलाज, जांच, दवाओं और आपात सेवाओं की गुणवत्ता लगातार बेहतर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग संस्थानों और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को आधुनिक तकनीक, बेहतर मानव संसाधन और प्रभावी प्रबंधन से सशक्त बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों का सबसे बड़ा सहारा बन रही है। उन्होंने क्लेम दावों का तय समय में निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। बताया गया कि प्रदेश में 6480 अस्पताल योजना से जुड़े हैं और अब तक 96.75 लाख से अधिक निःशुल्क उपचार हो चुके हैं।

# यूपी में 28 से आंधी व बारिश के आसार

**लखनऊ, वार्ता**



■ 60 से 70 किमी की स्पीड से चलेंगी हवाएं

प्रचंड गर्मी और लू के थपेड़ों का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश के लोगों को 28 मई से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने 26 और 27 मई के लिए कई जिलों में रेड वार्निंग जारी की है। हालांकि 28 मई से मौसम करवट लेगा और तेज आंधी, बारिश तथा गरज-चमक के चलते तापमान में छह से आठ डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना जताई गई है। इसके बाद 29 मई से प्रदेशवासियों को भीषण गर्मी और लू से राहत मिलने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के अनुसार वर्तमान में प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं है। पश्चिमी और दक्षिणी उत्तर प्रदेश में गर्म एवं शुष्क पछुआ हवाओं के कारण तापमान लगातार बढ़ रहा है। अगले 48 घंटों तक दिन में भीषण लू और रात में भी गर्मी बनी रहेगी। 26 और 27 मई को बांदा, आगरा, जालौन, हमीरपुर, महोबा और झांसी में भीषण लू चलने की संभावना जताई गई है। वहीं मथुरा, हाथरस और फिरोजाबाद भी गंभीर गर्मी की चपेट में रहेंगे। कानपुर नगर, कानपुर देहात, प्रयागराज, मेरठ, अलीगढ़, इटावा, औरैया समेत कई जिलों में भी लू का प्रभाव बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार 28 मई से पश्चिमी विक्षोभ और पुरवा हवाओं के असर से प्रदेश में मौसम बदलना शुरू होगा। कई जिलों में तेज आंधी, गरज-चमक और बारिश की संभावना है। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हो सकती है। 28 और 29 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिनके झोंके 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। 29 और 30 मई को रायबरेली, लखनऊ, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर और आसपास के जिलों में मेघगर्जन, वज्रपात और तेज आंधी का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर में धूप से बचने, पर्याप्त पानी और तरल पदार्थ लेने, हल्के सूती कपड़े पहनने तथा जरूरत न होने पर घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

# कच्चे तेल की कीमतों में कमी के बावजूद नहीं मिल रही राहत

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने के बावजूद वह जनता को राहत नहीं दे रही है, बल्कि अपना खजाना भरने में मशगूल है।

खड़गे ने मंगलवार को आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 26 मई 2014 को जब नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद संभाला था, उस समय भारतीय बास्केट का कच्चा तेल 108.05 डॉलर प्रति बैरल था और डॉलर-रुपया विनिमय दर 58.59 रुपये थी। तब पेट्रोल 71.51 रुपये और डीजल 56.71 रुपये प्रति लीटर मिल रहा था। उन्होंने कहा कि आज कच्चे तेल की कीमत 99 डॉलर प्रति बैरल से कम है, लेकिन पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़कर क्रमशः 102.12 रुपये और 95.20 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

खड़गे ने कहा कि इस दौरान पेट्रोल करीब 42.8 प्रतिशत और डीजल करीब 67.9 प्रतिशत महंगा हो चुका है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों का असर केवल ईंधन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन, खाद्य वस्तुओं और रोजमर्रा की जरूरतों पर भी पड़ता है, जिससे आम आदमी पर महंगाई का बोझ बढ़ता है।

## पीक डिमांड 31,804 मेगावाट पहुंची, यूपीपीसीएल नहीं खरीद पाया बिजली

# यूपी में बिजली संकट गहराया, लोग दुखी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ यूपीपीसीएल पारंपरिक रूप से गर्मियों में पीक डिमांड को मैनेज करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज पर निर्भर रहा है

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में मांग और आपूर्ति के बीच बढ़ती खाई के चलते बिजली संकट गहरा गया है। पीक आवर में मांग पूरी करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज पर बिजली खरीद के लिए उपलब्ध ही नहीं है।

यूपीपीसीएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य बिजली निगम हर दिन शाम के पीक आवर में मांग-आपूर्ति का अंतर पाटने के लिए एक्सचेंज पर बोली लगा रहा है। लेकिन हाल के दिनों में एक यूनिट भी नहीं खरीद पाया है, क्योंकि बाजार में सरप्लस बिजली उपलब्ध ही नहीं है। अधिकारी ने कहा कि यूपीपीसीएल पारंपरिक रूप से गर्मियों में पीक डिमांड को मैनेज करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज पर निर्भर रहा है। लेकिन इस साल सभी राज्यों में एक साथ असाधारण रूप से अधिक मांग के कारण शॉर्ट-टर्म खरीद का यह जरिया बेअसर हो गया है। रविवार रात प्रदेश की बिजली मांग इस सीजन के सबसे ऊंचे स्तर 31,804 मेगावाट पर पहुंच गई। यह न केवल उप्र बल्कि देश में भी सबसे अधिक मांग में से एक है। तापमान अधिक रहने से आने वाले दिनों में मांग और बढ़ने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि दिन के समय सौर ऊर्जा से कुछ राहत मिल जाती है और आपूर्ति-मांग का अंतर कम हो जाता है। लेकिन बड़ी चुनौती रात में आती है, जब सौर बिजली उपलब्ध नहीं होती और मांग और बढ़ जाती है।

सूत्रों के अनुसार एक्सचेंज पर जो भी सीमित बिजली उपलब्ध हो रही है, वह सीलिग रेट 10 रुपये प्रति यूनिट पर बिक रही है। इससे मांग के भारी दबाव का पता चलता है। हर राज्य को अभी बिजली चाहिए, इसलिए एक्सचेंज पर बेचने के लिए किसी के पास सरप्लस नहीं है।

### सीएम ने दिया था बिजली खरीदने का आदोश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि जितनी जरूरत हो उतनी बिजली खरीदी जाए। उन्होंने कहा कि आपूर्ति सुनिश्चित करने में वित्तीय बाधा नहीं आनी चाहिए। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि अब चुनौती पैसे की नहीं, उपलब्धता की है। उन्होंने कहा कि कई राज्यों के साथ बैंकिंग सिस्टम के तहत द्विपक्षीय व्यवस्था एक बड़ा सहारा बनी है। इसके तहत राज्य एक-दूसरे को बिजली देते हैं और बाद में हिंसाब बराबर करते हैं। पीक डेफिसट 2,000 मेगावाट से अधिक होने के बावजूद अधिकारियों का दावा है कि कोई अतिरिक्त लोड शेडिग नहीं की जा रही है। लोड के पुनर्वितरण से आपूर्ति प्रबंधित की जा रही है। यूपीपीसीएल के एमडी नितीश कुमार ने कहा कि यह सच है कि एक्सचेंज पर खरीद के लिए बिजली उपलब्ध नहीं है, क्योंकि इस साल पूरा देश ऐतिहासिक मांग का सामना कर रहा है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76009.70 |
| निफ्टी | 23913.70 |
| सोना | 158000 प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 266000 प्रति किलो |

## प्रमुख सूचकांकों में गिरावट, बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के शेयर टूटे

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांकों में गिरावट देखी गई और बैंकिंग तथा वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हावी रही। बीएसई का सेंसेक्स 479.26 अंक (0.63 प्रतिशत) टूटकर 76,009.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक भी 118 अंक यानी 0.49 प्रतिशत नीचे 23,913.70 अंक पर आ गया।

सुबह गिरावट में खुलने के बाद कुछ देर के लिए दोनों प्रमुख सूचकांक हरे निशान में गए थे, लेकिन दोपहर बाद बिकवाली होने से फिर लाल निशान में चले गए। अमेरिका ने सोमवार रात ईरान पर फिर हमले किए हैं। इससे बाजार में निवेश धारणा कमजोर हुई है। रुपये में 50 पैसे से ज्यादा की गिरावट ने भी बाजार पर दबाव बनाया। भारतीय मुद्रा फिलहाल 51 पैसे टूटकर 95.77 रुपये प्रति डॉलर पर है। वृहत बाजार में मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों में बढ़त बरकरार रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.51 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.35 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। बैंकिंग, वित्त, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रियलटी सेक्टरों में गिरावट रही, जबकि धातु और रसायन सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल का शेयर डेढ़ फीसदी गिर गया। ट्रेंट, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, टाइटन, एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा टूटे। आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बीईएल और इंडिगो के शेयर भी लाल निशान में रहे।

## सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 1 किलो चांदी की कीमत 4,750 रुपए कम होकर 2.66 लाख रुपए पर आ गई है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,135 रुपए गिरकर 1.58 लाख रुपए हो गया है। सोने में इस साल की शुरुआत में तेजी दिखी थी, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में मुनाफावसूली और वैश्विक कारणों से इसमें गिरावट आई है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यह अपने ऑलटाइम हाई से काफी नीचे आई है। आमतौर पर जंग के माहौल में सोने-चांदी के दाम बढ़ते हैं, लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग है। मिडिल ईस्ट जंग के कारण निवेशक जोखिम नहीं लेना चाह रहे हैं। वे अपने सोना और चांदी को बेचकर कैश इकट्ठा कर रहे हैं, ताकि अनिश्चितता के समय उनके पास लिक्विड मनी रहे।

## चावल, गेहूं, दालों व चीनी में नरमी

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में उठाव कम रहने से मंगलवार को अधिकतर उत्पादों के भाव टूट गए। चावल, गेहूं, दालों और चीन में नरमी रही। अधिकतर खाद्य तेलों में भी गिरावट रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 17 रुपये घटकर 3,855 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं छह रुपये टूटकर 2,781 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी तीन रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल औसतन 17 रुपये और उड़द दाल चार रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। चना दाल, मूंग दाल और मसूर दाल के भाव कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही रहे। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा 24 रिंगिट चढ़कर 4,497 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.32 प्रतिशत टूटकर 73.74 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 34 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। अन्य खाद्य तेलों में नरमी रही। वनस्पति 28 रुपये और सूरजमुखी तेल 27 रुपये फिसल गया। सोया तेल 21 रुपये और पाम ऑयल 11 रुपये सस्ता हुआ। मूंगफली तेल में भी छह रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल घट गया। चीनी भी सात रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7694.28 रुपये, मसूर काली 8127.32 रुपये, मूंग दाल 10162.17 रुपये, उड़द दाल 10842.88 रुपये, तुअर दाल 11244.50 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2781.03 रुपये और चावल 3855.32 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3257.14 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी.गुड़: चीनी एस 4327.85 रुपये और गुड़ 5036.42 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## यूपी में फर्जी एनकाउंटर कराती है बीजेपी सरकार



■ जाति देखकर चलता है बुलडोजर: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में बीजेपी के बुलडोजर एक्शन से लेकर फर्जी एनकाउंटर तक के मुद्दों पर अपनी बात रखी। अखिलेश ने कहा कि इस सरकार में न्याय मिलना मुश्किल है। यूपी में बुलडोजर जाति देखकर चलता है, बीजेपी सरकार फर्जी एनकाउंटर कराती है।

इस दौरान अखिलेश ने हाथरस की बेटी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उसके साथ 2020 में जो हुआ, उसी तरह का लगभग 2026 में भी देखने को मिल रहा है। आंकड़े बताते हैं कि सरकार हर चीज को छिपाना भी चाहती है और अपने संसाधनों की ताकत से वो जनता तक अपनी सच्चाई भी नहीं पहुंचने देना चाहती है। सपा मुखिया अखिलेश ने कहा कि फेक एनकाउंटर को लेकर कोई पहली बार बात नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि कल भी जो देखने को मिला, परिवार के लोग कहते हैं और जो खबरें आ रही है, उनसे लगता है कि फेक एनकाउंटर करने की साजिश यह सरकार लगातार करती रहती है। यूपी में मर्जी के हिसाब से फर्जी एनकाउंटर हो रहा है, यहां एनकाउंटर वर्चस्व की धाक जमाने के लिए किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि एक एनकाउंटर को सामान्य रूप से मुठभेड़ कहते हैं। हिंसक और आपराधिक गतिविधियों के लिए तब तक कोई जगह नहीं, जब तक कोई अपने स्वार्थ के लिए इसका दुरुपयोग ना करे। फर्जी एनकाउंटर के माध्यम से मेंटल सॉफ्टवेयर को सेट किया जाता है, लेकिन अपडेट या अपग्रेड नहीं किया जाता। एनकाउंटर से मानस में हिंसा को भरा जाता है, हत्या को जायज ठहराया जाता है और जेंडर के जमाने की उस रूढ़िवादी मानसिकता को वापस लाया जाता है ,जो कहती है कि शक्ति ही अधिकार है। अखिलेश ने कहा कि फर्जी एनकाउंटर लोकतांत्रितक व्यवस्था के विरुद्ध एक बहुत बड़ा षड्यंत्र है। फर्जी एनकाउंटर संविधाान में दिए गए न्याय के राज और सामाजिक न्याय के राज को सिरे से नकारता है. सरकार में लोग अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। फर्जी एनकाउंटर करने वाले सरकार नहीं, गुनहगार हैं। जिस एनकाउंटर के पीछे मर्जी चले, समझो वो फर्जी है, यूपी में मर्जी के हिसाब से एनकाउंटर हो रहा है।

## एनआईए ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से 14 लोगों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगे न्यायिक अधिकारियों को कथित तौर पर बंधक बनाने, हिंसक विरोध प्रदर्शन और रास्ता जाम करने के मामले में पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से 14 और लोगों को गिरफ्तार किया है। यह मामला एक अप्रैल को मालदा के कालियाचक-द्वितीय ब्लॉक के मोथाबारी में हुई घटना से जुड़ा है। वहां मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का विरोध कर रही एक उग्र भीड़ ने तीन महिला अधिकारियों सहित सात न्यायिक अधिकारियों को कई घंटों तक कथित तौर पर बंधक बना लिया था। एनआईए की टीमों ने सोमवार देर रात मालदा के कालियाचक और मोथाबारी में कई ठिकानों पर छापेमारी कर ए गिरफ्तारियां कीं। इन गिरफ्तारियों के बाद इस घटना के सिलसिले में पकड़े गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 68 हो गई है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल में जब ए न्यायिक अधिकारी मतदाता सूची के सत्यापन कार्य की निगरानी के लिए तैनात थे, तब सैकड़ों निवासी ब्लॉक विकास कार्यालय (बीडीओ) के बाहर जमा हो गए।

# किसानों की आत्महत्याएं नहीं रुकेंगी

## कीटनाशक पर प्रतिबंध लगाने की मांग पर बोली क्रॉपलाइफ इंडिया कंपनी

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ पैराक्वाट डाइक्लोराइड व कार्बोसल्फान की समीक्षा हो

केंद्र सरकार के तेलंगाना में प्रतिबंध और जहर से होने वाली मौतों पर चिंता के बाद फसल सुरक्षा उत्पादों 'पैराक्वाट डाइक्लोराइड' और 'कार्बोसल्फान' की बिक्री की समीक्षा किए जाने के बीच, क्रॉपलाइफ इंडिया ने आग्रह किया है कि कोई भी निर्णय किसानों की आत्महत्या के वास्तविक कारणों की स्पष्ट समझ और गंभीर तनाव से जूझ रहे किसानों पर इस प्रतिबंध के पड़ने वाले व्यावहारिक असर को ध्यान में रखकर ही लिया जाना चाहिए।

संगठन का कहना है कि किसी उत्पाद पर प्रतिबंध लगाने से साधन तो हट जाता है, लेकिन समस्या का मूल कारण खत्म नहीं होता। वास्तव में, किसी उत्पाद को प्रतिबंधित करने से वह संकट और गहरा सकता है, जो किसी किसान को अपनी जान लेने के लिए मजबूर करता है। वैज्ञानिक अध्ययनों और साक्ष्यों से यह स्पष्ट है कि किसानों की आत्महत्या के पीछे कर्ज, फसल की बर्बादी, वैकल्पिक आजीविका का अभाव और फसल खराब होने पर ऋण चुकाने में असमर्थता जैसे निरंतर बने रहने वाले मुख्य कारण हैं। उदाहरण के लिए, 'इंडियन जर्नल ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन' में प्रकाशित वर्ष 2024 के एक गुणात्मक अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में किसानों की आत्महत्या के मुख्य कारण मानसिक स्वास्थ्य के बजाय आर्थिक हैं, जिसमें कर्ज और उसके कारण पैदा हुआ ऋण-जाल सबसे प्रमुख कारक है। इसी तरह 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट एंड डेवलपमेंट' के एक अन्य अध्ययन के अनुसार किसानों की आत्महत्या का सीधा संबंध वर्षा की स्थिति से है। पांच अत्यधिक प्रभावित राज्यों के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि वर्षा में पांच प्रतिशत के बदलाव पर जहां प्रतिवर्ष औसतन 810 किसानों की आत्महत्या के मामले दर्ज किए गए, वहीं वर्षा में 25 प्रतिशत की कमी होने पर यह संख्या बढ़कर 1,188 तक पहुंचने का अनुमान है। इसी अध्ययन में पाया गया कि जिन क्षेत्रों में गारंटीकृत रोजगार और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध थी, वहां फसल खराब होने के बाद भी आत्महत्या के मामलों में कमी देखी गई। इन साक्ष्यों से साफ है कि आत्महत्या एक गहरे संकट का लक्षण है, और महत्वपूर्ण फसल सुरक्षा उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने से यह संकट और बढ़ सकता है। क्रॉपलाइफ इंडिया ने सभी हितधारकों और उद्योग जगत से आग्रह किया है कि वे सरकार द्वारा आय सहायता, फसल बीमा, संस्थागत ऋण और ग्रामीण रोजगार गारंटी के माध्यम से तैयार किए गए सुरक्षा चक्र को और मजबूत करें ताकि किसानों को इस संकट से उबारा जा सके। खरीफ बुवाई के सीजन की शुरुआत को देखते हुए यह मामला बेहद संवेदनशील और जरूरी हो जाता है। क्रॉपलाइफ इंडिया ने सरकार से खेतों की व्यावहारिक आवश्यकताओं पर विचार करने का अनुरोध किया है, क्योंकि किसान इस साल के लिए अपनी लागत की योजना और प्रतिबद्धता पहले ही तय कर चुके हैं। सीजन के बीच में किफायती और स्थापित खरपतवार एवं कीट नियंत्रण विकल्पों को अचानक रोकने से किसानों की लागत बढ़ेगी ।

उत्तराखण्ड शासन

उत्तराखण्ड 25 रजत जयंती वर्ष

गौरव, विकास और संकल्प का पर्व

# देवभूमि उत्तराखण्ड

## विकास भी, विरासत भी





"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"

**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री

"माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।"

**पुष्कर सिंह धामी,** मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

### इंफ्रास्ट्रक्चर एवं कनेक्टिविटी



- केदारनाथ–हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजना
- दिल्ली–देहरादून एलिवेटेड रोड निर्माण
- ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन प्रगति पर
- टनकपुर–बागेश्वर रेल सर्वे स्वीकृत
- सौंग व जमरानी बांध परियोजना
- पर्वतीय जिलों में हेली सेवा विस्तार

### हरित ऊर्जा एवं ग्रामीण विकास

- केदारनाथ–हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजना
- दिल्ली–देहरादून एलिवेटेड रोड निर्माण
- ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन प्रगति पर
- टनकपुर–बागेश्वर रेल सर्वे स्वीकृत
- सौंग व जमरानी बांध परियोजना
- पर्वतीय जिलों में हेली सेवा विस्तार



### सुशासन



- 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान
- 30,000+ युवाओं को सरकारी नौकरी
- 950+ सेवाएं ऑनलाइन (अपुणि सरकार पोर्टल)
- 12,000 एकड़ अतिक्रमण मुक्त
- पेंशन योजनाओं में वृद्धि एवं मासिक भुगतान

### नेशनल लेवल रैंकिंग व प्रोत्साहन

- निर्यात तैयारी सूचकांक में प्रथम (छोटे राज्य)
- एसडीजी इंडेक्स में शीर्ष स्थान
- स्टार्टअप रैंकिंग में 'लीडर'
- खनन सुधारों में देश में दूसरा स्थान
- शहरी सुधारों हेतु ₹264.5 करोड़ केंद्र प्रोत्साहन



### अर्थव्यवस्था, निवेश एवं उद्योग



- ₹3.56 लाख करोड़ निवेश समझौते
- ₹1 लाख करोड़+ ग्राउंडिंग
- अर्थव्यवस्था 26 गुना वृद्धि
- ₹1 लाख करोड़+ वार्षिक बजट
- खुरपिया में स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप
- हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड

### संस्कृति एवं विरासत का संरक्षण

- केदारनाथ–बदरीनाथ मास्टर प्लान
- मानसखण्ड मंदिर माला मिशन
- गीता अध्ययन पाठ्यक्रम में शामिल
- दून विश्वविद्यालय में हिंदू अध्ययन केंद्र
- स्पिरिचुअल इकोनॉमिक ज़ोन (गढ़वाल-कुमाऊं)



## कनेक्टिविटी: सड़क, रेल, रोपवे और हवाई संपर्क से सुदृढ़ होती अर्थव्यवस्था...

**उत्तराखंड विकास के नए चरण में प्रवेश कर रहा है, जहां हवाई, रेल और सड़क संपर्क की मजबूती यहां के पहाड़ों, मंदिरों और कस्बों के द्वार पहले से कहीं अधिक व्यापक रूप से खोल रही है। बेहतर कनेक्टिविटी पर्यटन को सालभर के लिए सुगम बना रही है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति दे रही है ।**

राज्य महत्वाकांक्षी कनेक्टिविटी परियोजनाओं के माध्यम से अपने पर्यटन परिदृश्य को व्यवस्थित रूप से बदल रहा है। ऊंचे हिमालय में रोपवे से लेकर एक्सप्रेसवे, रेल कॉरिडोर और विस्तारित हवाई सेवाओं तक, हर पहल यात्रा को तेज, सुरक्षित और अधिक सुविधाजनक बना रही है। इन परियोजनाओं से न केवल तीर्थयात्राएं और अवकाश यात्राएं आसान हो रही हैं, बल्कि सभी मौसमों में पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय व्यापार और रोजगार को भी बल मिल रहा है।

### यात्रा को सुगम बनाती रोपवे परियोजनाएं

सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक केदारनाथ रोपवे प्रॉजेक्ट है, जो सोनप्रयाग



को केदारनाथ धाम से जोड़ेगा। इसके पूर्ण होने पर यात्रा समय में भारी कमी आएगी और लंबी पैदल चढ़ाई के स्थान पर सुरक्षित व आरामदायक विकल्प उपलब्ध होगा। इसी तरह हेमकुंट साहिब रोपवे परियोजना उच्च हिमालयी क्षेत्र स्थित पवित्र सिख तीर्थ तक पहुंच को सुगम बनाएगा, जिससे बुजुर्ग श्रद्धालुओं और परिवारों को विशेष सुविधा मिलेगी। देहरादून-मसूरी रोपवे परियोजना देहरादून और मसूरी के बीच यात्रा समय घटाएगा तथा पहाड़ी मार्ग पर यातायात दबाव कम करेगा। इससे मसूरी एक त्वरित वीकेंड गेटवे के रूप में और आकर्षक बनेगा।

इसके अलावा सुरकंडा देवी मंदिर रोपवे परियोजना धार्मिक स्थलों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित कर रहा है, जिससे कठिन चढ़ाई वाले मार्गों पर दबाव कम होगा और अधिक श्रद्धालु सुरक्षित रूप से दर्शन कर सकेंगे।



### पर्यटन पहुंच को आसान बनाती ऑल वेदर रोड़ परियोजना...

चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना का उद्देश्य यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ तक सुगम एवं विश्वसनीय सड़क संपर्क प्रदान करना है। प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण से मौसमी बाधाएं कम होंगी और सड़क सुरक्षा में सुधार होगा। साथ ही दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा समय को काफी कम करेगा, जिससे उत्तराखंड की पहुंच और भी आसान होगी।



### बेहतर रेल संपर्क से होगी समय की बचत

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना क्षेत्र की सबसे महत्वाकांक्षी रेल परियोजनाओं में से एक है। इसके शुरु होने पर गढ़वाल के कई महत्वपूर्ण कस्बे राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जुड़ जाएंगे। इससे चारधाम के तीर्थयात्रियों के साथ-साथ साहसिक और अवकाश पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा। बेहतर रेल संपर्क से यात्रा थकान घटेगी और दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच अधिक विश्वसनीय बनेगी।

### आरामदायक सफर का विकल्प वन्देभारत एक्सप्रेस ट्रेन

देहरादून - दिल्ली और देहरादून - लखनऊ मार्ग पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत से यात्रा और अधिक सुविधाजनक हो गई है। ये अर्ध-उच्च गति ट्रेनें समय की बचत के साथ आरामदायक सफर का विकल्प देती हैं, जिससे छोटी अवधि की यात्राएं भी आसान हो गई हैं।

### पहाड़ी क्षेत्रों तक पहुंच को सुलभ बना रही उड़ान योजना

उड़ान योजना के तहत हेलीकॉप्टर सेवाओं ने विशेषकर तीर्थ सीजन में पहाड़ी क्षेत्रों तक पहुंच को सुलभ बनाया है। इससे लंबी यात्रा अवधि घटती है और दूरस्थ क्षेत्रों तक हवाई मार्ग से तेज पहुंच संभव होती है। वहीं देहरादून स्थित जॉली ग्रांट हवाई अड्डा का विस्तार किया जा रहा है और भविष्य में इसे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने की योजना है। इससे घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है, जिससे उत्तराखंड की वैश्विक पर्यटन पहचान मजबूत होगी।

**उत्तराखंड सड़कों, रेलमार्गों, रोपवे परियोजनाओं और हवाई सेवाओं को उन्नत कर तीर्थ और पर्यटन पहुंच को आसान बना रहा है। इन पहलों का उद्देश्य यात्रा में लगने वाले समय को कम करना, सुरक्षा बढ़ाना और पूरे वर्ष आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करना है ।**

### सुलभ सुरक्षित और सतत् पर्यटन गंतव्य की दिशा में अग्रसर उत्तराखण्ड

इन सभी परियोजनाओं से स्पष्ट है कि उत्तराखंड अपनी परिवहन प्रणाली को आधुनिक और समन्वित रूप से विकसित कर रहा है। बेहतर कनेक्टिविटी न केवल यात्रा को आसान बना रही है, बल्कि स्थानीय व्यवसायों को प्रोत्साहन, रोजगार सृजन और पर्यटन सीजन को लंबा करने में भी सहायक है।

मजबूत सड़क, रेल, रोपवे और हवाई नेटवर्क के साथ उत्तराखंड एक अधिक सुलभ, सुरक्षित और सतत पर्यटन गंतव्य के रूप में उभर रहा है, जहां प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक धरोहर का अनुभव अब और अधिक आरामदायक तथा सुविधाजनक हो गया है।



**चारधाम यात्रा में हम कुछ न कुछ संकल्प लेकर अपने मूल स्थान से देवभूमि के लिए आते हैं। इसी क्रम में, मैं भी आपसे पांच संकल्पों का आग्रह करना चाहता हूं: – नरेन्द्र मोदी**

**पहला संकल्प** - स्वच्छता सर्वोपरि

**दूसरा संकल्प** - प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता

**तीसरा संकल्प** - सेवा, सहयोग और एकता पर बल

**चौथा संकल्प** - वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा

**पांचवां संकल्प** - अनुशासन, सुरक्षा और मर्यादा का पालन



**सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।**

www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

# रुद्रप्रयाग में साइबर ठगों का बड़ा खेल

## केदारनाथ हेली टिकट के नाम पर आंध्र प्रदेश के 22 श्रद्धालुओं से 2.65 लाख की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** चारधाम यात्रा के बीच साइबर ठग अब आस्था को निशाना बनाकर श्रद्धालुओं की मेहनत की कमाई लूट रहे हैं। विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा में एक बार फिर हेलीकॉप्टर टिकट के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। इस बार आंध्र प्रदेश से बाबा केदार के दर्शन को पहुंचे 22 सदस्यीय श्रद्धालु दल को साइबर अपराधियों ने अपना शिकार बनाया और उनसे करीब 2 लाख 65 हजार रुपये की ठगी कर ली।



जानकारी के अनुसार आंध्र प्रदेश के चित्तूर-तिरुपति ग्रामीण क्षेत्र से आए श्रद्धालु दल के सदस्य जी. वीरा राघावलू ने बताया कि वे ऑनलाइन माध्यम से केदारनाथ धाम के लिए हेली टिकट बुक करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन उन्हें टिकट उपलब्ध नहीं हो पा रहे थे।

### ■ धाम पहुंचने पर खुली फर्जीवाड़े की पोल

इसी दौरान उनके पास एक कॉल आई, जिसमें खुद को अधिकृत एजेंट बताने वाले व्यक्ति ने 22 लोगों के हेलीकॉप्टर टिकट उपलब्ध कराने का भरोसा दिया।

ठग ने अलग-अलग किस्तों में श्रद्धालुओं से पैसे ट्रांसफर करवाए और टिकट बुक होने का दावा करते हुए कथित टिकट भी भेज दिए। श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ केदारघाटी पहुंचे, लेकिन बीते सोमवार को जब वे हेलीपैड पर यात्रा के लिए पहुंचे तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। जांच में पता चला कि सभी टिकट पूरी तरह फर्जी हैं।

जब पीड़ितों ने आरोपी से संपर्क करने की कोशिश की तो उसका मोबाइल नंबर बंद मिला। इसके बाद श्रद्धालुओं को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। यात्रा के उत्साह के बीच अचानक हुए इस धोखे ने पूरे दल को मान. सिक रूप से झकझोर कर रख दिया।

गौरतलब है कि केदारनाथ धाम के लिए संचालित हेली सेवाओं के नाम पर हर वर्ष देशभर के श्रद्धालु साइबर ठगों के निशाने पर रहते हैं। फर्जी वेबसाइट, नकली सोशल मीडिया पेज और व्हाट्सएप कॉल के जरिए ठग लोगों को भ्रमित कर लाखों रुपये ऐंठ रहे हैं।

उत्तराखंड साइबर पुलिस लगातार ऐसे फर्जी पोर्टल और फेसबुक पेज ब्लॉक कर रही है, बावजूद इसके साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर श्रद्धालुओं को जाल में फंसा रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने तीर्थ यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि केदारनाथ हेली टिकट केवल अधिकृत और आधिकारिक प्लेटफॉर्म से ही बुक करें। किसी अनजान कॉल, लिंक, सोशल मीडिया पोस्ट या निजी एजेंट के झांसे में न आएं। उन्होंने कहा कि हेलीकॉप्टर टिकट केवल आईआरसीटीसी से ही बुक किए जाएं।

चारधाम यात्रा के दौरान बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या के बीच यह मामला एक बार फिर साबित करता है कि साइबर ठग अब धार्मिक आस्था को भी नहीं छोड़ रहे हैं। ऐसे में यात्रियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध वेबसाइट या कॉल की सूचना तुरंत साइबर पुलिस को देने की जरूरत है।

## गैस व पेयजल आपूर्ति न होने से ग्रामीणों में आक्रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के ग्रामीण क्षेत्रों में गहराते पेयजल और घरेलू गैस संकट पर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इस संदर्भ में सामाजिक कार्यकर्ता अचल नेगी ने उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर को शिकायत पत्र प्रेषित करते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीण लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं, लेकिन संबंधित विभागों की ओर से प्रभावी समाधान नहीं किया जा रहा है।

शिकायत पत्र अचल नेगी ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित हिंडोलाखाल डांडा पिक पंपिंग पेयजल योजना के बावजूद धरूड़ न्याय पंचायत के गैंडधार, श्रीकोट, पेंडुला, पंचूर, धरूड़, छड़ी, मोलखाल, ऊठोंडी और चामी सहित कई गांवों में नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है। कई स्थानों पर तीन-तीन दिन या एक सप्ताह बाद पानी मिल

### ■ ग्रामीण क्षेत्रों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किए जाने की मांग

रहा है, जबकि कुछ क्षेत्रों में दूषित जल की भी शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे ग्रामीणों को दूरस्थ प्राकृतिक जल स्रोतों पर निर्भर होना पड़ रहा है। वहीं दूसरे ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि मां चंद्रब. दनी गैस एजेंसी, अंजनीसैंण द्वारा कंडी, बडेरा, कोल कंडी, जरौला समेत कई क्षेत्रों में पिछले लगभग तीन माह से घरेलू गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति नहीं की जा रही है। इसके चलते लोगों को लकड़ी और पारंपरिक ईंधन का सहारा लेना पड़ रहा है। गैस संकट का असर विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से पेयजल व्यवस्था और गैस वितरण प्रणाली की जांच कर प्रभावित क्षेत्रों में शीघ्र स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है।

## श्रीनगर में पेट्रोल-डीजल की किल्लत से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत पेट्रोल और डीजल की कमी से मंगलवार को लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। करीब पांच किलोमीटर के दायरे में स्थित कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल उपलब्ध नहीं होने से वाहन चालकों को श्रीनगर, श्रीकोट और फरासू तक चक्कर लगाने पड़े। ईंधन संकट के चलते अधिकांश पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिलीं।

कई स्थानों पर वाहनों की भीड़ के कारण जाम जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो गई। जीएमओ पेट्रोल पंप के संचालक जितेंद्र पुंडीर ने बताया कि सोमवार देर रात पेट्रोल और डीजल के टैंकर श्रीनगर पहुंच गए थे,

### ■ पंपों पर लगी लंबी कतारें, जाम की स्थिति हुई उत्पन्न

जिसके बाद मंगलवार सुबह से ईंधन वितरण शुरू कर दिया गया। बताया कि चारधाम यात्रा के चरम पर होने के कारण पेट्रोल और डीजल की मांग अचानक बढ़ गई है। कहा कि पंपों पर हरियाणा, पंजाब समेत अन्य राज्यों से आने वाले वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे खपत सामान्य दिनों की तुलना में कहीं अधिक हो गई है। बताया कि मंगलवार दोपहर 12 बजे तक करीब 9 हजार लीटर पेट्रोल समाप्त हो गया था। इसके बाद दोपहर करीब दो बजे चार हजार लीटर पेट्रोल का नया स्टॉक पहुंचा। पेट्रोल पंप पर टैंकर पहुंचते ही वाहन चालकों की लंबी लाइनें लग गईं।

## गढ़वाल विवि और सीटीसी एसएसबी के बीच हुआ एमओयू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, और केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र (सीटीसी) एसएसबी, श्रीनगर गढ़वाल के बीच सोमवार को आपसी सहयोग एवं समन्वय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के तहत दोनों संस्थान प्रशिक्षण, शिक्षा, अनुसंधान, कौशल विकास, खेल, योग, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण सहित अन्य पारस्परिक हितों के क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। साथ ही विद्यार्थियों एवं कार्मिकों के लिए विभिन्न शैक्षणिक और प्रशिक्षण गतिविधियों का संचालन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने भविष्य में संयुक्त कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर सहमति जताई। वक्ताओं ने कहा कि यह समझौता ज्ञान, अनुभव और संसाधनों के आदान-प्रदान को मजबूत करने के साथ-साथ



### ■ प्रशिक्षण व शोध गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

विद्यार्थियों और कार्मिकों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, सीटीसी एसएसबी श्रीनगर के डीआईजी सुभाष चंद्र नेगी, एसएसबी के कमांडेंट एसबी चंद, कुलसचिव प्रो. वाईपी रैवानी, उप कमांडेंट अरुण बियाला, प्रो. महेंद्र बाबू कुरुवा तथा सहायक कुलसचिव एसपी बदल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### ग्लास हाउस क्षेत्र में पेयजल संकट से लोग परेशान

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत ग्लास हाउस क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुचारू न होने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गढ़वाल विश्वविद्यालय के हैप्रेक संस्थान में भी पानी की आपूर्ति ठप रहने से प्रयोगशालाओं का कार्य प्रभावित हो गया है। ग्लास हाउस निवासी मोहन चंद्र सती ने बताया कि पिछले एक-दो दिनों से क्षेत्र में नियमित रूप से पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। कहा कि पर्याप्त फोर्स नहीं होने के कारण पानी ऊंचाई पर स्थित टंकियों तक नहीं चढ़ पा रहा है, जिससे लोगों को दैनिक कार्यों में दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। उन्होंने जल संस्थान से जल्द समस्या के समाधान की मांग की है। इधर, जल संस्थान के सहायक अभियंता अर्पित मित्तल ने बताया कि ग्लास हाउस क्षेत्र में उपभोक्ताओं की संख्या अधिक होने के कारण वर्तमान व्यवस्था से पर्याप्त पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। बताया कि विभाग को इस संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं। समस्या के समाधान के लिए नई पाइपलाइन बिछाने की योजना बनाई गई है, जिसके तहत कुछ कनेक्शनों को अलग जोड़ा जाएगा। इससे क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित हो सकेगी।

### भक्तियाना स्थित शीतला माता मंदिर में त्रिदिवसीय अनुष्ठान 28 से



**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के भक्तियाना स्थित शीतला मंदिर में 28 मई से भव्य अनुष्ठान का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान मंदिर समिति की ओर से कलश स्थापना, मंडाण, जागरण और भंडारे का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। शीतला माता मंदिर समिति के सचिव सूर्य प्रकाश नौटियाल ने पत्रकार वार्ता कर बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 28 मई से 30 मई तक त्रिदिवसीय माता का पूजा अनुष्ठान आयोजित किया जा रहा है। अनुष्ठान शुरू होने से पूर्व 28 मई को कलश स्थापना के साथ सुबह से दिन तक पाठ शुरू होगा। दोपहर तीन बजे बाद मंडाण का आयोजन होगा। 29 को जागरण और भजन कार्यक्रम जबकि 30 मई को भंडारे के साथ अनुष्ठान का समापन किया जायेगा।

नौटियाल ने बताया कि माता शीतला को शीतलता की देवी माना जाता है। मान्यता है कि माता रानी को चौत माह में जात देने से घर में संक्रामक रोगों से छुटकारा मिलता है। मंदिर समिति ने श्रीनगर समेत आसपास के क्षेत्र के लोगों से अनुष्ठान में पहुंचकर माता का आशीर्वाद लेने की अपील की है। वार्ता में हिमांशु बहुगुणा, सुमित बिष्ट, दिनेश उनियाल, आदर्श बंगवाल मौजूद रहे।

### सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत में होंगे जन संवाद कार्यक्रम

**रूद्रप्रयाग।** जिला प्रशासन द्वारा संचालित "सरकार जनता के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 28 मई को विकासखंड ऊखीमठ की ग्राम पंचायत फाफंज तथा 30 मई को विकासखंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत घंडियालका में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अधिशासी अभियंता जल संस्थान एस.सी. जुयाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत फाफंज में 28 मई को पूर्वाह्न 11 बजे से जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी जाएंगी तथा संबंधित विभागों द्वारा उनके समाधान के प्रयास किए जाएंगे।

इसी क्रम में 30 मई को विकासखंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत घंडियालका में जिला उद्यान अधिकारी की अध्यक्षता में अपराह्न 12 बजे से जन संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि दोनों कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जा सके।

## योग दर्शन की व्यावहारिक उपयोगिता की दी जानकारी

**श्रीनगर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गढ़वाल विश्व. विद्यालय के प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विभाग की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के तहत योगा. सन एवं षट्कर्म और योग दर्शन विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई। गुरुकुल कांगड़ी विवि के योग विभागाध्यक्ष डॉ. उद्धम सिंह एवं डॉ. दीनदयाल ने योग दर्शन की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विभागाध्यक्ष डॉ. अनुजा रावत, डॉ. जीएस ठाकुर, डॉ. सी बेत्ताल, डॉ. रजनी नौटियाल, डॉ. किरण वर्मा, डॉ. विनोद आदि मौजूद रहे।

## भागीरथी नदी में आया लाखों टन मलबा, फिर मचा सकता है तबाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी /भटवाडी।** भागीरथी घाटी में गंगोत्री से उत्तरक. ाशी के करीब सौ किलोमीटर क्षेत्र के लिए इको सेंसेटिव जोन अभिशाप साबित हुआ है। इस घाटी में इको सेंसेटिव जोन के बंदिशें के चलते तमाम विकास कार्य लटके हुए हैं।

इसमें सबसे बड़ी आफत पांच अगस्त को धराली में खीरगंगा, समेत दर्जनों गदेरों से लाखों टन मलबा भागीरथी नदी में आ गया है। जिससे गंगा नदी का जल स्तर करीब चार मीटर ऊंचा उठा गया है। जिससे इस क्षेत्र में ईको सेंसिटिव जोन की बंदिशें के कारण जिला प्रशासन और सरकार खनन विभाग




### ■ धराली आपदा के दश महीने बाद भी नहीं बना मलबा निस्तारण का एक्शन प्लान

से ड्रेजिंग नहीं करवा पा रही।

गौरतलब है कि जनपद के भटवाड़ी अंतर्गत चढ़ेथी गांव में वर्ष 2013 से लगातार भूस्खलन की स्थिति बनी हुई है। क्षेत्रवासियों के अनुसार इसका मुख्य कारण पापड़ गाड़ है, जो बरसात के दौरान उफान पर आकर भारी मात्रा में मलबा भागीरथी नदी में ला रही है।

गत वर्ष पापड़ गाड़ का जलस्तर इतना बढ़ गया था कि मलबा गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के पुल तक पहुंच गया। इससे भागीरथी नदी में अस्थायी झील जैसी स्थिति बन गई, जिसके अवशेष आज भी दिखाई दे रहे हैं। वहीं भूधंसाव के कारण गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग का एक हिस्सा भी प्रभावित हुआ था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान में भी भागीरथी नदी में भारी मात्रा में मलबा जमा है, जिसे समय रहते नहीं हटाया गया तो आगामी बरसात में स्थिति गंभीर हो सकती है। इससे चढ़ेथी बाजार समेत क्यार्क गांव पर भी खतरा मंडरा सकता है।

ग्रामीणों के अनुसार भागीरथी नदी के कटाव से क्यार्क गांव के कई घरों में दरारें साफ दिखाई देने लगी हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पापड़ गाड़ द्वारा लाए गए आरबीएम और मलबे को शीघ्र हटाया जाए, ताकि संभावित आपदा से क्षेत्र को बचाया जा सके।

## विद्यालय के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**श्रीनगर।** अवकाश प्राप्त कर्मचारी विकास संगठन की ओर से मंगलवार को पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज श्रीनगर में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्राओं को फोल्डिंग छाता एवं स्टोल भेंट किए गए, जबकि अन्य विद्यार्थियों को बिस्किट पैकेट वित. रित किए गए। कार्यक्रम में इंटरमीडिएट की 12 एवं हाईस्कूल की सात छात्राओं को सम्मानित किया गया। संगठन के संरक्षक विमल बहुगुणा, अध्यक्ष सुरेश चंद्र मैथानी, सचिव दीनबंधु सिंह चौहान तथा सह सचिव हरि प्रसाद उनियाल ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## बकरीद के दिन होने वाली विवि की सभी परीक्षाएं स्थगित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** 28 मई को ईद उल जुहा (बकरीद) के राजकीय अवक. ाश घोषित के चलते गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय की इस तिथि को होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। साथ ही विवि प्रशासन ने परीक्षाओं की नई तिथि भी घोषित कर दी है। गढ़वाल केंद्रीय विवि के परीक्षा नियंत्रक डा. गौतम वीर ने बताया पूर्व कार्यक्रम के अनुसार, 28 मई को कृषि, बीपीएड, एमपीएड, बीएड, एमएड, बीए, बीएससी, आईटीईपी, बीफार्मा और एमबीए सहित अन्य सेमेस्टर की परीक्षाएं होनी थी, लेकिन, बकरीद के अवकाश के

### ■ विवि प्रशासन ने की नई तिथियां घोषित

कारण अब संबंधित पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 29 मई से 4 जून तक आयोजित की जाएंगी। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्र प्रभारियों, डीन और विभागाध्यक्ष को संशोधित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा का संचालन नई शिक्षा नीति से करने की मांग की है। परीक्षा नियंत्रक ने सभी परीक्षा केंद्रों और संबंधित अधिकारियों को संशोधित कार्यक्रम के अनुरूप परीक्षा संचालन के लिए व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए हैं।

## वनाग्नि पर काबू पाने के लिए वन विभाग अलर्ट मोड पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** उत्तराखंड के जंगलों में धधक रही वनाग्नि की स्थिति पर काबू पाने और उसकी प्रभावी निगरानी के लिए वन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। इसी सिल. सिले में वन संरक्षक (नोडल) डॉ. विनय भार्गव ने जनपद चमोली का दौरा किया। उन्होंने क्षेत्र में वनाग्नि की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और सुरक्षा उपायों की उच्च स्तरीय समीक्षा की।

इस दौरान डॉ. भार्गव ने समाज से भी भावुक अपील करते हुए कहा कि जंगलों को आग से बचाना केवल सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सबका सामूहिक और नैतिक कर्तव्य है। हमें



### ■ वन संरक्षक डॉ. विनय भार्गव ने किया चमोली का दौरा

सजग बनना होगा ताकि अपनी आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए इस शहरे सोनेश की रक्षा की जा सके,अधिकारियों को चौबीसों घंटे निगरानी व समीक्षा दौरान वन संरक्षक डॉ. भार्गव ने केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी मोहन सिंह से वनाग्नि से प्रभावित क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी ली और अब तक किए गए नियंत्रण प्रयासों का अपडेट मांगा। उन्होंने वनाग्नि की संवेदनशीलता को देखते हुए अधिकारियों को जंगलों की चौबीसों घंटे निगरानी रखने और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए।वन संरक्षक ने सभी रेंज अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्थानीय जनता के साथ निरंतर समन्वय और संवाद बनाए रखें, ताकि वनाग्नि की घटनाओं की सूचना मिलते ही जनभागीदारी के साथ उन पर तुरंत काबू पाया जा सके।

इस अवसर पर बद्रीनाथ प्रभागीय वनाधिकारी अलकनंदा भूमि संरक्षण वन प्रभाग गोपेश्वर प्रियंका सुंडली, उप प्रभागीय वनाधिकारी विकास दरमोडा, बद्रीनाथ वन प्रभाग उप प्रभागीय वनाधिकारी जुगल किशोर, वन क्षेत्राधिकारी नवल किशोर धनपुर रेंज, वन प्रभाग वन क्षेत्राधिकारी हेमंत बिष्ट, मनोहर सिंह बिष्ट, अलकनंदा वन प्रभाग वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद भट्ट, रविंद्र निराला और कई आला अधिकारी मौजूद रहे।

## रुद्रप्रयाग में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की अनूठी पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा सराहनीय पहल की गई है। संस्थान में 35 दिवसीय नि:शुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 12 मई से किया गया है, जिसमें जिले के तीनों विकास खंडों से चयनित 35 महिलाओं एवं युवतियों को पेशेवर ब्यूटीशियन बनने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की विशेष बात यह है कि प्रतिभागियों के लिए रहने एवं भोजन की संपूर्ण व्यवस्था संस्थान की ओर से पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।



### ■ 35 दिवसीय नि:शुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण से बदलेंगी महिलाओं की तकदीर

इससे दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाएं भी बिना किसी आर्थिक बोझ के प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

मास्टर ट्रेनर आरती पाल द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को ब्यूटी पार्लर केयर, हेयर स्पा, फेशियल, वैक्सिंग तथा आधुनिक ब्यूटी ट्रीटमेंट्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को केवल तकनीकी जानकारी ही नहीं, बल्कि ग्राहकों से व्यवहार, पार्लर संचालन और आधुनिक ब्यूटी इंडस्ट्री की मांगों से भी अवगत कराया जा रहा है।

संस्थान के निदेशक अरुण कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आरसेटी का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार महिलाओं एवं युवाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि संस्थान लगातार ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम संचा. लित कर रहा है, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकें।

उन्होंने कहा, "हमारा प्रयास है कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाएं न केवल स्वयं का व्यवसाय शुरू करें, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराने में सक्षम बनें। वहीं संस्थान के प्रशिक्षक भूपेंद्र सिंह रावत ने प्रतिभागियों को मोटिवेशन, उद्यमिता विकास, मार्केट सर्वे, ग्राहक प्रबंधन एवं बिजनेस प्लानिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानक. ारी दी। प्रशिक्षण के तहत महिलाओं को विभिन्न ब्यूटी पार्लरों में भेजकर बाजार सर्वे भी कराया गया, जहां उन्होंने सफल उद्यमियों से सीधे संवाद कर व्यवसाय की बारीकियों को समझा और अपनी मार्केट सर्वे रिपोर्ट तैयार की।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं के कौशल विकास के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभा रहा है। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे, जिससे वे स्वयं का ब्यूटी पार्लर शुरू करने या रोजगार प्राप्त करने में सक्षम बन सकेंगी। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए यह पहल उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आई है, जो उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

## काव्य गोष्ठी कविता कारवां में छात्रों ने बिखेरे साहित्य के रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कारगिल शहीद कुलदीप सिंह राजकीय इंटर कालेज खण्डाह में आयोजित काव्य गोष्ठी कविता कारवां में छात्रों ने बढ़ चढकर प्रतिभाग किया।

विद्यार्थियों ने देश के प्रतिष्ठित कवियों और साहित्यकारों की रचनाओं का प्रभावशाली पाठ किया। कविता पाठ के माध्यम से जहां राष्ट्रभक्ति, प्रेरणा, नैतिकता और संवे. दनाओं को व्यक्त किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक एवं सुप्रसिद्ध कवि नीरज नैथानी ने

### ■ राइंका खण्डाह में काव्य गोष्ठी का आयोजन

विद्यार्थियों को साहित्य के माध्यम से संवेदनशील और जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कवि बलबीर रंग तथा उर्मिश शंखधर की रचनाओं के माध्यम से सकारात्मक सोच, सत्य और निर्भीकता का संदेश दिया। कक्षा नौ की छात्रा अनुष्का नेगी ने सोहनलाल द्विवेदी की प्रसिद्ध कविता कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती का पाठ किया। कक्षा दस की छात्रा नाजिया परवीन ने राष्ट्र निर्माण का संदेश देती कविता प्रस्तुत की, जबकि छात्रा सारिका ने हरिवंश राय बच्चन की कविता का पाठ किया।

कार्यक्रम संयोजक महेश गिरि ने मुन्नवर राणा तथा गढ़कवि देवेंद्र उनियाल की मां पर आधारित मार्मिक रचनाओं का पाठ किया। समापन अवसर पर प्रधानाचार्य विक्रम सिंह नेगी ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, अभिव्यक्ति क्षमता और सांस्कृतिक चेतना के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कविता के माध्यम से अपने विचार साझा किए।

# अजबपुर में 8 बीघा अवैध प्लॉटिंग पर चला एमडीडीए का बुलडोजर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने अवैध प्लॉटिंग और अनधिकृत विकास कार्यों के खिलाफ अपने अभियान को और तेज करते हुए मंगलवार को अजबपुर कला क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण की टीम ने सरस्वती विहार, अजबपुर कला में लगभग आठ बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से किए गए विकास कार्यों को हटाया गया तथा आमजन को जागरूक करने के लिए स्थल पर सूचना पट्ट भी लगाया गया।

एमडीडीए के अनुसार प्राधिकरण क्षेत्र में बिना स्वीकृति विकसित की जा रही कॉलोनियों और अवैध प्लॉटिंग पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में सरस्वती विहार, अजबपुर कला में नौटियाल एवं कटियार द्वारा लगभग आठ बीघा भूमि पर नियमों के विपरीत प्लॉटिंग किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। मामले की जांच कराए जाने पर प्रथम दृष्टया प्लॉटिंग अवैध पाई गई, जिसके बाद संयुक्त सचिव प्रत्यूष सिंह के निर्देश पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई गई। कार्रवाई के दौरान प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध प्लॉटिंग से संबंधित सीमांकन और अन्य विकास कार्यों को हटाया। साथ ही स्थल पर सूचना पट्ट स्थापित कर स्पष्ट किया गया कि इस भूमि पर की जा रही प्लॉटिंग विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के बिना की जा रही थी। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की अवैध प्लॉटिंग न केवल विकास प्राधिकरण के नियमों का उल्लंघन है, बल्कि भविष्य में भूखंड खरीदने वाले लोगों के लिए भी गंभीर परेशानी का कारण बन सकती है। यह कार्रवाई सहायक अभियंता निशांत कुकरेती, अवर अभियंता जयदीप राणा, सुपरवाइजर तथा अन्य प्राधिकरण कर्मियों की मौजूदगी में संपन्न हुई।

एमडीडीए की इस कार्रवाई को शहर में अनियोजित विकास पर अंकुश लगाने और नियमबद्ध शहरी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

एमडीडीए का कहना है कि बिना ले-आउट स्वीकृति और आवश्यक अनुमतियों के विकसित की जा रही कॉलोनियों में निवेश करने वाले लोगों को बाद में कानूनी और वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे मामलों में लोगों की जीवनभर की जमा पूंजी जोखिम में पड़ जाती है। इसी को देखते हुए प्राधिकरण लगातार अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई कर रहा है और आमजन को जागरूक भी कर रहा है। प्राधिकरण ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी भूखंड, मकान या संपत्ति की खरीद-फरोख्त से पूर्व संबंधित विकास प्राधिकरण अथवा सक्षम प्राधिकारी से उसकी वैधानिक स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

बिना अनुमोदन वाली योजनाओं में निवेश करने से आर्थिक नुकसान की आशंका बनी रहती है। एमडीडीए ने स्पष्ट किया है कि अवैध प्लॉटिंग, अनधिकृत कॉलोनियों और नियम विरुद्ध निर्माण कार्यों के खिलाफ भविष्य में भी अभियान जारी रहेगा। किसी भी स्तर पर नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।



प्राधिकरण की टीम ने कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से किए गए विकास कार्यों को हटाया

## नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जारी रहेगी कार्रवाई : तिवारी



एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग, अनधिकृत कॉलोनियों और नियम विरुद्ध निर्माण कार्यों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अजबपुर कला में की गई कार्रवाई इसी अभियान का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि नियोजित एवं सुव्यवस्थित शहरी विकास सुनिश्चित करना प्राधिकरण की प्राथमिकता है। आमजन को किसी भी प्रकार की संपत्ति खरीदने से पहले उसकी वैधानिक स्थिति की जांच अवश्य करनी चाहिए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग और अनधिकृत निर्माण स्वीकार नहीं : बर्निया

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग और अनधिकृत निर्माण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी भूमि या भूखंड में निवेश करने से पहले एमडीडीए से उसकी वैधता की जानकारी अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# रामलीला के पंचम दिवस पर भावपूर्ण मंचन, नशा मुक्ति का भी दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवादाता**

**नई टिहरी।** नई टिहरी में आयोजित रामलीला के पंचम दिवस का शुभारंभ भगवान श्रीराम द्वारा पिता महाराज दशरथ एवं समस्त माताओं से आशीर्वाद प्राप्त कर वनगमन के लिए प्रस्थान करने के भावपूर्ण दृश्य के साथ हुआ। कलाकारों के सजीव अभिनय ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

घ्कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विकास अधिकारी मोहम्मद असलम तथा उत्तराखंड क्रांति दल के टिहरी जिला अध्यक्ष डी.डी. पंत उपस्थित रहे। जिला विकास अधिकारी मोहम्मद असलम ने रामलीला मंचन की सराहना करते हुए कहा कि संयोग. वश उनकी पदस्थापना सदैव पर्वतीय क्षेत्रों में रही है और वे वर्षो से रामलीला मंचन को नियमित दर्शक के रूप में देखते आ रहे हैं। उन्होंने रामलीला समिति को हर स्तर पर सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। वनगमन के पश्चात प्रभु श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण का गंगा तट पर केवट एवं उनके परिवार से मिलन हुआ। इस दौरान प्रभु श्रीराम ने केवट से विनम्र आग्रह करते हुए उन्हें गंगा पार कराने का निवेदन किया। केवट ने श्रद्धा एवं प्रेमभाव से प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण को नाव में बैठाकर गंगा पार करवाया। रामलीला समिति के अध्यक्ष श्री देवेंद्र नौडियाल ने स्वयं केवट की भूमिका निभाई। मंचन के दौरान उन्होंने अपने साथी केवटों से तंबाकू का सेवन छोड़कर "राम नाम रस" पीने का आग्रह किया। इस प्रसंग के माध्यम से समाज को नशा त्याग एवं सदाचार अपनाने का प्रेरणादायी संदेश भी दिया गया।

घ्कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नागरिक मंच से चतर सिंह चौहान, जगजीत सिंह नेगी, नरोत्तम जखमोला, चंडी प्रसाद डबराल, त्रिलोक चंद रमोला, कर्म सिंह तोपवाल, किशोरी लाल चमोली, उम्मेद सिंह रावत, भगवान सिंह कुट्टी रहे । व्यवसायी मनीष सोनी, उनके पिता देव प्रकाश सोनी तथा स्किल डेवलपमेंट मास्टर रमेश पेटवाल एवं जिला सहकारी बैंक के निदेशक जयवीर मियां सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

घ्रामलीला समिति द्वारा सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। रामलीला के इस मार्मिक एवं संदेशपूर्ण मंचन ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

घ्मंच का संचालन समिति के संरक्षक सतीश थपलियाल ने किया।उइस अवसर पर उपरोक्त के अलावा समिति के संयोजक डॉ0 राकेश भूषण गोदियाल, संरक्षक कमल सिंह महर, महावीर उनियाल, देशभूषण जोशी, महासि. चव अमित पंत, मनोज शाह, राकेश मोहन भट्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश लांबा, उपाध्यक्ष भगवान चंद रमोला, मनोज राय, सुषमा उनियाल, रचना उनियाल, जशोदा नेगी, सभासद उर्मिला राणा. निर्देशक अनुराग पंत, सचिव गंगा भगत नेगी,नन्दू बाल्मीकि , सीताराम भट्ट, भवानी भाई, अनुसुया नौटियाल, सीमा पंत, हरीश गिरी, अनुज पंत, हरीश घिल्डियाल, जयेंद्र पांडे, शिवम गिरी, मनीष पंत, अंकित पांडे, अंजलि गिरी, अंजलि विश्वकर्मा, परिधि पंत, ऋषभ पांडे, शंकर सैनी, अनिका पंत, कल्पना पांडे, ममता पंत आदि मौजूद रहे।

# अपनापन: नरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव पुस्तक के विमोचन में शामिल हुए जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**नई दिल्ली/ देहरादून।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित पूसा परिसर में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा रचित पुस्तक "अपनापन दृ नरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव" के विमोचन समारोह में सहभाग किया। इस अवसर पर पुस्तक का विमोचन पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भी भाग लिया। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता एवं संवे. दनशीलता से जुड़े अनेक प्रेरणादायक प्रसंगों को प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि एक कर्मयोगी, साधक और राष्ट्रभक्त के जीवन दर्शन की झलक है, जिसे उनके समर्पण, तपस्या और कार्यशैली में स्पष्ट रूप से महसूस किया जा सकता है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पुस्तक के सफल प्रकाशन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पुस्तक समाज और विशेष रूप से युवाओं को प्रेरित करने का कार्य करेगी।



उत्तराखंड के कृषि मंत्री ने की केंद्रीय मंत्री शिव. राज चौहान की रचित पुस्तक की सराहाना

## विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

**नई टिहरी।** भारत निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव एस. बी. जोशी द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की तैयारियों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद स्तर पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों, प्रगति एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में निर्वाचन संबंधी प्रिंटिंग कार्य पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही सभी ईआरओ, एईआरओ एवं नामित नोडल अधिकारियों की तैयारियों एवं दायित्वों की जानकारी भी साझा की गई। जनपद में 93.98 प्रतिशत मैपिंग कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी संपन्न कर ली गई है। जनपद में कुल 963 पोलिंग स्टेशन हैं, जिनके सापेक्ष आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रधान सचिव एस बी जोशी ने सभी अधिकारियों को बीएलओ प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए। साथ ही निर्वाचन संबंधी समस्त दस्तावेजीकरण (क्वबनउमदजंजपवद) को पूर्ण सावधानी एवं विस्तार से करने के निर्देश प्रदान किए गए।प्रधान सचिव द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संविधान के अंतर्गत अनुच्छेद 325 एवं 326 से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर एडीईओ निर्वाचन विजय तिवारी, आईएएस प्रशिक्षु ज्योति, एसडीएम घनसाली मंजू, एसडीएम धनौल्टी नीलू, एसडीएम नरेंद्रनगर आशीष, डीडीओ मो असलम, सीएओ विजय देवराडी, सूचना एवं विज्ञान अधिकारी शिवम त्रिपाठी, एआरटीओ सतेंद्र राज, प्रशासनिक अधिकारी जवाहर आदि संबंधित उपस्थित रहे।

# डीएम नितिका खण्डेलवाल ने सुनी भू-स्वामियों की आपत्तियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल द्वारा तहसील टिहरी के अन्तर्गत कोटी कॉलोनी से डोबरा चांठी (पर्यटन रोड़) तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु अर्जित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-33 के अन्तर्गत भू-स्वामियों की आपत्तियों की सुनवाई हेतु बैठक ली गई।

पर्यटन मार्ग निर्माण हेतु अर्जित भूमि पर स्थापित परिसंपत्तियों के पुनर्मूल्यांकन के संबंध में गठित समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी टिहरी द्वारा 18 भूमि एवं भवन स्वामियों के प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा की गई। पूर्व में 18 काश्तकारों द्वारा परिसंपत्तियों के पुनर्मूल्यांकन की मांग की गई थी, जिसके क्रम में अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया था।

गठित समिति द्वारा पुन: सर्वे कर परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन किया, जिसमें 13 लोगों द्वारा सहमति दी गयी जबकि 5 लोगों की परिसम्पत्तियों का सर्वे टीम द्वारा पुन: मूल्यांकन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। दीपक नेगी, लक्ष्मण सिंह, गंभीर सिंह, देवेंद्र सिंह, अरविंद मोहन उनियाल की परसंपत्तियां का पुन: मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाएगा जो तीन दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उन्होने भू स्वामियों को समाधान का आश्वासन दिया।

इस बैठक में एसडीएम टिहरी कमलेश, आईएएस प्रशिक्षु ज्योति, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता योगेश कुमार, जगदीश खाती, एसएलओ ऑफिस से नायब तहसीलदार प्राची बहुगुणा, बीना सेमवाल सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

# सीतापुर पार्किंग को लेकर विवाद होटल कारोबारियों का फूटा गुस्सा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा के बीच सीतापुर स्थित पार्किंग को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। यात्रियों की सुविधा के नाम पर पार्किंग स्थल में कथित तौर पर गद्दे-रजाई बिछाकर यात्रियों को ठहराने और उनसे पैसे वसूलने के आरोपों ने स्थानीय व्यापारियों और होटल कारोबारियों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। व्यापारियों ने इसे स्थानीय व्यवसाय पर सीधा हमला बताते हुए जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग को ज्ञापन सौंपा है और चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो 28 मई से उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार इस वर्ष सीता. पुर पार्किंग परिसर में पार्किंग संच. ालक द्वारा गद्दे-रजाई लगाकर यात्रियों को सुलाने की व्यवस्था की गई है। आरोप है कि यात्रियों से प्रति व्यक्ति शुल्क लेकर पार्किंग को अस्थायी होटल की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे स्थानीय होटल और लॉज कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय होटल कारोबारियों ने पार्किंग स्थल पहुंचकर जोरदार विरोध दर्ज कराया और प्रशासन पर सवाल खड़े किए। व्यापारियों का कहना है कि पूर्व में केदारनाथ विधायक द्वारा स्पष्ट आश्वासन दिया गया था कि पार्किंग परिसर में रजाई-गद्दे लगाकर यात्रियों को नहीं सुलाया जाएगा, लेकिन इसके बावजूद यह व्यवस्था धड़ल्ले से जारी है।

होटल एसोसिएशन के सचिव मनोज सेमवाल ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि "वाहन पार्किंग का उद्देश्य गाड़ियों को खड़ा करना है, न कि उसे होटल या धर्मशाला में बदल देना। पार्किंग में यात्रियों को सुलाकर मनमाना पैसा वसूला जा रहा है। इसका सीधा असर स्थानीय होटल व्यवसाय पर पड़ रहा है ।

## छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति किया जागरूक

**नई टिहरी।** अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नरेंद्रनगर के निकट पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम सेल, जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, ढालवाला मुनिकीरेती में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ सदस्यों को वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालयः "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स नं0: 0135-2763508,
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांकः 445 दि0: 26.05.2026

**निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0) ढालीपुर विद्युत गृह, इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित करता है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है::

**निविदा सं0-01/EE/M&G/DLR/2026-27:** इन्टेक ट्रैश रेक, पार्क कैम्पस एरिया एंव 132 के0वी0 स्वीचयार्ड की वार्षिक साफ सफाई और रखरखाव के कार्य हेतु।

**कार्य की अनुमानित लागत** : रू0 23,23,049/-(जीएसटी अतिरिक्त)

**निविदा की उपलब्धता की तिथि** : 28.05.2026 प्रात 11:00 बजे

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि** : 18.06.2026 को 16:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते है।

**(अधिशासी अभियन्ता)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006, सिन नं: U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763508, 2763808, फैक्सः 0135-2763507 वैबसाइटः www.ujvnl.com

सं0 442 दिनांक 26.05.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, परियोजना जानपद अनुरक्षण (गंगावैली), मायापुर, हरिद्वार द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मोहरबन्द एवं पृथक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् हैः -

1. निविदा सूचना सन्दर्भः-

निविदा संख्याः- 05/2026-27/अधि0अभि0/पीसीएम(जीवी)/मायापुर :- वर्ष 2026-27 हेतु अधिशासी अभियन्ता, परियोजना जानपद अनुरक्षण(गंगा वैली), मायापुर,-हरिद्वार के लिये चालक सहित डीजल वाहन किराये पर उपलब्ध कराने का कार्य।

निविदा संख्याः- 06/2026-27/अधि0अभि0/पीसीएम(जीवी)/मायापुर :- वर्ष 2026-27 हेतु पथरी कालोनी के अनुरक्षण एवं मरम्मत का कार्य।

निविदा संख्याः- 07/2026-27/अधि0अभि0/पीसीएम(जीवी)/मायापुर :- वर्ष 2026-27 हेतु मौहम्मदपुर कालोनी की वार्षिक साफ-सफाई का कार्य।

2. निविदा लागतः क्रमशः ₹5,10,000.00, ₹17,85,655.76 एवं ₹9,98,305.29 मात्र, जी0एस0टी0 अतिरिक्त।

3. वेबसाइट पर निविदा की उपलब्धता की तिथि एवं समयः 26 मई, 2026 13:00 बजे से।

4. निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समयः16 जून, 2026 13:00 बजे तक।

उक्त कार्यो के निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **http://ujvnl.com** से सीधे डाउनलोड किये जा सकते हैं और निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा जमा करते समय अदा किया जायेगा। पात्रता मापदंड एवं विस्तृत विवरण हेतु कृपया निगम की वेबसाइट देखें।

**अधिशासी अभियन्ता, परि0जान0अनु0 (गंगावैली), मायापुर, हरिद्वार**

" बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**BRIDCUL (ब्रिडकुल)**
ब्रिज, रोपवे, टनल एण्ड अदर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) पूर्व में उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास निगम लिमिटेड
इकाई कार्यालयः अवस्थापना भवन राजकीय आई0टी0आई0 निरंजनपुर के सामने, माजरा, सहारनपुर रोड
टैलीफोनः 0135-2522941, ई-मेलः pmbridcul.ddn@gmail.com, CIN No.: U45203UR2008SGC032591

Ref: No. 330/BRIDCUL-233/26 **NIT (Notice Inviting Tender)** Dated: 26/05/2026

On behalf of Managing Director, BRIDCUL, sealed **Item Rate Tenders** with Post Qualification, are invited in two separate envelops (Technical and Financial) simultaneously from Contractors/Dealer/Manufacturer in Lift (Elevator) work and as per the detailed specification, terms & Conditions given in the tender documents for following work:--

| S. No. | Name of work | Estimated Cost With GST & All Taxes (In Lac.) | Bid Security/ EMD (In Rs.) | Cost of Tender Form | Tender Document can be obtained/submitted at |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SITC of 8 Passenger Elevator (Lift) Machine Room Type at GIHM Patel Nagar (Dehradun) | 15.34 | 0.46 | Rs. 2000.00 + 18% GST | Project Unit BRIDCUL Dehradun |

The tender documents can only be purchased from the office of undersigned between 10.00 am to 5.00 pm on all working days from **27.05.2026 to 09.06.2026.** The cost of tender document amounting to Rs 2000+18% GST, will be paid while purchasing the tender documents, by cash or Demand Draft in the favour of Project Manager, Project Unit Dehradun, BRIDCUL. The tenders should reach the office latest **by 1500 hours on 09.06.2026 and the technical bid shall be opened at 1530 hours on same day** in presence of tenderers who choose to be present.

**Project Manager, BRIDCUL**

## देहरादून शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में 28 मई 2026 को होने वाली ईद-उल-अज़हा की नमाज का समय

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 ईदगाह चकराता रोड | -7:30 | 43. ईदगाह कुड़कावाला, डोईवाला | -7:30 |
| 2.ईदगाह सुभाष नगर, माजरा | -7:00 | 44. बिलाल मस्जिद भोगपुर | -8:00 |
| 3.ईदगाह मुस्लिम कालोनी | -7:15 | 45. मस्जिद खलील खान सीमेंट रोड | -6:30 |
| 4.जामा मस्जिद पल्टन बाजार | -8:00 | 46. जामा मस्जिद रांझावाला, रायपुर | -7:00 |
| 5.जामा मस्जिद धामावाला बाजार | -7:00 | 47. मस्जिद मयूर विहार कण्डोली | -7:00 |
| 6.जामा मस्जिद नया नगर, इनामुल्लाह बिल्डिंग | -7:45 | 48. हुदा जामा मस्जिद कांवली रोड, गांधीग्राम | -7:00 |
| 7.जामा मस्जिद माजरा | -7:30 | 49. मस्जिद अबुबकर, सुफ्फा, शस्त्री नगर | -7:15 |
| 8. जामा मस्जिद चंदन नगर | -7:15 | 50. मदीना मस्जिद छोटा भारूवाला | -6:30 |
| 9. जामा मस्जिद कावंली | -7:15 | **कारगी** | |
| 10.जामा मस्जिद अजबपुर कलां | -7:00 | 51.मदरसा दारूल उलूम मौहम्मदिया कारगी | -6:30 |
| 11.जामा मस्जिद, मदरसा फैजुल उलूम कांवली | -7:15 | 52.मदीना मस्जिद कारगी | -6:45 |
| 12.मदरसा इजहारूल उलूम मोरोंवाला | -7:00 | 53.बड़ी मस्जिद कारगी | -7:00 |
| 13. मदरसा अनवरिया हयातुल उलूम बड़ा भारूवाला | -7:30 | 54.मक्का मस्जिद कारगी | -6:45 |
| 14. मदीना मस्जिद छोटा भारूवाला | -6:30 | 55.मस्जिद अली चांचक, नई बस्ती | -6:30 |
| 15. जामा मस्जिद मोथरोंवाला | -7:30 | 56.मस्जिद शाने इलाही चांचक बंजारावाला | -7:00 |
| 16. सना मस्जिद सना चौक, आजाद कॉलोनी | -5:50 | 57.आईशा मकतब चांचक बंजारावाला | -6:30 |
| 17. मस्जिद नसीम, मदरसे वाली आजाद कालोनी | -6:15 | 58. मस्जिद अबु बकर कारगी | - 6:45 |
| 18. मस्जिद रहमत, रहमत कालोनी, आजाद कॉलोनी | -6:30 | 59. अब्दुल्लाह मस्जिद चांचक बंजारावाला कारगी | -6:30 |
| 19.सईदिया मस्जिद नूर एन्कलेव, आजाद कॉलोनी | -6:00 | 60. उमर मस्जिद कारगी ग्रांट | -7:00 |
| 20. जोहड़ी बस्ती देहरादून | -7:00 | **मेहुंवाला माफी** | |
| 21. मदीना मस्जिद ब्रहम्नवाला | -6:30 | 61. मस्जिद लाईब्रेरी वाली मेहुंवाला माफी | -6:30 |
| 22. बिलाल मस्जिद ब्रहम्नवाला | -6:30 | 62.मदरसा अनवारूल कुरआन मेहुंवाला माफी | -6:15 |
| 23. मस्जिद अबुबकर शकुंतला | -7:00 | 63.मदरसा फैज-ए-हिदायत मेहुंवाला माफी | -7:00 |
| 24. जामा मस्जिद लक्खी बाग | -6:30 | 64.बड़ी (मक्का)मस्जिद मेहुंवाला माफी | -7:15 |
| 25. मक्का मस्जिद भण्डारी बाग | -6:45 | 65.जामा मस्जिद नूर बस्ती चंदाताल, मेहुंवाला माफी | -6:30 |
| 26.बिलाल मस्जिद सिंघल मंडी | -6:30 | 66. अकबरी मस्जिद घिसरपडी, मेहुंवाला | -6:15 |
| 27. मदीना मस्जिद लालपुल,चमनपुरी | -7:00 | 67. गोरखपुर चौक वाली मस्जिद | -7:00 |
| 28.मदीना मस्जिद गांधी ग्राम | -7:00 | 68. मस्जिद अबुबकर, खादर, हरबजवाला | -7:00 |
| 29. मस्जिद फिरदोस अधोईवाला | -5:40 | 69. केलाशपुर मस्जिद | -7:30 |
| 30. जामा मस्जिद राजीव नगर | -6:15 | 70. शरीफन मस्जिद हरबजवाला | -7:00 |
| 31. जामा मस्जिद भगत सिंह कालोनी | -6:45 | 71. मस्जिद कदीम गोरखपुर | -6:45 |
| 32. मस्जिद फातिमा रक्षा विहार | -7:00 | 72. मदीना मस्जिद मेहुंवाला | -6:30 |
| 33. मदीना मस्जिद जैन प्लाट वाणी विहार | -7:00 | 73. मदीना मस्जिद झील धोबी घाट मसूरी | -8:00 |
| 34.मदरसा इमदादुल उलूम किशनपुर | -7:45 | **विकासनगर-शिमला रोड** | |
| 35.मस्जिद बस अड्डा राजपूर | -7:30 | 74. ईद गाह विकासनगर | -6:30 |
| 36.मस्जिद राजपुर नियर थाना | -8:00 | 75. शाही जामा मस्जिद विकासनगर | -7:30 |
| 37.मस्जिद दिलाराम बाजार | -7:00 | 76. जामा मस्जिद धर्मावाला | -6:45 |
| 38. जामा मस्जिद रहमानिया, चोर खाला, बल्लुपुर | -7:00 | 77. जामा मस्जिद बरोटीवाला, विकासनगर | -7:00 |
| 39.जामा मस्जिद, चूना भट्टा क्रासिंग | -7:30 | 78. हसनपुर-शेरपुर, मलूकचंद ईदगाह शिमला रोड | -7:00 |
| 40. हुदा जामा मस्जिद कावली रोड | -7:00 | 79. ईदगाह बुढ्ढी गावं शिमला रोड | -6:30 |
| 41. बिलाल मस्जिद भोगपुर | -8:00 | 80. खुशहाल पुर ईदगाह | -7:00 |
| 42. जामा मस्जिद ईसी रोड | -7:00 | 81. मौहम्मदिया मस्जिद लिस्टाराबाद | -8:00 |

**संकलन व जारीकर्ता**
जमीअत-ए-उलेमा-ए-हिन्द जिला देहरादून।
मदरसा दार ए अरकम आजाद कालोनी, देहरादून।

**प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी न करें मुसलमान: कासमी**
**कुर्बानी करते समय सरकारी आदेशों का पूर्णत: पालन करें**
**कुर्बानी के जानवर की कोई तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर न करें**

# कुंभ मेला-2027 से पहले राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं समय से पूरे करने निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** कुंभ मेला-2027 को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं यातायात की दृष्टि से सुगम बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), मेला प्रशासन एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में कुंभ मेला-2027 से पूर्व हरिद्वार एवं आसपास के क्षेत्रों में संचालित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में एनएचएआई के सदस्य (प्रशासन) विशाल चौहान, मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका, जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित सहित एनएचएआई, मेला प्रशासन एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर एनएचएआई के सदस्य (प्रशासन) विशाल चौहान ने राजमार्ग परियोजनाओं से संबंधित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा कराने का भरोसा दिलाते हुए अधिकारियों एवं संबंधित कांट्रैक्टर्स को युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान हरिद्वार क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न सड़क, फ्लाईओवर, चौड़ीकरण, जंक्शन सुधार एवं यातायात प्रबंधन से जुड़ी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि कुंभ मेले के दौरान देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुचारु यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। बैठक में विशेष रूप से हरिद्वार बाईपास एवं प्रस्तावित रिंग रोड परियोजना की प्रगति पर चर्चा हुई। मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कुंभ क्षेत्र तथा उससे जुड़े प्रमुख मार्गों पर एनएचएआई द्वारा संचालित कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने पर जोर दिया, ताकि कुंभ अवधि में यातायात संचालन अधिक व्यवस्थित एवं सुगम बनाया जा सके। उन्होंने ज्वालापुर, बहादराबाद एवं मंगलौर क्षेत्र में निर्माणाधीन फ्लाईओवरों के कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के साथ-साथ सर्विस लेन, सड़क प्रकाश व्यवस्था तथा ड्रेनेज कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का आग्रह किया। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, यातायात दबाव वाले क्षेत्रों में जंक्शन सुधार, फ्लाईओवर निर्माण, सर्विस लेन विकास, ड्रेनेज व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यों की भी समीक्षा की गई। हरिद्वार से जुड़े प्रमुख प्रवेश मार्गों, पार्किंग स्थलों तक पहुंच मार्गों तथा मेला क्षेत्र की ओर जाने वाले संपर्क मार्गों को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किए जाने पर विशेष बल दिया गया। बैठक के दौरान निर्माण कार्यों में आ रही विभिन्न चुनौतियों एवं समस्याओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने भूमि उपलब्धता, यातायात डायवर्जन, विद्युत एवं पेयजल लाइनों की शिफ्टिंग, वन एवं अन्य विभागीय अनुमतियों, मानसून अवधि के प्रभाव तथा घनी आबादी वाले क्षेत्रों में निर्माण कार्य संचालन जैसी चुनौतियों का उल्लेख किया। संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर बाधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने कहा कि कुंभ मेला-2027 के दृष्टिगत सभी निर्माण एवं आधारभूत संरचना से जुड़े कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु आवागमन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करना होगा। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने निर्माण कार्यों में आ रही स्थानीय समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जिला प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं का सीधा संबंध कुंभ मेला यातायात प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाना जरूरी है।

# एक्सईएन रवि कुमार के निर्देश पर बिजली चोरों पर ऊर्जा विभाग का शिकंजा

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** बिजली चोरी के खिलाफ ऊर्जा विभाग ने मंगलवार सुबह ज्वालापुर क्षेत्र में बड़ा अभियान चलाते हुए कई घरों में अवैध रूप से बिजली चोरी होते हुए पकड़ी। अधिशासी अभियंता ज्वालापुर रवि कुमार के निर्देश पर पुरानी अनाज मंडी/डाट मंडी और मोहल्ला झाड़ान में की गई सघन चेकिंग के दौरान विभागीय टीम ने करीब 5 से 6 घरों में बिजली चोरी पकड़ी।

अभियान के दौरान टीम ने संदिग्ध कनेक्शनों, कटिया डालकर बिजली उपयोग और मीटर से छेड़छाड़ की जांच की। जांच में कई उपभोक्ता बिना वैध कनेक्शन के बिजली का इस्तेमाल करते पाए गए। विभागीय टीम ने मौके पर ही चालानी कार्रवाई करते हुए संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ एसआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। चेकिंग अभियान का नेतृत्व एसडीओ शिल्पी सैनी व जेई अक्षय चौहान ने किया इस दौरान लाइन स्टाफ से लाइनमैन मोबिन हसन, इमरान मलिक समेत अन्य कर्मचारियों ने अभियान में सहयोग किया। अधिशासी अभियंता ज्वालापुर रवि कुमार ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी के खिलाफ काफी समय से शिकायतें मिल रही थी। जिसका संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की गई है। अन्य इलाकों में भी जल्द ही व्यापक अभियान चलाते हुए कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबर

### नमामि गंगे प्लांट से लाखों के तीन पंप चोरी, जांच शुरू

**हरिद्वार।** सलेमपुर महदूद स्थित नमामि गंगे परियोजना के एफएसटीपी प्लांट से लाखों रुपये कीमत के तीन कीमती पंप चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद प्लांट प्रबंधन में हड़कंप मच गया। मामले की लिखित शिकायत मिलने पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में प्लांट के अधिकारी रितेश दीक्षित (निवासी आईडीपीएल कॉलोनी, ऋषिकेश) ने बताया कि सलेमपुर महदूद में 50 केएलडी नमामि गंगे एफएसटीपी प्लांट (आईपी-टू) स्थित है। बीते 24 मई की सुबह करीब 10 बजे अज्ञात चोरों ने प्लांट परिसर से किरलोस्कर एटर्ना बीडब्ल्यू 1300 मॉडल के तीन महंगे पंप चोरी कर लिए। चोरी का पता चलते ही तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। इसके बाद सिडकुल थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है। प्लांट और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

### घर में घुसकर मोबाइल चोरी, मकान मालिक की आंख खुलने पर भागा बदमाश

**हरिद्वार।** सिडकुल क्षेत्र की फ्रेंड्स कॉलोनी (रावली महदूद) में देर रात एक किराये के कमरे में घुसकर मोबाइल चोरी करने का मामला सामने आया है। मकान मालिक की आंख खुलने पर चोर मौके से भाग निकला। इस घटना के बाद से ही आसपास के इलाके में डर का माहौल बना हुआ है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मूल रूप से ग्राम दौलतपुर सुक्खा (धामपुर, बिजनौर) निवासी दीपक कुमार पुत्र देवेंद्र सिंह फ्रेंड्स कॉलोनी में परिवार के साथ किराये पर रहते हैं। दीपक ने बताया कि सोमवार रात करीब तीन बजे वह टॉयलेट के लिए उठे थे। सुबह होने वाली थी, इसलिए उन्होंने वापस आकर दरवाजे की कुंडी नहीं लगाई और सो गए। कुछ देर बाद कमरे में किसी अनजान व्यक्ति की आहट हुई। दीपक ने तुरंत लाइट जलाई तो एक युवक कमरे से भागने लगा। भागते समय वह दरवाजे से टकराकर गिरा भी, लेकिन संभलकर फरार हो गया। जब दीपक ने चेक किया तो कमरे में रखा उनका पोको कंपनी का मोबाइल गायब था। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कर चोर की तलाश कर रही है।


### सिडकुल के उद्यमियों ने यूपीसीएल के मुख्य अभियंता को दिया ज्ञापन

**हरिद्वार।** सिडकुल की विभिन्न इकाईयों के उद्यमियों के प्रतिनिधि मंडल ने लघु भारती के पदाधिकारियों के नेतृत्व में यूपीसीएल के मुख्य अभियंता शेखरचंद्र त्रिपाठी को ज्ञापन देकर स्मार्ट बिजली मीटर के कारण हो रही समस्याओं के समाधान की मांग की। यूपीसीएल के मुख्य अभियंता के रोशनबाद स्थित कार्यालय में ज्ञापन सौंपने के दौरान उद्यमियों ने स्मार्ट मीटर में लगातार आ रही तकनीकी खराबी, गलत रीडिंग, अत्यधिक बिल एवं बिना सूचना विद्युत आपूर्ति बाधित किए जाने आदि समस्याओं को लेकर रोष प्रकट किया और समाधान की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में लघु उद्योग भारती के प्रदेश महामंत्री रोहित भाटिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित त्यागी, जिला अध्यक्ष मनोज पुंडीर एवं जिला महामंत्री निखिल गोयल शामिल रहे। मुख्य अभियंता शेखरचंद्र त्रिपाठी ने प्रतिनिधि मंडल को शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# आईआरसीटीसी ने की भारत गौरव पर्यटक ट्रेन चलाने की घोषणा

## टूर पैकेज के जरिए कर सकेंगे सात ज्योर्तिलिंग व दक्षिण भारत की यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** आईआरसीटीसी ने अगले महीने योग नगरी ऋषिकेश स्टेशन से दो भारत गौरव पर्यटक ट्रेन चलाने की घोषणा की है। पहली ट्रेन 12 से 23 जून तक सात ज्योतिर्लिंग की यात्रा कराएगी, जबकि 29 जून से 10 जुलाई तक चलने वाली दूसरी ट्रेन दक्षिण भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराएगी। यात्री अपनी सुविधा अनुसार योगनगरी ऋषिकेश व हरिद्वार सहित कई स्टेशनों से ट्रेन में सवार हो सकेंगे। मंगलवार को हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर आयोजित पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए आईआरसीटीसी के ज्वाइंट जनरल मैनेजर वीएन शुक्ला ने बताया कि 12 जून को योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन से शुरू होने वाली भारत गौरव पर्यटक ट्रेन श्रद्धालुओं को ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर, द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर, सोमनाथ, त्रयंबकेश्वर, भीमाशंकर व घृणेश्वर ज्योर्तिलिंगों के दर्शन कराएगी। उन्होंने बताया कि 11 रात और 12 दिन के इस टूर के लिए आईआरटीसी ने 24,100 प्रति व्यक्ति पैकेज तय किया है। पैकेज में स्लीपर क्लास का कंफर्म टिकट, खाना व ठहरने की सुविधा शामिल है। थर्ड एसी के लिए 40,890 व सेकेंड एसी के लिए 54,390 चुकाने होंगे। ईएमआई के जरिए भी पैकेज लिया जा सकता है। वीएन शुक्ला ने बताया कि 29 जून से 10 जुलाई संचालित होने वाली दूसरी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन श्रद्धालुओं को दक्षिण भारत के मीनाक्षी मंदिर मदुरे, तिरूपति बालाजी व मल्लिकार्जुन ज्योर्तिलिंग के दर्शन कराएगी। दक्षिण भारत यात्रा के इस टूर के लिए प्रति व्यक्ति पैकेज स्लीपर क्लास में 24,350, थर्ड एसी में 41,800 व सेकेंड एसी में 55,750 रूपए निर्धारित किया गया है। पैकेज में ट्रेन यात्रा, ठहरने की व्यवस्था, शाकाहारी भोजन और स्थानीय भ्रमण के लिए बस सुविधा शामिल रहेगी। पत्रकारवार्ता में सहायक पर्यटन प्रबंध अधिकारी नवीन गोयल, आईआरटीसी के स्टेशन अधिकारी अमित कुमार राणा भी मौजूद रहे।

# गोशाला में घुसकर लाखों की नकदी व जेवरात समेटे

## जगजीतपुर में हथियारबंद लोगों के घुसने का आरोप, वीडियो वायरल, एक दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र के जगजीतपुर में मंगलवार दोपहर एक गौशाला में उस समय हड़कंप मच गया, जब करीब 40 से 50 लोग हथियारों के साथ वहां घुस आए। आरोप है कि इन लोगों ने वहां से लाखों रुपये की नकदी और जेवरात लूट लिए। इस घटना के दौरान जमकर हंगामा हुआ, जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

जगजीतपुर के रहने वाले अनुज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दोपहर करीब तीन बजे डिवाइन लाइफ स्कूल के पास स्थित उनकी गौशाला में कई लोग जबरन घुस गए। आरोप है कि इन लोगों ने गौशाला परिसर में रहने वाले परिवार के घर का ताला खोला और लॉकर में रखे करीब 12 लाख रुपये के जेवरात व दो लाख रुपये की नकदी निकाल ली। बताया गया है कि यह रकम और जेवर परिवार में होने वाली एक शादी के लिए रखे गए थे। शिकायत के मुताबिक, जब परिवार ने इस बात का विरोध किया तो आरोपी हथियार लहराकर जान से मारने की धमकी देने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए, जिन्हें देखकर आरोपी भागने लगे। इस बीच स्थानीय लोगों ने घेराबंदी करके एक युवक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। यह पूरी घटना गौशाला में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हो गई है। कनखल कोतवाली के एसएसआई अनुज सिंह ने बताया कि मिली शिकायत के आधार पर मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

# पुलिस लाइन में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** एसएसपी नवनीत सिंह की पहल पर पुलिस लाईन रोशनाबाद में पुलिसकर्मियों व उनके परिवारजनों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वेलमेड अस्पताल देहरादून के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा अस्पताल के सपोर्टिव स्टॉफ ने 200 से अधिक पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों की ई.सी.जी., ब्लड प्रेशर, रैंडम शुगर, नेत्र, हृदय, पेट, आंत, लीवर आदि जांच कर परामर्श दिया। शिविर का शुभारंभ करते हुए एसएसपी नवनीत सिंह ने पुलिस कर्मियों की दिनचर्या बेहद भागदौड़ भरी हुई है। ऐसे में उनके स्वास्थ्य की नियमित देखभाल जरूरी है। इसी को देखते हुए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

# छात्रा स्वीटी ने राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा में लहराया परचम, विद्यालय में सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** विकासखंड बहादराबाद स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय झाबरी की छात्रा स्वीटी ने राजकीय सुरेन्द्र राकेश आदर्श आवासीय विद्यालय की राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा-2026 में शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा की उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित कर उसे स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वीटी के अभिभावकों को भी मंच पर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशीष कुमार लोहट ने कहा कि शिक्षा ही समाज में सम्मान और उन्नति का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भी मेहनत और सही मार्गदर्शन से राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। स्वीटी की सफलता पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी है। समारोह की अध्यक्षता उच्च प्राथमिक विद्यालय झाबरी के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार एवं एसएमसी अध्यक्ष बबूल नौटियाल ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ बहादराबाद के महामंत्री राकेश सिंह पंवार मुख्य अतिथि तथा सीआरपी फेरूपुर तनुजा पंत विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं उपहार देकर स्वागत किया। इस अवसर पर नीलम सैनी, ऊषा पाल, मंजू देवी चौहान, आशा चंदेल, प्रवीण कुमार शर्मा सहित भोजन माता बीरी देवी, ऊषा देवी, बबली देवी, सुनीता देवी एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने छात्रा स्वीटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# यूरिया खाद की किल्लत से जूझ रहे किसान, दुकानों के काट रहे चक्कर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** किसानों को फिर से यूरिया खाद की किल्लत की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जिले के अधिकांश क्षेत्रों से यूरिया खाद की किल्लत की समस्या सामने आ रही है। यूरिया खाद नहीं मिलने के कारण किसान एग्रीकल्चर दुकानों के चक्कर काट रहे हैं। समय पर यूरिया खाद नहीं मिलने पर किसान फसल की पैदावार पर असर पड़ने की बात कह रहे हैं। जिले में रबी फसल की कटाई का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। खरीफ का मौसम शुरू हो गया है, साथ ही गन्ने की फसल को पानी की आवश्यकता है लेकिन किसानों के सामाने पानी की समस्या पुरानी ही है। किसानों को एक ओर मौसम की बेरूखी का सामना करना पड़ रहा है, तो दूसरी ओर यूरिया खाद की किल्लत ने परेशानी बढ़ा दी है। दुकानों एव समिति में यूरिया खाद की कमी होना किसानों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। किसानों को खुले बाजार में भी पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद नहीं मिल पा रहा है। किसान ललित कुमार ने बताया कि जो किसान 15 बीघा की खेती करता है उसे महीने में 4 कट्टे यूरिया खाद दिया जा रहा है जो बहुत कम मात्रा है विभाग को नियम में बदलाव लाना चाहिए। किसान अमित सैनी ने बताया कि मैंने जमीन ठेके पर ली हुई है मुझे यूरिया खाद प्रयाप्त नही मिल रहा है खेतो में यूरिया खाद की प्रतिपूर्ति कैसे करेंगे।

मुख्य कृषि अधिकारी हरिद्वार गोपाल सिंह भंडारी ने बताया कि जिले में यूरिया खाद की कमी है परंतु विभाग का प्रयास है कि कोई किसान वंचित न रहे सब किसानों को यूरिया पर्याप्त मात्रा में मिल सके।

# एनडीआरएफ ने पीएम श्री गर्ल्स इंटर कॉलेज में चलाया विद्यालय सुरक्षा जागरूकता अभियान



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रारंभ होने से पूर्व छात्राओं को आपदा संबंधी जोखिमों, प्राकृतिक आपदाओं एवं जीवन रक्षक उपायों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 15वीं वाहिनी के टीम कमांडर निरीक्षक/जीडी त्रेपन सिंह के नेतृत्व में जनपद हरिद्वार स्थित पीएम श्री गर्ल्स इंटर कॉलेज, ज्वालापुर में एक व्यापक विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम (एसएसपी) आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं एवं शिक्षकों को आपदा प्रबंधन की मूलभूत जानकारी प्रदान करते हुए विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचाव एवं सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण सावधानियों के विषय में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। एनडीआरएफ टीम द्वारा सीपीआर, एफबीएओ एवं बीएलएस जैसी जीवन रक्षक प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त रक्तस्राव नियंत्रण तकनीक, अस्थायी स्ट्रेचर निर्माण, आपातकालीन एवं गैर-आपातकालीन मूव्स, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइसेस तथा भूकंप के दौरान सुरक्षित निकासी एवं बचाव उपायों का अभ्यास भी कराया गया।

कार्यक्रम में I-GOT ऐप के माध्यम से आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में डिजिटल ज्ञानवर्धन एवं स्वयं को प्रशिक्षित करने संबंधी जानकारी भी साझा की गई, जिससे छात्राओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से आपदा जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया।

विद्यालय में आयोजित इस जागरूकता अभियान में कुल 1582 लाभार्थियों ने सहभागिता की, जिनमें 22 शिक्षक एवं 1560 छात्राएं सम्मिलित रहीं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अत्यंत उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता प्रदर्शित की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रधानाचार्या महोदया द्वारा एनडीआरएफ टीम के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय परिवार एवं छात्राओं की ओर से धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए टीम को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं तथा भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

# महिलाओं को परिवार व अपनी रक्षा के लिए प्रेरित करेगी महाकाली वाहिनी : डा. उदिता

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महाकाली वाहिनी की राष्ट्रीय समन्वयक डा. उदिता त्यागी ने कहा कि आज की परिस्थितियों में महाकाली ही हिंदू महिलाओं की आदर्श हो सकती हैं। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए डा. उदिता त्यागी ने कहा कि महाकाली वाहिनी प्रत्येक हिंदू महिला को राजनैतिक, जातिगत व संस्थागत स्वार्थो और अंहकारों से ऊपर उठकर अपने परिवार और अस्तित्व की रक्षा के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि आज तरह-तरह के संकट हिंदू महिलाओं और उनके परिवारों पर हैं। लेकिन उनके लिए लड़ने वाला कोई नहीं है। मानव धर्म कहता है कि अपनी संतान की रक्षा करना हर नारी का सबसे पहला धर्म और कर्तव्य है। हिंदू नारी को उसका मूलभूत कर्तव्य भुलाने के लिए देश में अनेक तरह के षड़यंत्र किए जा रहे हैं। ताकि परिवार नाम की संस्था को समाप्त कर भारत राष्ट्र ओर सनातन धर्म को मिटाया जा सके। लेकिन महाकाली वाहिनी किसी भी षड़यंत्र को कामयाब नहीं होने देगी। डा.उदिता त्यागी ने कहा कि लव जिहाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। अपराधियों को बचाने के लिए षड़यंत्र किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस विषय पर व्यापक चर्चा के लिए बुधवार से ऋषिकेश में महाकाली वाहिनी का दो दिवसीय अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। प्रैसवार्ता में डा. श्वेता शर्मा, डा.संध्या कौशिक, मधु त्यागी, रीना त्यागी भी मौजूद रही।



# हरिद्वार तो मरते दम तक नहीं छोड़ूंगा : हरीश रावत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का कहना है कि हरिद्वार में उनकी आत्मा बसती है, इसलिए हरिद्वार को वह कभी नहीं छोड़ने वाले। परिवारवाद के आरोपों पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि उनके बच्चे अपनी काबिलियत के बल पर राजनीति में अपनी जगह बना रहे हैं।



स्वयं को 'हरिद्वारी लाल', 'हरिद्वार का प्रेमी' कहे जाने के विरोधियों के सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री हरीश रावत ने कहा कि हरिद्वार की जनता ने उन्हें अपार प्रेम दिया है, जिसके लिए वह हरिद्वार के शुक्रगुजार हैं। जो उन्हें हरिद्वारी लाल कहते हैं इसमें उनके अपने स्वार्थ हैं, उनके कह देने भर से वह हरिद्वार नहीं छोड़ने वाले। हरिद्वार उनके दिल में बसता है और हरिद्वार में उनकी आत्मा। इसलिए हरिद्वार को वह मरते दम तक नहीं छोड़ेंगे। परिवारवाद के आरोपों को नकारते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने बच्चों से कह रखा रखा है कि वह राजनीति के लिए वह क्षेत्र चुनें जहां पार्टी के पास दूसरे विकल्प न हों। रावत ने कहा हरिद्वार ग्रामीण में कांग्रेस कभी नहीं जीती, अनुपमा ने यहां खुद अपनी जगह बनाई। वीरेंद्र ने पहले ही प्रयास में पार्टी के लिए सम्मानजनक प्रदर्शन किया। ये उनकी अपनी काबिलियत है। कुछ समर्थकों द्वारा साथ छोड़ने के सवाल पर रावत ने कहा कि वह वो लोग थे जो अपने निजी एजेंडे के लिए उनके साथ थे, उन्होंने उनको बहुत कुछ दिया लेकिन जब ओर महत्वाकांक्षाएं पूरी नहीं हुई तो वह साथ छोड़ गए, उन्हें समर्थक नहीं कहा जा सकता। रावत ने अपने नेतृत्व में लड़े गए चुनावों में पार्टी की हार को उत्तराखंडियत की हार बताया। उन्होंने कहा कि समग्र उत्तराखंड के विकास का जो उनका माडल था वह उसे जनता को समझा नहीं पाए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के लिए काम करने के लिए मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें बहुत कम वक्त मिला।

राजनीति से संन्यास के सवाल पर हरीश रावत ने कहा कि जबतक उनकी पार्टी के लिए,प्रदेश की जनता के लिए उनकी उपयोगिता है वह सक्रिय बने रहेंगे। उन्होंने कहा राज्य का गठन जिन आकांक्षाओं के साथ हुआ था वह पूरी नहीं हुई। राज्य के पास आज भी विकास का अपना कोई माडल नहीं है। हमारी अर्थव्यवस्था पच्चीस साल बाद भी राज्य आधारित न होकर केंद्र पर निर्भर है। पलायन से आज भी राज्य खोखला हो रहा है।

# 10वीं में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहदेवपुर में प्रथम श्रेणी में कक्षा 10 उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार हल्दियानी, अति विशिष्ट अतिथि विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य तरुण कुमार शर्मा ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले 11 छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार सैनी ने किया। वरिष्ठ अध्यापक दिनेश कुमार वर्मा ने विद्यालय की प्रगति की जानकारी देते हुए सत्र 2010-11 के विद्यालय के पूर्व छात्र शुभम कुमार का इसरो में वैज्ञानिक के रूप में चयन हुआ। अति विशिष्ट अतिथि तरुण कुमार ने छात्रों का आह्वान किया कि जीवन में बड़ा बनना है तो बड़ों का सम्मान करें। परिश्रम का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। मुख्य शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार हल्दियानी ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मोबाइल का कम से कम प्रयोग करें। केवल शैक्षिक प्रयोग के लिए ही मोबाइल का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि उन्होंने 2022 में इस विद्यालय गोद लिया था। आज विद्यालय की प्रगति की गति देखकर उन्हें अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है। कार्यक्रम में सम्मिलित अध्यापक दिनेश कुमार वर्मा, राजेश कुमार सैनी, प्रमोद कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार गौड़, राजेंद्र सिंह, कु.तरुणा धीमान, जावेद आलम, पीटीए अध्यक्ष प्रवीण कुमार, एसएमसी अध्यक्ष प्रताप सिंह एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मंजीत सिंह सहित अभिभावक व ग्रामीण शामिल रहे। प्रधानाचार्य किशोरी सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**

ब्यूरो चीफ

**शाह टाइम्स हरिद्वार**

कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार

मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# नवनियुक्त नगर आयुक्त पाण्डेय ने संभाला कार्यभार

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** निवर्तमान नगर आयुक्त नमामी बंसल ने नगर निगम, देहरादून का कार्यभार नवनियुक्त नगर आयुक्त आलोक कुमार पाण्डेय को विधिवत रूप से हस्तांतरित किया ।

इस अवसर पर महापौर सौरभ थपलियाल ने निवर्तमान नगर आयुक्त के कार्यकाल के दौरान किए गए प्रशासनिक कार्यों, जनहित से जुड़े प्रयासों एवं नगर विकास में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की।

साथ ही उनके कार्यकाल में नगर निगम द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्यों की प्रशंसा भी की गई। इसके साथ नवनियुक्त नगर आयुक्त



**महापौर सौरभ थपलियाल ने निवर्तमान नगर आयुक्त नमामि बंसल के कार्यकाल को सराहा**

आलोक कुमार पाण्डेय का स्वागत किया गया। निवर्तमान नगर आयुक्त नमामी बंसल द्वारा अपेक्षा व्यक्त की गई कि नगर निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भविष्य में भी टीम भावना के साथ समन्वय स्थापित करते हुए नगरहित एवं जनहित के कार्यों का प्रभावी रूप से संपादन करते रहेंगे।नवनियुक्त नगर आयुक्त आलोक पाण्डेय महोदय ने नगर निगम की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने की बात कही।

साथ ही शहर के विकास, स्वच्छता व्यवस्था एवं नागरिक सुविधाओं के प्रभावी संचालन को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। नवनियुक्त नगर आयुक्त पाण्डेय ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी जायेगी। उन्होंने कहा की बरसात का सीजन शुरू होने वाला है इसके लिए उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपेक्षा करते हुए कहा कि सभी समन्वय बनाकर कार्य करेगे। उन्होंने कहा की नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सरकारी और सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान जारी रहेगा। शहर की जनता को कोई परेशानी न हो इस पर गंभीरता से ध्यान दिया जायेगा।

# शिवालिक एकेडमी के विद्यार्थियों ने किया क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र का शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** शिवालिक अकादमी द्वारा कक्षा 6 के विद्यार्थियों के लिए क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र में शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सिद्धांतों एवं नवीन तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था।

विद्यार्थियों ने वहाँ विभिन्न वैज्ञानिक प्रदर्शनों जैसे राइजिंग आर्च, वर्चुअल हार्प, स्नेक पेंडुलम, वेव मोशन, कैलिडोस्कोप, फ्लोटिंग बॉल तथा सैंड आर्ट्स को देखा और समझा। इसके साथ ही उन्होंने वर्टिकल फार्मिंग, नैनोपार्टिकल्स, कार्बन नैनोट्यूब्स, इंटेलिजेंट मटेरियल्स तथा शेप मेमोरी एलॉय जैसी आधुनिक तकनीकों के बारे में



भी जानकारी प्राप्त की।

हिमालयन गैलरी में विद्यार्थियों ने हिमालय की उत्पत्ति और विकास, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता, जीवाश्म तथा पारंपरिक हिमालयी संस्कृति के विषय में ज्ञान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने 3क् अंडरवॉटर शो और तारामंडल का भी आनंद लिया, जहाँ उन्होंने समुद्री जीवन, तारों तथा अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में रोचक जानकारियाँ हासिल कीं।

इस शैक्षिक भ्रमण में विद्यालय प्रधानाचार्या रजनी त्यागी, शिक्षिकाएं मीनू सिंह, रुचि उनियाल, शिवानी नाकोटी, संतोषी और इशिता भी विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।

# सेपियंस छात्र लक्की रावत का विज्ञान कार्यशाला में भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस स्कूल विकासनगर के कक्षा दसवीं के छात्र लक्की रावत ने युवा विज्ञानी कार्यशाला 2026 में 11 से 22 मई तक आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया जिसका आयोजन भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान इसरो, देहरादून द्वारा आयोजित किया गया। पूरे उत्तराखण्ड से 11 विद्यार्थियों का चयन किया गया जिसमें लक्की रावत ने अपना अच्छा प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, विद्यालय निदेशिका रश्मि गोयल, प्रधानाचार्य नवीन तनेजा एवं समस्त शिक्षकगणों द्वारा छात्र लक्की रावत को हार्दिक शुभकामनाएँ दी गई।

### राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान के अंतर्गत

# देहरादून का 100वां विद्यालय बना राजकीय इंटर कॉलेज बिसोगिलानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** जौनसार-बाबर क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज बिसो. गिलानी में सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण के मार्गदर्शन में संचालित राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान के अंतर्गत राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान, देहरादून के निदेशक डॉ. रवीन्द्र कुमार सैनी, सहयोगी डॉ. नरेंद्र सिंह तोमर तथा डॉ. नीरज कुमार सैनी ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रप्रेम, आदर्श नागरिकता एवं नैतिक मूल्यों के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान "राष्ट्र प्रथम



सदैव प्रथम", "जय हिंद जय भारत", "वंदे मातरम" तथा "भारत माता की जय" जैसे राष्ट्रभक्ति के उद्घोषों से विद्यालय परिसर गुंजायमान हो उठा। वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को भारत के महान क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता सेना. नियों के बलिदान का महत्व बताते हुए जापान की तरह अनुशासित एवं राष्ट्रनिष्ठ नागरिक बनने का संदेश दिया। विद्यार्थियों को "नेशन फर्स्ट" के सिद्धांत पर चलकर भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने हेतु संकल्प दिलाया गया। साथ ही यह शपथ भी दिलाई गई कि वे सदैव "देश प्रथम सदा प्रथम" की भावना को आत्मसात करते हुए देशप्रेमी बनेंगे, न कि केवल नोट प्रेमी।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार से दूर रहने, अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति सजग रहने तथा समाज एवं राष्ट्रहित में सकारात्मक भूमिका निभाने की प्रेरणा दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह रावत ने अभियान की सराहना करते हुए इसे वर्तमान समय की अत्यंत आवश्यक एवं सार्थक पहल बताया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने राष्ट्र निर्माण हेतु अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प लिया।

## एक नजर .......

# चकराता में नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित, 60 लोगों की हुई जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** श्री सत्य साई सेवा समिति ओली चकराता के तत्वावधान में विवेकानंद अस्पताल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चकराता में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लगभग 60 लोगों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विपिन चंद्रा ने मरीजों की जांच की। जांच के दौरान 14 लोगों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई, जिनमें से 12 मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन हेतु विवेकानंद अस्पताल देहरादून भेजा गया। इस अवसर पर श्री सत्य साई सेवा समिति ओली चकराता के संयोजक सूरज प्रकाश कौल ने लोगों से आंखों की साफ-सफाई एवं नियमित जांच के प्रति जागरूक रहने की अपील की। शिविर में विवेकानंद अस्पताल से आए पीयूष भारती और अनील कुमार के साथ समिति के कुंदन सिंह चौहान, अभिनव कौल, नंदलाल खन्ना तथा अनील जौनसारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने ऑल सेन्ट कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल ने सोमवार को ऑल सेन्ट कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक के साथ अभिभावकों की ओर से प्राप्त विभिन्न शिकायतों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान विद्यालय शुल्क (फीस) से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें अभिभावकों द्वारा उठाई गई शिकायतों एवं सुझावों पर विचार-विमर्श करते हुए विषय का समाधान किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के लिए ली जाने वाली फीस के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि विद्यालय में आने वाले अभिभावकों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना जाए तथा उनका समयबद्ध एवं सकारात्मक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर संवाद एवं समन्वय बनाए रखना आवश्यक है, जिससे विद्यार्थियों के हित में बेहतर शैक्षणिक वातावरण विकसित हो सके। बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी पूनम चौहान तथा ऑल सेन्ट कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक जॉस टी. जे. उपस्थित रहे।

# हाईलैंड स्कॉलर्स स्कूल में कोमपिटेंसी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क ऑन स्कूल एजुकेशन के उद्देश्य से हाईलैंड स्कॉलर्स स्कूल बाबूगढ़ विकासनगर में सीबीएसई के मार्गदर्शन में कोमपिटेंसी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन अमित चौधरी थी। हाईलैंड्स स्कॉलर्स स्कूल के प्रिंसिपल संजीव कुमार ने रिसोर्स पर्सन व सभी अध्यापकों का स्वागत किया। स्कूल के संस्थापक एमडी डा. सुभाष चंबेल, अमित चौधरी व नीतू कांत उनियाल ने टीचिंग की बारिकियां समझाते हुए नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर स्कूल के प्रिंस. िपल संजीव कुमार, एमडी डा. सुभाष चंबेल, प्रबंधक अभय चंबेल व अध्यापकों में मीनाक्षी शर्मा, सुशीला चौहान, रितु मेहर, मोनिका कपिल, राकेश ठाकुर, संध्या, दीपिका, सुनिता, सविस्ता सोनी व सभी स्टाफ मेंबर्स मौजूद रहे।

# टीएचडीसी के कर्मचारियों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

**धूमधाम से कंपनी में आयोजित किया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा-2026**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा श्स्वच्छता पखवाड़ा-2026श धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े के तहत संस्थान में विभिन्न गति. विधियां की जा रही है और कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता का संकल्प लिया गया।

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सिपन कुमार गर्ग ने बताया कि टीएचडीसीआईएल द्वारा स्वच्छता, साफ-सफाई, स्वच्छता व्यवस्था,



पर्यावरण जागरुकता और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समर्पित प्रयासों के साथ श्स्वच्छता पखवाड़ाश मनाया जा रहा है। यह पहल टीएचडीसी की स्वच्छता और पर्यावरणीय सततता को बढ़ावा देने के साथ-साथ सामूहिक जिम्मेदारी और जन-जागरूकता के माध्यम से एक स्वस्थ और स्वच्छ समाज के निर्माण के प्रति टीएचडीसीआईएल की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यपालक निदेशक नीरज वर्मा ने टीएचडीसीआईएल कॉर्पोरेट कार्यालय ऋषिकेश के स्वच्छता की शपथ दिलाई, जिसमें स्वच्छता बनाए रखने और स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने के प्रति सामूहिक संकल्प की पुष्टि की गई।

इसके अलावा टीएचडीसीआईएल के परियोजना स्थलों और आस-पास के समुदायों में जागरुकता और आउटरीच से संबंधित कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वच्छता, साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उध्देश्य से सार्वजनिक स्थलों जानकी सेतु और त्रिवेणी घाट आदि जगहों में स्वच्छ भारत, हरित भारत, स्वस्थ भारतष्की थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया।

# आनंद रावत अध्यक्ष व चिंतामणि बने पीटीए संघ के सचिव

**नई टिहरी।** विकास खंड प्रतापनगर की पट्टी भदूरा के बिरलैंट विक्टोरियस स्कूल बनियाणी में शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठक आयोजित की गई जिसमे विद्यालय के विकास एवं शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई बैठक मे शिक्षक-अभिभावक संघ की नवीन कार्यकारिणी का गठन भी किया गया जिसमें आनंद सिह रावत को अध्यक्ष तथा चिंतामणि पैन्यूली को सचिव चुना गया इसके अलावा बलबीर सिह रावत, मीना देवी, अनु देवी, सिरताज सिह रमोला, विनीता देवी को कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया इस अवसर पर उत्तराखंड ग्रामीण बैंक शाखा लिखवारगांव की ओर से विद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए प्रोत्साहित किया गया कार्यक्रम में मौजूद शाखा प्रबंधक हिंमाशु शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण बैंक शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे विद्यालयों के बच्चों को प्रोत्साहित करने तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से इस प्रकार की पहल करता रहता है उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के जीवन को नई दिशा देने का सबसे बड़ा माध्यम है इस अवसर पर विधालय के प्रबंधक दिनेश प्रसाद पैन्यूली, महेश रावत, अभिषेक चौहान मातबर सिह रांगड, राकेश चंद्र पैन्यूली ,अनिल कुमार, भूपति रावत, कु. सृष्टि रावत मौजूद थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर कालेज में शपथ ग्रहण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज बाबूगढ विकासनगर में शिशु भारती, कन्या भारती तथा छात्र संसद के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, मुख्य अतिथि नारायण ठाकुर (ब्लॉक प्रमुख विकासनगर), अध्यक्ष सुशील अग्रवाल (व्यवस्थापक, सविम बाबूगढ़), विशिष्ट अतिथि मयंक सेमवाल (महासचिव बार एसोसिएशन, विक. ासनगर), रोशन नेगी (अध्यक्ष, गढ़वाल सभा विकासनगर) के द्वारा किया गया। अतिथियों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले कन्याभारती चयनित पदाधिकारी 'न्यायाधीश' कनक 12 बी, 'प्रधानमंत्री' आरती 12 बी, 'उपप्रधानमंत्री' दिव्यांशी राणा 11 डी, 'सेना. पति' अनुष्का 12 बी, 'उपसेनापति' सृष्टि रावत 11 ए, 'अध्यक्ष' अनामिका नेगी 12 बी, 'उपाध्यक्ष' अक्षिता राणा 12 सी, 'सचिव' लक्ष्मी 12 बी, 'उपसचिव' आयुषी चौहान 11 बी, छात्र संसद चयनित पदाधिकारी 'प्रधानमंत्री' रौनित सजवाण, 'उपप्रधानमंत्री' दिव्यांशु रोहिला, 'न्यायाधीश' सूरज, 'सेनापति' आर्यन चौहान, 'उपसेनापति' अंकित, शिशु भारती चयनित पदाधिकारी तेजस्वी चौधरी 'अध्यक्ष', कुंज 'उपाध्यक्ष', रामेश्वर मण्डारी 'मंत्री', आदित्य 'उपमंत्री', अरनव 'सेनापति', सोनाक्षी चौहान 'उपसेनापति'। कार्यक्रम में बाज सिंह, पंकज नौटियाल, विमलेश त्यागी, कंचन डबराल, चंद्रप्रकाश शर्मा, गुलजार सिंह, भावना शर्मा, गीता देवी सहित विद्यालय परिवार अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# चकराता महाविद्यालय में उद्यमिता ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत एक दिवसीय उद्यमिता ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में स्वरोजगार, नवाचार एवं उद्यमिता के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता सपना नेगी ने कहा कि वर्तमान समय में उद्यमिता युवाओं



**विद्यार्थियों को रोजगार सृजन की दिशा में आगे बढ़ने की सलाह दी गई**

के लिए रोजगार का प्रभावी माध्यम बनकर उभरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वरोजगार के अवसरों की पहचान कर अपने नवीन विचारों को व्यवसायिक रूप देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आशुतोष शरण ने की। उन्होंने कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना युवाओं को आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। विद्यार्थियों को नौकरी तलाशने के बजाय रोजगार सृजन की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. मंजू अग्रवाल ने योजना के उद्देश्यों एवं स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को कौशल विकास और उद्यमिता क्षमता बढ़ाने के लिए योजना से जुड़ने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. प्रवेश के. त्रिपाठी ने उद्यमिता विषय पर व्याख्यान दिया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वित. रित किए गए। महाविद्यालय परिवार ने ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम में विनोद जोशी, अर्जुन सिंह सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# क्षेत्राधिकारी ने किया थाना लम्बगांव का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी टिहरी श्री चंदमोहन सिंह ने थाना लम्बगांव का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, अभिलेखों, शस्त्रागार, मालखाना, आपदा उपकरणों एवं थाना परिसर का गहनता से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान थाना लम्बगांव में उपलब्ध आर्म्स एवं एम्यूनिशन का भौतिक सत्यापन किया गया तथा पुलिस कार्मिकों को शस्त्रों की सुरक्षित हैंडलिंग एवं प्रभावी उपयोग के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही शस्त्रों के रख-रखाव एवं आपात



परिस्थितियों में त्वरित उपयोग हेतु सतर्क रहने के निर्देश दिए गए।

थाना क्षेत्र आपदा की दृष्टि से संवे. दनशील होने के कारण उपलब्ध आपदा राहत एवं बचाव उपकरणों का निरीक्षण किया गया। क्षेत्राधिकारी महोदय द्वारा दैवीय आपदा, भूस्खलन एवं अन्य आपात परिस्थितियों में उपकरणों के प्रभावी उपयोग हेतु पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान माल मुक. दमाती, मुकदमाती वाहनों एवं मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सीज वाहनों का निरीक्षण कर उनके उचित रख-रखाव एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों, रजिस्टरों, लंबित विवेचनाओं एवं प्राप्त प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए। साथ ही कैश बुक एवं विविध निधि कैश बुक का निरीक्षण किया गया, जिसमें अभिलेख सही पाए गए। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, भोजनालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला सहायता डेस्क एवं शिशु सहायता पटल की साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। क्षेत्राधिकारी महोदय द्वारा स्वच्छ एवं अनुशासित कार्य वातावरण बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। तत्पश्चात थाना पर नियुक्त समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का सम्मेलन आयोजित कर उनकी व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं की जानकारी ली गई तथा उनके निराकरण का आश्वासन दिया गया। साथ ही सभी कार्मिकों को जनसामान्य के साथ मधुर व्यवहार रखते हुए संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ ड्यूटी निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना क्षेत्र के व्यापार मंडल, टैक्सी यूनियन एवं स्थानीय जनमानस के साथ गोष्ठी आयोजित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया। क्षेत्राधिकारी महोदय द्वारा सभी से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने, यातायात नियमों का पालन करने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई।

# विधायक ने किया इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** विधानसभा विकासनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जीवनगढ़ के वार्ड संख्या 14, लाइन जीवनगढ़, सेपियंस स्कूल सईपुरी कॉलोनी, शक्ति विहार, डॉक्टरगंज एवं गणेश मंदिर (डाकपत्थर रोड) क्षेत्र में इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया।

लगभग 177.40 लाख की लागत से बनने वाली इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी तथा क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा इस सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसके शुरू होने पर



स्थानीय नागरिकों में उत्साह एवं खुशी का माहौल देखने को मिला। स्थानीय निवासियों ने कहा कि शिवपुरी क्षेत्र की यह मांग पिछले लगभग 25 वर्षों से लंबित थी। विधायक मुन्ना सिंह चौहान द्वारा सड़क निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान कर कार्य प्रारंभ करवाए जाने पर क्षेत्रवासियों में विशेष खुशी है।

इस मौके पर ग्राम प्रधान जीवनगढ़ रेखा शर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सरदार जसवेंद्र सिंह बिट्टू, रिकेश शर्मा, मनीष चतुर्वेदी, पूर्व प्रधान जीवनगढ़ हुसेंदिन, नबाव, सुधा बिजलवान, फतेह आलिम, जहूर एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य सुषमा राणा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सड़क पर नमाज, खुले में कुर्बानी नहीं होगी

## कुर्बानी के लिए प्रशासन ने चिन्हित किए 12 स्थान, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ईद-उल-अजहा को लेकर पुलिस-प्रशासन ने साफ कर दिया है कि किसी भी ऐसी सड़क पर नमाज अता नहीं की जाएगी, जहां यातायात प्रभावित हो। प्रशासन ने कुर्बानी के लिए 12 स्थान चिन्हित किए हैं और इन्हीं स्थानों पर पर्दे के पीछे कुर्बानी कराई जाएगी। नालियों में खून बहाने और खुले में अवशेष रखने पर रोक रहेगी। मंगलवार को हल्द्वानी कोतवाली सभागार में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में एपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई व नगर आयुक्त पारितोष वर्मा ने मुस्लिम समुदाय से पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। अधिकारियों ने अफवाहों और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट से बचने की भी चेतावनी दी। बैठक में तय किया गया कि सभी संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ ही खुफिया तंत्र भी तैनात रहेगा



और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल लगातार निगरानी करेगी। एसपी सिटी ने बताया कि कुर्बानी के लिए 12 स्थान चिह्नित हैं। इन्हीं स्थानों पर कुर्बानी होगी। इसके अलावा स्थानों पर गड्ढे बनाए गए हैं, जहां पर अवशेषों को दफन किया जाएगा। अवशेषों को हटाने की जिम्मेदारी नगर निगम की होगी। इसके लिए नगर निगम की कई टीमें लगाई जाएंगी, जो कुर्बानी स्थल से अवशेषों को ढक कर गड्ढे तक ले जाएंगी। बैठक में सफाई व्यवस्था, पानी के टैंकर, निर्बाध बिजली आपूर्ति और कानून व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। हल्द्वानी कोतवाली के अलावा थाना मल्लीताल, भवाली, लालकुआं बनभूलपुरा, काठगोदाम व मुखानी में गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों, व्यापार मंडल पदाधिकारियों, पीस कमेटी सदस्यों व विभिन्न समुदायों के लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

## ईद पर पहाड़ों की ओर बाइकों की एंट्री बंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

### ट्रैफिक व्यवस्था पर रहेगा फोकस

**हल्द्वानी।** पर्यटकों से पहाड़ पैक हैं और सड़कों पर वाहनों का भारी दबाव बना हुआ है। ऐसे में ईद की छुट्टियों के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। हर बार की तरह इस बार भी ईद पर पहाड़ की ओर जाने वाले दोपहिया वाहनों पर पाबंदी रहेगी। इसका असर उन चारपहिया वाहनों पर भी पड़ सकता है, जिनमें सवार होकर लोग घूमने के लिए पहाड़ की ओर जाना चाहते हैं। पुलिस का मानना है कि दोपहिया वाहनों की वजह से यातायात सबसे अधिक प्रभावित होता है। पहाड़ी मार्गों पर पहले से ही ट्रैफिक का भारी दबाव है। ऐसे में काठगोदाम और हल्द्वानी से ही बैरिकेडिंग कर बाहरी दोपहिया वाहनों को रोका जाएगा। प्रशासन को आशंका है कि आसपास के जिलों और पड़ोसी राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक बाइक के जरिए पहाड़ों की ओर रुख करेंगे, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो सकती है। इसी को देखते हुए पुलिस ने नैनीताल शहर, कैंची धाम समेत अन्य पहाड़ी इलाकों की ओर बाहरी दोपहिया वाहनों की एंट्री पर अस्थायी रोक लगाने की तैयारी कर ली है। हर साल ईद और लंबे वीकेंड के दौरान रामपुर, मुरादाबाद, ऊधमसिंह नगर समेत आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवक बाइक और टैक्सी बाइकों से नैनीताल पहुंचते हैं। एसपी क्राइम व यातायात डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि दोपहिया वाहनों के लगातार प्रवेश से ट्रैफिक नियंत्रण मुश्किल हो जाता है। यही वजह है कि इस बार विशेष प्रतिबंध लागू किया जा रहा है। एसपी यातायात एवं क्राइम डा. जगदीश चन्द्र ने बताया कि यातायात योजना के तहत जिले के बाहर से आने वाले पर्यटकों की बाइकें काठगोदाम और कालाढूंगी क्षेत्र में ही रोक दी जाएंगी। वहां से यात्रियों को शटल सेवा और सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से नैनीताल एवं कैंची धाम भेजा जाएगा। प्रशासन का कहना है कि यह व्यवस्था पर्यटकों की सुरक्षा और शहर में सुचारु यातायात बनाए रखने के उद्देश्य से लागू की जा रही है।

# सोते वक्त युवक की जलकर मौत

## सिगरेट या क्वाइल से हादसे की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** घर में सोते समय एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों झुलस गया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए काशीपुर से हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर उसने बीते सोमवार की रात उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस हादसे के पीछे जलती सिगरेट या मच्छर मारने वाली क्वाइल को संभावित कारण माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। जानक. ारी के अनुसार ऊधमसिंह नगर जिले के काशीपुर स्थित सुभाषनगर में रहने वाला 32 वर्षीय शुभम कुमार गुप्ता पुत्र सर्वेश कुमार गुप्ता बीती 5 मई को हादसे का शिकार हुआ। बताया जाता है कि घटना से पहले युवक घर में बिस्तर पर लेटा था। अनुमान जताया जा रहा है कि सोते वक्त अचानक उसके कपड़ों में आग लग गई। आग से वह बुरी तरह झुलस गया। जिसे आनन फानन में उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल लाया गया जहां पर उसकी हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे सुशीला तिवारी रेफर कर दिया। बीते सोमवार की रात युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शुभम के करीबियों का मानना है कि वह सिगरेट पीने का आदी थी। घटना की रात कमरे में मच्छर मारने वाली क्वाइल भी जल रही थी। इस क्वाइल के अलावा अनुमान जताया जा रहा है कि सिगरेट पीते-पीते शुभम सो गया और जलती सिगरेट उसके ऊपर गिर गई। इस घटना में शुभम का चेहरा, गला से कूल्हे के अलावा दोनों हाथ, बाई जांघ जल गया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

## सूखी नदी पर पुल निर्माण न होने से ग्रामीणों में आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौलापार क्षेत्र के विजयपुर गांव में सूखी नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण एसडीएम कोर्ट पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार कुलदीप पांडे को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर पुल निर्माण को लेकर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्रवासी भूख हड़ताल शुरू करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि विजयपुर क्षेत्र घनी आबादी वाला इलाका है और गांव तक पहुंचने के रास्ते में पड़ने वाली सूखी नदी बरसात के दौरान लोगों की परेशानी का बड़ा कारण बन जाती है। बारिश में नदी में पानी बढ़ने से आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है और लोगों को जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूली बच्चे बरसात के दिनों में स्कूल नहीं पहुंच पाते, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती उन्होंने कहा कि पूर्व में पुल निर्माण का शिलान्यास भी किया जा चुका है, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने प्रशासन से बरसात से पहले सभी औपचारिकताएं पूरी कर पुल निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य लीला बिष्ट, अर्जुन बिष्ट, परमानंद, शांति, गीता, कुंती देवी, किरन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में बच्चों के लिए तीन दिवसीय समर कैंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में कक्षा एक से पांचवीं तक के बच्चों के लिए तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने विभिन्न मनोरंजक और रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समर कैंप के दौरान बच्चों के लिए पपेट शो, स्टोरी टेलिंग, इंडोर गेम्स, डांस, एस्ट्रो एक्टिविटी, आर्ट एंड क्राफ्ट, मूवी टाइम और आइसक्रीम पार्टी जैसी आकर्षक गतिविधियां आयोजित की गई। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने मनोरंजन के साथ नई जानकारियां भी प्राप्त की। विद्यालय के प्रबंधक डा. दीपक बल्यूटिया, प्रबंधिका डा. गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उपप्रधानाचार्य ममता तेजा और को-ऑर्डिनेटर प्रियंका शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही भीषण गर्मी से बचाव के प्रति भी जागरूक किया। प्रधानाचार्य अनुराग माथुर ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के मान. सिक और रचनात्मक विकास में सहायक होते है। समर कैंप में बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लेकर सभी गतिविधियों का भरपूर आनंद उठाया। विद्यालय प्रबंधन ने इसे बच्चों के लिए यादगार अनुभव बताया।

## एससी-एसटी समाज की लंबित मांगों को लेकर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एससी-एसटी समुदायों के संवैधानिक अधिकारों एवं विकास से जुड़ी लंबित मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार को पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया संगठन ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन



भेजकर शीघ्र ही समस्याओं का समाधान करने की मांग की। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रदेश में स्पेशल कम्पोनेंट प्लान एवं सब ट्राइबल प्लान के तहत आवंटित धनराशि का शत-प्रतिशत उपयोग एससी-एसटी समुदायों के विकास कार्यों में किया जाए। साथ ही विभिन्न विभागों में लंबित पड़े लगभग 30 हजार बैकलॉग पदों को विशेष अभियान चलाकर भरा जाए। इसके साथ ही एससी-एसटी समुदाय के छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति प्रक्रिया को पूर्व की भांति सरल बनाने, वृद्धावस्था, विधवा एवं विकलांग पेंशनधारकों का नियमित सर्वेक्षण कर पेंशन आवंटन सुनिश्चित करने तथा कर्मचारी एवं अधिकारियों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया बहाल करने की मांग भी उठाई। इसके अतिरिक्त उत्तराखंड उच्च न्यायालय, अधीनस्थ न्यायालयों एवं तहसील परिसरों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज के अधिवक्ताओं को निर्धारित आरक्षण के अनुरूप स्टैंडिंग काउंसिल, ब्रीफ होल्डर एवं अन्य पदों पर नियुक्ति देने की भी मांग रखी गई। ज्ञापन देने वालो में प्रदेश संगठन सचिव एडवोकेट गंगा प्रसाद, जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण, योगिता दीप, लखन चन्द्र, रमेश चन्द्र, अंशुमन सहित कई लोग मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, दो माह से था फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पिछले दो माह से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी घटना के बाद लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से बेहरिया बैरिया, बेतिया, पश्चिमी चम्पारण, बिहार निवासी मिथुन उर्फ मिथुन चौधरी पुत्र अवद चौधरी शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे हैं। बच्चे और पत्नी बिहार में रहते हैं। जबकि जयदेवपुर, आरटीओ, मुखानी में मिथुन चौधरी कश्मीर सिंह नाम व्यक्ति के घर में किराए पर रहता है और मकान बनाने का ठेका लेता है। आरोप है कि दो माह पहले मिथुन ने एक नाबालिग लड़की को अपने झांसे में लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद से आरोपी पुलिस से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था लेकिन पुलिस ने बीती 25 मई सोमवार को उसे जयदेवपुर से गिरफ्तार कर लिया, और उसे न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। टीम में उपनि. रीक्षक कुमकुम धानिक, एसओजी कांस्टेबल भानु प्रताप ओली शामिल रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों और महिलाओं को मिले बेहतर सुविधाएं: योगेश सिंह रजवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार को ब्लॉक सभागार में उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य योगेश सिंह रजवार की अध्यक्षता में बाल विकास परियोजना विभाग नगरीय क्षेत्र की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रों में संचा. लित विभिन्न योजनाओं एवं व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान आयोग सदस्य योगेश सिंह रजवार ने बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर सुपरवाइजरों से आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित बाल पोषण एवं महिला पोषण योजना, महालक्ष्मी किट, रेडी



टू ईट, अनुपूरक पोषाहार, आंचल अमृत योजना, नंदा गौरा योजना तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति एवं लाभार्थियों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। बैठक के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा रखी गई विभिन्न समस्याओं का संज्ञान लेते हुए आयोग सदस्य ने बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देश दिए कि समस्याओं के समाधान के लिए पत्रचार के माध्यम से शासन स्तर तक अवगत कराया जाए, ताकि जल्द से जल्द उनका निस्तारण हो सके और केंद्रों पर बच्चों को स्वस्थ एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। योगेश सिंह रजवार ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए आधार कैंप आयोजित किए जाएं। साथ ही बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने तथा निराश्रित बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में बाल विकास परियोजना अधिक. ारी किरन जोशी, सेक्टर सुपरवाइजर एवं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रही।

## समिति ने एआरटीओ को ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौला खनन मजदूर संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने परिवहन कार्यालय पहुंचकर



एआरटीओ को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान समिति ने गौला खनन से जुड़े वाहनों के सफल संचालन के लिए प्रशास. निक सहयोग की सराहना करते हुए अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सामान्यत: प्रत्येक माह की 31 तारीख को गौला से जुड़े अधिकतर वाहनों के कर संबंधी कार्य संपन्न किए जाते हैं, लेकिन इस बार 31 मई को रविवार होने के कारण परिवहन कार्यालय बंद रहेगा। ऐसे में वाहन स्वामियों को एक माह के टैक्स के नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। समिति ने मांग की कि 31 मई को विशेष रूप से कार्यालय खोला जाए, ताकि सभी वाहन स्वामी समय पर कर संबंधी औपचारिकताएं पूरी कर सकें और किसी प्रकार की आर्थिक हानि से बचा जा सके। एआरटीओ ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इस संबंध में आरटीओ से चर्चा कर उचित निर्णय लिया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र सिंह बिष्ट, राजेंद्र सुयाल, राजेश बिष्ट, कमल मेहरा, मोहन चंद सहित लोग मौजूद रहे।

## धरना दूसरे दिन भी जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समय पर वेतन भुगतान समेत आठ सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ का धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। तिकोनिया स्थित कार्यालय परिसर में संविदा कर्मियों ने प्रदर्शन कर प्रबंधन पर उपेक्षा और उत्पीड़न का आरोप लगाया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से मांगें उठाई जा रही है, लेकिन प्रबंधन उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रहा है। संविदा कर्मियों ने आरोप लगाया कि श्रमिकों की श्रेणी में बदलाव तक नहीं किया जा रहा है। बढ़ती महंगाई में परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। धरना प्रदर्शन में शाखा अध्यक्ष महेश चंद्र, सचिव पवन कुमार, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, संरक्षक गोविंद आर्या, गिरीश चंद्र, श्याम सिंह, विजय चंद्र सेन, श्याम सिंह, घनश्याम सिंह रावत, मोहन सिंह संभल आदि थे।

# कैंसर मरीज़ों को मिले बेहतर उपचार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विभिन्न मांगों को लेकर को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक शिष्टमंडल ने स्वामी राम कैंसर संस्थान के निदेशक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

राहुल छिमवाल ने कैंसर जैसी घातक बीमारी के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए संस्थान में आधुनिक उपचार सुविधाओं के विस्तार की मांग की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री पंडित नारायण दत्त तिवारी की परिकल्पना थी कि पहाड़ के मरीजों को कैंसर उपचार के लिए बाहर न भटकना पड़े, इसी उद्देश्य से इस अस्पताल की स्थापना की गई थी। लेकिन वर्तमान में संस्थान में कई आवश्यक सुविधाओं का अभाव बना हुआ है।

छिमवाल ने कहा कि अस्पताल की स्थापना के इतने वर्षों बाद भी यहां कैंसर सुपर स्पेशलिस्ट सर्जन की नियुक्ति न होना गंभीर चिंता का विषय है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि कैंसर उपचार से संबंधित सभी आधुनिक सुविधाएं संस्थान में तत्काल उपलब्ध कराई जाएं तथा कैंसर सुपर स्पेशलिस्ट सर्जन की शीघ्र नियुक्ति की जाए, ताकि पर्वतीय क्षेत्रों के मरीजों को हल्द्वानी में ही उच्च स्तरीय इलाज मिल सके। साथ ही अस्पताल के व्यापक विस्तार की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया, जिससे इसके निर्माण की मूल परिकल्पना साकार हो सके। इस दौरान हेमंत बगड़वाल, नरेश अग्रवाल, मनोज शर्मा, जीवन सिंह कार्की, अवध बिहारी शर्मा, संजय पाल, समर नेगी, विजय लटवाल, बालम जोशी मौजूद रहे।

## समर कैंप को बताया तुगलकी फरमान

**हल्द्वानी।** शिक्षा विभाग द्वारा भारतीय भाषा समर कैंप को लेकर जारी नए निर्देशों पर शिक्षकों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। ग्रीष्म अवकाश के दौरान समर कैंप आयोजित करने के आदेशों के बीच उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपना विरोध दर्ज किया है। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी ने कहा कि पिछले वर्ष आयोजित समर कैंप के लिए अभी तक न तो भुगतान किया गया है और न ही ग्रीष्म अवकाश के दौरान किए गए कार्य के बदले किसी प्रकार का प्रतिकर दिया गया है। कई बार अनुस्मारक और पत्रचार के बावजूद भुगतान लंबित रहने से शिक्षकों में नाराज़गी है। उन्होंने कहा शिक्षकों को पहले ही बीएलओ कार्य और जनगणना जैसे दायित्वों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगाया गया है, और अब भीषण गर्मी तथा हीट वेव की स्थिति के बीच बिना बजट और संसाधनों के समर कैंप लगाने के निर्देश जारी किए जा रहे हैं, जो अनुचित है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गीता के कर्मयोग को जीवन में उतारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज ने उप कारागार हल्द्वानी में आयोजित गीता सत्संग के दौरान बंदियों को श्रीमद्भगवत गीता के कर्मयोग का संदेश देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतरण जेल में हुआ था, लेकिन अपनी आध्यात्मिक चेतना और कुरुक्षेत्र में अर्जुन को दिए गए गीता उपदेश के कारण वे योग. ीराज कहलाए। उन्होंने कहा कि आवेश में आकर किए गए अपराध के कारण आज कई



लोग जेल में हैं, लेकिन यदि वे गीता के कर्मयोग को जीवन में उतार लें और सही मार्ग पर चलें तो उनका वर्तमान और भविष्य दोनों सुधर सकते हैं। इससे पूर्व योगाचार्य डा. बिपिन जोशी ने आदर्श जीवन के लिए योग और ध्यान को आवश्यक बताते हुए बंदियों को योगाभ्यास एवं ध्यान कराया। कार्यक्रम के दौरान ज्ञानानंद महाराज ने डिप्टी जेलर नीलम धामी को श्रीमद्भगवत गीता ग्रंथ एवं प्रसाद भेंट किया। इसके बाद हल्द्वानी के मेयर गजराज सिंह बिष्ट के आवास पर गीता के पंद्रहवें अध्याय पुरुषोत्तम योग का पाठ किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने गीता मनीषी का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इधर राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ज्ञानानंद महाराज ने गीता के गूढ़ रहस्यों को सरल भाषा में समझाते हुए विद्यार्थियों से आदर्श जीवन के लिए गीता के सिद्धांतों को अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान इंदिरा प्रियदर्शनी डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने विशेष योग आसनों का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को आकर्षित किया। कार्यक्रमों में मेयर गजराज सिंह बिष्ट, विकास किरौला, अशोक पाल, डा. योगिता पाल, डा. ज्योति चुफाल, गिरीश पांडे सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कार्यालय नगर निगम, ऋषिकेश (देहरादून)।

Haridwar Road, Rishikesh, Distt - Dehradun, Pin-249201
www.nagarnigamrishikesh.com, npprishikesh@gmail.com
0135-2430015, 18003135292

पत्रांक : 736/निविदा-निर्माण/2026-27 दिनांक : 26 मई, 2026

### ई-निविदा सूचना

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ई-पोर्टल पर निविदा उपलब्ध कराने की तिथि व समय | ई-पोर्टल पर निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय | बिड खोलने की तिथि व समय | निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रायवाला में नगर निगम, ऋषिकेश को आवंटित भूमि पर बाउण्ड्री वॉल का निर्माण कार्य | 74.78 | 04 माह. | 29.05.2026 सांय 5:00 बजे | 10.06.2026 सांय 3.00 बजे | 10.06.2026 सांय 3:30 बजे | रवेन्द्र सिंह नेगी, अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम, ऋषिकेश |

अधिक जानकारी, अन्य संसोधन/शुद्धिपत्र एवं निरस्तीकरण आदि के लिए उत्तराखण्ड शासन की वेबसाईट http://www.uktenders.gov.in पर लॉगिन करते रहें।

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम ऋषिकेश

### सूचना

मैने अपना नाम प्रेम सिह रावत से बदलकर प्रेम सिह कर लिया है भविष्य में मुझे प्रेम सिह पुत्र श्री नारायण सिह ग्राम गडोली पो.ओ.रौलाकोट जिला टिहरी गढवाल उत्तराखंड के नाम से जाना पहचाना जाए।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म एम.पी.जी.एसोसिएट्स का पुराना पता सेक्टर 9C हाउस नं C-2 बौराडी नई टिहरी, टिहरी गढवाल उत्तराखण्ड का नया पता - ग्राम गडोली पो.ओ.रौलाकोट, प्रतापनगर जिला-टिहरी गढवाल उत्तराखण्ड हो गया है। भविष्य में, पत्राचार नये पते पर किया जाये।

## कार्यालय - नगर पालिका परिषद, मसूरी

दुरभाष नं. 0135-2632251 फैक्स सं.0135-2632039, E-Mail:-nppmussoorie@gmail.com

पत्रांक: -479(I)/E.O./ अधि0अधि0/2026-27 दिनांक:-26.05.2026

### संशोधित सूचना

नगर पालिका परिषद मसूरी के पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि पालिका द्वारा दिनांक 29-05-2026 को विभिन्न निर्माण कार्यो की निविदा सूचना आमन्त्रित की गयी थी जो की दिनांक 28-05-2026 को विक्रय की जानी थी, लेकिन दिनांक 28-05-2026 को शासन द्वारा अपने पत्र सं० 753/xxxi(15)G/2026-74 (सा0)/2016 दिनांक 26-05-2026 क द्वारा ईद-उल-जुहा (बकरीद) का अवकाश घोषित किया गया है जिस कारण आमन्त्रित की गयी निविदाओं को पूर्व में निर्धारित की गयी तिथि दिनांक 28-05-2026 के स्थान पर निविदायें दिनांक 30-05-2026 दोपहर 2:00 बजे तक निर्धारित शुल्क पर क्रय की जा सकती है तथा दिनांक 01-06-2026 को सीलबन्द निविदाये आमन्त्रित की जाती है जो कि आमन्त्रित निविदाये दिनांक 02-06-2026 को सांय 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। शेष शर्ते पूर्व की भांति यथावत् रहेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद मसूरी

# ढंडेरा नपं बोर्ड बैठक में सभासदों का जमकर हंगामा

## बोर्ड बैठक में पहुंचे खानपुर विधायक उमेश कुमार ने भी दिया सभासदों का साथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर पंचायत ढंडेरा में आयोजित बोर्ड बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। बैठक में सभासदों ने जमकर हंगामा काटा तो चेयरमैन भी कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर गुस्से में दिखे। बैठक के बीच ही कर्मचारियों को नगर पंचायत में आने वाले आम नागरिकों की बात नम्रता के साथ सुनने की हिदायत दी गई। वहीं हंगामे के बाद बैठक स्थगित कर दी गई। नगर पंचायत ढंडेरा में मंगलवार को बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक शुरू होते ही सभासदों ने हंगामा शुरू कर दिया। मामला इस कदर बढ़ा कि बैठक से उठकर चेयरमैन भी बाहर आ गए। इसके बाद भी हंगामा होता रहा। इसी बीच विधायक उमेश कुमार भी बैठक में पहुंच गए। विधायक भी सभासदों के समर्थन में खड़े



दिखे। विधायक की मौजूदगी से सभासद भी दो खेमों में बंट गए। एक सभासद के नगर पंचायत को बजट देने की बात उठाने पर विधायक ने निधि आने पर मांग पूरी करने की बात कही। विधायक ने नगर पंचायत को बजट न दिए जाने को लेकर सरकार पर भी

**❖कर्मचारियों के व्यवहार से चेयरमैन भी नाराज, बोर्ड बैठक स्थगित**

नाराजगी जताई। करीब दो घंटे तक चली बोर्ड बैठक में कोई हल न निकल पाने पर बैठक को सर्वसम्मति से स्थगित कर दिया गया। चेयरमैन सतीश नेगी ने बताया कि कुछ सभासद बेकार में अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। विकास कार्यों में सभासदों को सहयोग करना चाहिए। अभी तक सरकार से विकास कार्यों को लेकर बजट जारी नहीं हो सका है। पर्याप्त कर्मचारी नहीं है, जिस कारण सफाई व्यवस्था के लिए भी वार्डों को बांटकर व्यवस्था बनाई गई है। बजट को लेकर उनकी शासन में वार्ता हुई है। कुछ कार्यों के लिए अगले महीने बजट मिलने की संभावनाएं हैं। बैठक में अधिशासी अधिकारी विरेंद्र सिंह, सभासद विकास पाल, विजय सिंह पंवार, गोविंद सिंह, कुंवर सिंह डंगवाल, सभासद प्रतिनिधि मोहित कुमार, दिनेश नेगी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक बदमाश दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" अभियान के अंतर्गत कोतवाली गंगनहर पुलिस लगातार अपराधियों, नशा तस्करों और चोरी की वारदातों में शामिल बदमाशों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में गंगनहर पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे एक वांछित अभियुक्त को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन प्रहार" के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के दिशा-निर्देशन, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी रुड़की के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक गंगनहर के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान उप निरीक्षक पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल यूनुस बेग, कांस्टेबल अजय एवं होमगार्ड रवि की टीम ने लट्ठरदेवा तिराहे के पास से मुकदमा अपराध संख्या 143/26 में वांछित अभियुक्त विपुल पवार पुत्र सुशील पवार निवासी बांकला थाना रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया।आरोपी के पास से अवैध तमंचा,01 एक जिंदा कारतूस बरामद किया पुलिस के अनुसार आरोपी हथियार लेकर क्षेत्र में घूम रहा था और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध तमंचा एवं जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है।

## पुलिस उपाध्यक्ष मंगलौर ने की भाईचारे से त्यौहार मनाने की अपील

# त्याग व बलिदान का त्योहार है बकराईद : अभिनय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** सीओ मंगलौर अभिनय चौधरी ने बकरीद के त्यौहार को त्याग और बलिदान का त्यौहार बताते हुए लोगों से पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाने एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में लोगों से सहयोग करने की अपील की है।

जानकारी के अनुसार ईद उल अजहा (बकराईद) के त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस ने अपनी ओर से सारी तैयारी पूरी कर ली है। सीओ मंगलौर अभिनय चौधरी ने बताया कि बकराईद का त्यौहार दूसरों पर कुर्बान होने का संदेश



देता है। वह स्वयं अपने अधिकार क्षेत्र अंतर्गत सभी थानों में शांति समीक्षा की बैठक आयोजित कर लोगों से आपसी सौहार्द के साथ मिलजुलकर त्यौहार मनाने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा स्वयं भी अफवाह का हिस्सा न बनने की बात कहते हुए मुस्लिम समाज के लोगों से प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी न करने तथा कुर्बानी की वीडियो फोटो सोशल मीडिया पर शेयर न करने की अपील करते हुए माहौल बिगाड़ते का प्रयास करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है।

## बकराईद शांतिपूर्ण मनाने को लक्सर कोतवाली में गोष्ठी

# आपसी भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार : कोतवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर कोतवाली में आज बकरा ईद के त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए क्षेत्र के मुख्य लोगों की एक मीटिंग बुलाई गई है।

लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने जानकारी देते हुए बताया की ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न हो जाए उसके लिए आज थाने पर मुख्य लोगों की मीटिंग बुलाई गई है। उन्होंने कहा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से कुर्बानी करें और गोकशी का मामला सामने ना आए अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी उन्होंने यह भी कहा कि जिस रास्ते से पहले निकल कर जाते थे उसी रास्ते से निकल कर जाएं और बकरा ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण मनाए उन्होंने सभी क्षेत्र वासियों से अपील की है कि किसी के त्यौहार में खलल ना डालें और सभी शांतिपूर्ण तरीके से ईद का त्योहार मनाए उन्होंने सख्त लहजे में यह भी कहा कि अगर किसी ने भी कहीं पर कोई फसाद करने की कोशिश की तो



पुलिस उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

# एकदिवसीय राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यशाला संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठरदेवाहूण नारसन के प्रांगण में एक दिवसीय राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यशाला संपन्न हुई। इस कार्यशाला में सुपरवाइजर देवेंद्र कुमार शर्मा, राष्ट्रीय किशोर कार्यक्रम के काउंसलर कृष्णपाल ने उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी दी कुष्ठ रोग के प्रारंभिक लक्षण उपचार वह विकलांगता से बचने के उपाय भी बताएं उन्होंने यह भी बताया की यह जीवाणु द्वारा फैलने वाली बीमारी है जो उकज द्वारा पूर्णता ठीक हो जाती है। कार्यशाला में एक प्रतियोगिता भी कराई गई जिसमें उपस्थित छात्र-छात्राओं के सुझाव लिए गए। कार्यशाला में आयोजित प्रतियोगिता में कुमारी निशा ने प्रथम स्थान दूसरा स्थान शिवम एवं तीसरा स्थान कुमारी रौनक ने प्राप्त किया। कार्यशाला में प्रवक्ता संदीप कुमार वर्मा, विपुल सालार दिनेश सिंह, सुशील चौधरी, सूरजभान, मुकेश बगवाड़ी एवं आलोक द्विवेदी आदि में उपस्थित होकर कार्यशाला के अनुभवों का लाभ उठाया। अंत में पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठरदेवाहूण के प्रधानाचार्य चंद्रपाल सिंह उपस्थित प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# झबरेड़ा में सेवा दिवस पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** भाजपा द्वारा मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम सेवा दिवस पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर मधु सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है मनुष्य के पास कितनी भी धन दौलत हो स्वास्थ्य ठीक ना होने पर सब बेकार है। कस्बे में स्थित देव फार्म हाउस में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर मधु सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा आयुष्मान योजना के तहत लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवा मिल सके। 500000 तक का आयुष्मान कार्ड के रूप में योगदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के द्वारा पूरे देश में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

कार्यक्रम आयोजक ब्लॉक अध्यक्ष लक्सर एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर हर्ष कुमार दौलत नेसर में पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं व आम जनों का



आभार जताया। इस अवसर पर डॉक्टर जोध सिंह वर्मा इंद्रेश मोती मंडल अध्यक्ष सुबोध सैनी चौधरी बिरम सिंह अरविंद कुमार मोहित कौशिक सुधीर गुप्ता यशवीर सिंह डॉक्टर हर्ष कुमार कुलदीप कुमार सीटू सैनी आदि उपस्थित रहे।

# झबरेड़ा में ऊर्जा निगम की छापेमारी एक दर्जन लोग चोरी करते पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ऊर्जा निगम की संयुक्त टीम ने उपखंड झबरेडा क्षेत्र के दो गांव में छापेमारी कर एक दर्जन उपभोक्ता विद्युत चोरी करते पकड़े गए जिनके खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

जानकारी के अनुसार झबरेड़ा विद्युत उपखंड एस डी ओ रिजवान अली ने जानकारी देते हुए बताया कि ऊर्जा निगम की मंगलौर,लंढौरा तथा झबरेडा टीम ने संयुक्त रूप से विद्युत उपखंड क्षेत्र के गांव नगला कुबड़ा व अकबरपुर झोझा में लगभग सुबह 7:00 विद्युत चोरी को लेकर छापेमारी की गई छापेमारी के दौरान विद्युत केबल डालकर विद्युत चोरी करते हुए 12 उपभोक्ता पकड़े गए जिनमें से एक उपभोक्ता का मीटर भी नो डिस्पले पकड़ा गया। उक्त सभी उपभोक्ताओं के विद्युत केबल जप्त कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए कोतवाली मे तहरीर दी गई है। उन्होंने बताया कि विद्युत चोरी रोकने के लिए ऊर्जा निगम की यह संयुक्त छापेमारी लगातार जारी रहेगी उन्होंने लोगों से अपील भी की कि गर्मी के इस मौसम में पीक समय में कम से कम लोड चलाएं तथा विद्युत विभाग का सहयोग करें।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर एक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक नवीन कुमार कांस्टेबल रणवीर द्वारा शाहनवाज पुत्र सत्तार निवासी शेरपुर खेलमऊ थाना झबरेड़ा हाल पता रामपुर इकरा मस्जिद के पास थाना कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार अभियुक्त उक्त शाहनवाज को रामपुर चुंगी में आने जाने व दुकानदारों के साथ आमदा फसाद कर रहा था समझाया गया किंतु वह नहीं माना, और अधिक उत्तेजित होकर अभद्र व्यवहार करने लगा, जिस कारण शांति एवं कानून व्यवस्था भंग होने के दृष्टिगत अभियुक्त शाहनवाज उपरोक्त को अंतर्गत धारा 170 बीएनएसएस मे गिरफ्तार किया गया।

# सीएसपीएस के मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** चंद्रशेखर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 10 के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनकी मेहनत, लगन और शानदार प्रदर्शन के लिए छात्रवृत्ति तथा पुरस्कार राशि प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अनिरुद्ध त्यागी को 21 हजार की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली परी सैनी को 11 हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। तृतीय स्थान पर रहे मोहम्मद अर्सलान एवं शिवांशी को 5,100-5,100 की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक अभिषेक चंद्रा एवं प्रधानाचार्या




पूनम चंद्रा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिश्रम, समर्पण और अनुशासन ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। उन्होंने छात्रों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने घोषणा की कि मेधावी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के सम्मानस्वरूप विशेष छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे वे आगे की शिक्षा में और अधिक उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावकों और शिक्षकों ने भी खुशी व्यक्त की।

# पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वारण्टियों के विरुद्ध हरिद्वार पुलिस का अभियान जारी लगातार जारी है। इसी के तहत रुड़की पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 02 वारंटी दबोचे है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष ऑपरेशन प्रहार अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की द्वारा पुलिस टीमो का गठन कर वारंटियों की धर पकड हेतु आदेशित किया गया। पुलिस टीम के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर वारण्ट की तामील कर 02 वारंटियों को उनके मस्कन से हिरासत में लिया गया। नाम पता वारंटी-समीर पुत्र शाहनवाज निवासी प्राचीन शिव मंदिर वाली गली ढडेरा कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार व यासीन पुत्र सादिक निवासी धोबी वाली गली भारत नगर बादा रोड कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुभाष जाखमोला, ध्वजवीर सिंह, हेड कांस्टेबल विपिन, कांस्टेबल अनिल व सुरेश तोमर शामिल रहे।

# गोकशी में शामिल एक गैंगस्टर को धर-दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत हरिद्वार पुलिस अभ्यस्त अपराधियों की लगातार नकेल कसती जा रही है। इसी के तहत 'गौकशी/पशु क्रूरता की घटनाओं में शामिल 01 गैंगस्टर अपराधी को पुलिस ने धर दबोचा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर जनपद में समाज विरोधी, पेशेवर व अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में गिरोह बनाकर गोकशी/पशु क्रूरता जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले 04 अपराधियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। 02 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। फरार चल रहा एक गैंगस्टर आरोपित रिफाकत पुत्र आबाद निवासी जोरासी जबरदस्त पुर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार को रुड़की पुलिस द्वारा बदा रोड मौहला सोत बी रुड़की से पकडा गया।

# झबरेड़ा को वर्षों पुराने जाम से मिलेगी निजात

## चेयरमैन ने मंगलौर से गांव झबरेड़ी जाने वाले बाईपास मार्ग का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** कस्बा झबरेड़ा को वर्षों पुरानी जाम की समस्या से बड़ी राहत मिल गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा मंगलौर मार्ग से गांव झबरेडी जाने वाले नवनिर्मित बाईपास मार्ग का फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया गया। इस नए मार्ग के शुरू होने से न केवल कस्बा वासियों ने, बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली है।

नगर पंचायत झबरेडा द्वारा विकास कार्यों को गति देते हुए इस बाईपास मार्ग का निर्माण कराया गया है। जिसकी कुल लंबाई लगभग 500 मीटर हैं तथा इसको बनाने में कुल लागत करीब 50 लाख रुपए आई है। इससे पूर्व, गांव झबरेडी सहित आगे पड़ने वाले कई मुख्य गांवों जैसे अकबरपुर झोझा, भरतपुर, लाठरदेवा शेख आदि के सभी वाहन कस्बे के रास्तों से होकर ही गुजरते थे। चीनी मिलों का गन्ने का सीजन शुरू होते ही ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और भारी वाहनों के कारण कस्बे में पैर रखने तक की जगह नहीं बचती थी। घंटों लंबा जाम लगना यहाँ की नियति बन चुका था, जिससे स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों को भारी मानसिक व आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता था। इस बाईपास मार्ग के चालू होने से अब ग्रामीण क्षेत्रों के वाहन कस्बे के बाहर से ही सीधे अपने गंतव्य को निकल सकेंगे। नगर पंचायत के



इस दूरदर्शी और सराहनीय कार्य के लिए स्थानीय जनता, व्यापारियों और क्षेत्र के ग्रामीणों ने नगर पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी एवं पूरी टीम का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ गौरव चौधरी, अनुज सैनी, काला वाल्मीकि, अनुज कुश ,रजनीश प्रधान, जनार्दन चौधरी, वीरेंद्र प्रधान, राजेंद्र गोयल, अभिषेक, ओमपाल, तरुण सैनी आदि मौजूद रहे।

# उर्जा निगम की लंढौरा में छापेमारी, 40 जगहों पर पकड़ी बिजली चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** विधुत विभाग की टीम ने लंढौरा में बिजली चोरों के खिलाफ छापेमारी करते हुए 40 जगहों पर बिजली चोरी पकड़ी है। विभागीय अधिकारी पकड़े गए बिजली चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहे है।

लंढौरा में लंबे समय से बिजली चोरी को लेकर मिल रही शिकायतों की रोकथाम को लेकर मंगलवार की सुबह उपखंड अधिकारी गुलशन बुलानी के नेतृत्व में उर्जा निगम की टीम ने बिजली चोरों के खिलाफ बड़े स्तर पर छापेमारी अभियान चलाया। एसडीओ गुलशन कुमार बुलानी ने बताया कि टीम द्वारा कई जगहों पर जांच की गई जिसमें 40 से अधिक घरों में बिजली चोरी होती पाई गई है। उन्होंने बताया कि जिन बिजली उपभोक्ताओं के बिल न जमा करने के कारण मीटर उतारे गए हैं। उनके द्वारा बिजली का इस्तेमाल करते पाए जाने पर उनके खिलाफ भी बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। एसडीओ का कहना है कि पकड़े गए बिजली चोरों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराने की तैयारी की जा रही हैं। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से अनुबंधित भार से अधिक बिजली का इस्तेमाल न करने तथा सभी विधुत उपकरणों को एक साथ न चलाने की अपील करते हुए बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर आगे भी अभियान जारी रहने की बात कही। वही उर्जा निगम द्वारा बिजली चोरों के खिलाफ छापेमारी से बिजली चोरों में दिन भर हडकंप मचा रहा। टीम में उपखंड अधिकारी गुलशन बुलानी, एसडीओ झबरेड़ा मोहम्मद रिजवान, अवर अभियंता नसीम अहमद, गौरव पुंडीर व लाइन स्टाफ मौजूद रहे।




**लक्सर तहसील क्षेत्र में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**

इस्लाम अंसारी
संवाददाता मो. नं. 9368942735, 9759860322
विनित भैया
संवाददाता मो. नं. 9837277814

# केंद्रीय मंत्री शिवराज से मिले सीएम धामी पुस्तक के लोकार्पण कार्यक्रम में हुए शामिल



■ शिवराज चौहान की रचित 'अपनापन-नरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव' पुस्तक को मुख्यमंत्री धामी ने सराहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून** । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में आयोजित केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की सद्यः प्रकाशित पुस्तक 'अपनापनख्रनरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव' के लोकार्पण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

यह गरिमामयी समारोह भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू तथा पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। 'अपनापन' एक प्रेरणादायी कृति है, जिसमें शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विभिन्न भूमिकाओं में प्राप्त अनुभवों का सजीव वर्णन किया गया है। पुस्तक में नेतृत्व, सेवा, सुशासन एवं राष्ट्र-निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विचारों को सरल एवं प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया गया है।

मुख्यमंत्री ने पुस्तक के प्रकाशन पर शिवराज सिंह चौहान को शुभकामनाएं दीं तथा इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, भारत सरकार के अनेक मंत्री, विधायक, सांसद, समाजसे.ेवी, लेखक-पत्रकार एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## खटीमा में कई लोगों के आवास पर पंहुचे सीएम, निधन पर जताई शोक संवेदना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को अपने खटीमा भ्रमण के दौरान पंजाबी कालोनी में स्व0 विवेक रघुवंशी, टनकपुर रोड में स्व0 भूपेंद्र सिंह चुफाल एवं राजेंद्र नगर निवासी स्व0 प्रकाश रावत के आवास पर पहुँच कर उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की और उनके परिवारजनों को ढांढस बँधाते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति और अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की।



मुख्यमंत्री ने टीडीसी अस्थाई हेलीपैड में जनप्रतिनिधियों व जनता से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनी तथा समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा जनसमस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए अधिकारी जन समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

इस दौरान अध्यक्ष नगर पालि. का रमेश चंद्र जोशी, मेयर विकास शर्मा, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, नंदन सिंह खरायत, रनदीप पोखरिया, भवानी भंडारी, सतीश भट्ट, नवीन बोरा, महामंत्री रमेश जोशी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी सहित अनेक जनप्रति. निधि व जनता मौजूद थी।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष का दौरा, संगठन की सर्वप्रथम इकाई 'बूथ' व कार्यकर्ताओं को समर्पित: भट्ट



■ राष्ट्रीय अध्यक्ष, बूथ कार्यकर्ताओं के मध्य संवाद ही भाजपा को बनाता है सर्वश्रेष्ठ

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून** । भाजपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे को संगठन की सबसे पहली और सबसे मजबूत इकाई श्बूथश् और कार्यकर्ताओं के सम्मान को समर्पित बताया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने तैयारी बैठकों की श्रृंखला आगे बढ़ते हुए कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष और बूथ समिति के मध्य संवाद ही भाजपा को विश्व की सर्वश्रेष्ठ पार्टी बनाता है।

पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन जी के दौरे को लेकर प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने लगातार कई बैठकें लेकर तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश महामंत्री संगठन श्री अजेय कुमार के साथ अन्य प्रदेश महामंत्री, प्रवास कार्यक्रमों के प्रमुखों, मीडिया सोशल मीडिया टीम और वर्चुअल माध्यम से प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्ष प्रभारी, सह प्रभारियों से अलग अलग समन्वय बैठक ली।

तैयारियों को लेकर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, भाजपा बूथ को संगठन की प्रथम और सबसे मजबूत इकाई मानते हुए अपनी सभी सांगठनिक गतिविधियों को आगे बढ़ाती है। इसी सांगठनिक भावना के अनुरूप भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का आगामी उत्तराखंड दौरा भी पार्टी के इसी मूल मंत्र को धरातल पर दर्शाता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का उत्तराखंड प्रवास के दौरान सबसे पहली और जमीनी इकाई श्बूथ अध्यक्षश् के घर जाना, बूथ समिति के सदस्यों के साथ सीधे संवाद और चर्चा करना, उनके सुख-दुख की चिंता करना और उनसे महत्वपूर्ण फीडबैक लेना यह साबित करता है कि भाजपा में एक साधारण कार्यकर्ता की क्या अहमियत है।

उन्होंने कहा, भाजपा केवल सरकार में ही नहीं, बल्कि संगठन में भी श्अंत्योदयश् अर्थात् पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति का उदय के सिद्धांत पर चलती है। इसी सिद्धांत के तहत संगठन के अंतिम छोर पर बैठे पार्टी के प्रथम कार्यकर्ताओं और मजबूत इकाई से मिलना और उनके साथ अपने अनुभव साझा करना भाजपा अध्यक्षों की एक गौरवशाली परंपरा रही है। इसी गौरवशाली परंपरा के क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का यह दौरा है जिसमें उनका यह प्रयास पार्टी के विचार, व्यवहार और उसकी मूल कार्यपद्धति को रेखांकित करेगा।

वहीं स्पष्ट किया कि चुनावी जीत और हार से अलग, अपने कार्यकर्ताओं का सम्मान करना और शीर्ष नेतृत्व तक उनकी सीधी पहुंच सुनिश्चित करना ही वह मुख्य वजह है जिसने आज भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाया है। उनका यह दौरा उत्तराखंड भाजपा के कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा और संगठन को चुनावों की दृष्टि से और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

# बीकेटीसी नहीं लगा सकेगा यजमानों के अभिषेक संकल्प, परिक्रमा और रुद्री पाठ कराने पर रोक

■ केदारनाथ धाम में तीर्थ पुरोहितों के हकों पर ऐतिहासिक फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम से जुड़े हक-हकूकों के बहुचर्चित मामले में पंच पंडा समिति रुद्रपुर को बड़ी न्यायिक जीत मिली है। सिविल जज जूनियर डिवीजन ऊखीमठ ने अपने ऐतिहासिक आदेश में स्पष्ट किया है कि बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अब रुद्रपुर के तीर्थ पुरोहितों को केदारनाथ धाम एवं उससे जुड़े सहयोगी मंदिरों के गर्भगृह में अपने यजमानों के अभिषेक, संकल्प, परिक्रमा और रुद्री पाठ कराने से नहीं रोक सकेगी। साथ ही मंदिर परिसर में यजमानों से भेंट, दक्षिणा और उपहार ग्रहण करने के पारंपरिक अधिकारों पर भी कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकेगा।

इस फैसले को केदारनाथ धाम की परंपराओं और तीर्थ पुरोहितों के प्रथागत अधिकारों की बड़ी जीत माना जा रहा है। वर्ष 2023 से चल रहे इस मामले में पंच पंडा समिति रुद्रपुर के अध्यक्ष अमित शुक्ला वादी थे, जबकि प्रतिवादी पक्ष में बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी शामिल थे।

मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय में लंबी और गहन बहस हुई। पंच पंडा समिति की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने ऐतिहासिक दस्तावेज, ब्रिटिश कालीन अभिलेख और स्वतंत्र भारत में विभिन्न न्यायालयों द्वारा दिए गए आदेशों को अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया। इन दस्तावेजों के आधार पर यह साबित करने का प्रयास किया गया कि तीर्थ पुरोहितों के ये अधिकार सदियों पुराने और परंपरागत हैं, जिन्हें मंदिर समिति द्वारा सीमित किया जा रहा था।

पंच पंडा समिति की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील भट्ट, अधिवक्ता आनंद बजवाल और अधिवक्ता हार्दिक रावत ने प्रभावी पैरवी की। न्यायालय के आदेश के बाद रुद्रपुर के तीर्थ पुरोहितों और स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

ऊखीमठ के ब्लॉक प्रमुख पंकज शुक्ला ने फैसले को "सत्य और परंपरा की जीत" बताते हुए कहा कि न्यायालय ने भी माना है कि मंदिर समिति तीर्थ पुरोहितों के प्रथागत अधिकारों में हस्तक्षेप कर रही थी। अब अदालत ने उन अधिकारों को बहाल कर धार्मिक परंपराओं को सम्मान दिया है। फैसले के बाद प्रदीप शुक्ला, अमित कपरवाण, दीप नारायण शुक्ला, गणेश शुक्ला और नवीन शुक्ला समेत रुद्रपुर के अनेक लोगों ने खुशी जताते हुए कहा कि "बाबा केदारनाथ के दरबार में आखिरकार सत्य और न्याय की जीत हुई है।"

# खिलाड़ी कर सकेंगे विश्व स्तरीय खेल सुविधाओं के साथ अभ्यास : रेखा आर्या

■ प्रदेश में स्थित सरकारी खेल सुविधाओं के लिए देनी होगी न्यूनतम फीस
■ शासनादेश को मंजूरी मिलने के बाद विभाग ने जारी किया फीस का विस्तृत विवरण



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने राष्ट्रीय खेल 2025 के लिए तैयार की गई विश्वस्तरीय खेल सुविधाओं को अब खिलाड़ियों और आम खेल प्रेमियों के लिए "पे एंड प्ले" व्यवस्था के तहत खोलने का फैसला किया है।

खेल विभाग द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार प्रदेश के विभिन्न स्टेडियमों, खेल मैदानों और आधुनिक उपकरणों का उपयोग अब निर्धारित शुल्क देकर नियमित अभ्यास और प्रशिक्षण के लिए किया जा सकेगा। इस व्यवस्था से जहां खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिलेंगी, वहीं खेल विभाग को भी नियमित राजस्व प्राप्त होगा, जिसे खेल विकास निधि में जमा किया जाएगा।

प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि उत्तराखंड ने राष्ट्रीय खेलों के दौरान विश्वस्तरीय खेल अवस्थापना तैयार की थी और अब सरकार चाहती है कि इन संसाधनों का अधिकतम उपयोग प्रदेश के खिलाड़ियों के हित में हो। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य खेल सुविधाओं को केवल प्रतियोगिताओं तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें खिलाड़ियों के नियमित प्रशिक्षण और प्रतिभा निखारने का केंद्र बनाना है।

नई व्यवस्था के तहत देहरादून स्थित राजत जयंती खेल परिसर, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज और परेड ग्राउंड सहित विभिन्न खेल परिसरों में एथलेटिक्स, शूटिंग, स्क्वैश, इक्वेस्ट्रियन, आइस स्पोर्ट्स, क्रिकेट, बॉलिंग, फेंसिंग, जिम्नास्टिक, लॉन टेनिस, पिकलबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, फुटबॉल, स्विमिंग, हैंडबॉल और हॉकी जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

शासनादेश में कई खेलों के लिए प्रति घंटा किराया और मासिक सदस्यता शुल्क भी तय किया गया है। उदाहरण के तौर पर शूटिंग के लिए प्रति व्यक्ति 250 रुपये प्रति घंटा और 5000 रुपये मासिक सदस्यता शुल्क निर्धारित किया गया है, जबकि स्क्वैश कोर्ट के लिए 300 रुपये प्रति घंटा और 6000 रुपये मासिक शुल्क तय किया गया है। बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस, जिम्नास्टिक और अन्य खेलों के लिए भी अलग-अलग दरें निर्धारित की गई हैं। खिलाड़ियों को इन सुविधाओं के साथ चेंजिंग रूम, वॉशरूम, सिंथेटिक ट्रैक, स्विमिंग लेन, कोचिंग सहायता और आधुनिक उपकरणों का लाभ भी मिलेगा।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि यह व्यवस्था खिलाड़ियों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगी, क्योंकि अब उन्हें उच्चस्तरीय प्रशिक्षण के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा प्राप्त होने वाली आय का उपयोग खेल परिसरों के रखरखाव, उपकरणों के उन्नयन और नई सुविधाओं के विकास में किया जाएगा।

सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को दस्तावेज सत्यापन के बाद निशुल्क सुविधा देने का भी प्रावधान रखा है। इसके अलावा भविष्य में खिलाड़ियों की प्रतिभा पहचानने के लिए स्काउटिंग कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे।

खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार बुकिंग और समय स्लॉट की सुविधा यूनिफाइड स्पोर्ट्स पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और आसान बन सके।

# सड़क सुरक्षा के सभी पहलुओं को लेकर तैयार की जाए कार्ययोजना: सीएस



■ सचिवालय में राज्य सड़क सुरक्षा कोष प्रबंध समिति की द्वितीय बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून** । मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में राज्य सड़क सुरक्षा कोष प्रबंध समिति की द्वितीय बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा कोष से सम्बन्धित विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति दी गयी। मुख्य सचिव ने सचिव परिवहन को पूरे प्रदेश के लिए एएनपीआर से सम्बन्धित कार्ययोजना प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि परिवहन, पुलिस, राज्यकर एवं खनन विभाग सभी को एएनपीआर कैमरों के एक्सेस की आवश्यकता है, जिसके लिए प्रदेश में एक एकीकृत कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए। उन्होंने परिवहन विभाग द्वारा अपने एवं पुलिस विभाग द्वारा किए जाने रहे चालानों की संकलित रिपोर्ट मुख्य सचिव कार्यालय को मासिक रूप से प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा कोष की वार्षिक कार्ययोजना तैयार किए जाने की भी बात कही। कहा कि सड़क सुरक्षा के सभी पहलुओं को लेकर सम्पूर्ण कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए। मुख्य सचिव ने कहा कि रोड फर्नीचर रोड और साइनेज जैसे रूटीन कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा ही लगाया जाएगा। सभी विभाग अपने मेंडेट से सम्बन्धित कार्यों को अपने विभागीय बजट से ही कराए जाने को प्राथमिकता दें। सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित ऐसे कार्य जिनके लिए विभागीय बजट उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, उसके लिए सड़क सुरक्षा कोष से बजट का प्रावधान किया जाएगा।मुख्य सचिव ने प्रस्तावों को समिति के समक्ष प्रस्तुत करने से पूर्व एक उपसमिति गठित कर प्रस्तावों की स्क्रूटिनी किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में डुप्लीकेसी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव न्याय एवं विधि प्रदीप पंत, सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, बृजेश कुमार संत, डॉ. वी. षणमुगम, अपर सचिव निवेदिता कुकरेती एवं रोहित मीणा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# टेक होम राशन का 100 प्रतिशत वितरण एफआरएस के तहत किया जाए : सीएस

■ महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण, मिशन वात्सल्य एवं मिशन शक्ति से संबंधित राज्य स्तरीय मूल्यांकन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण, मिशन वात्सल्य एवं मिशन शक्ति से संबंधित राज्य स्तरीय मूल्यांकन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने सभी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की एवं दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने टेक होम राशन का 100 प्रतिशत वितरण फेस रेकग्निशन सिस्टम (एफआरएस) के तहत किया जाए। उन्होंने इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं शीघ्र सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने जिलास्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समितियों की बैठकें निर्धारित समय पर नियमित रूप से की जाने के निर्देश दिए, ताकि सम्बन्धित विभागों से लगातार समन्वय स्थापित कर समस्याओं का निस्तारण किया जा सके। मुख्य सचिव ने सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन भी आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्युत एवं पेयजल की उपलब्धता नहीं है, सम्बन्धित विभागों को ऐसे केंद्रों की सूची उपलब्ध करायी जाए। आवश्यकता पड़ने पर इसके लिए फंड्स भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव अमित कुमार सिन्हा, सचिव चन्द्रेश कुमार यादव, डॉ. वी. षणमुगम, रणवीर सिंह चौहान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# दो दिवसीय उत्तराखंड दौरा पर आएंगे राहुल गांधी

■ देहरादून में वरिष्ठ नेताओं-कार्यकर्ता की लेंगे क्लास, अल्मोड़ा में जनसभा व पौड़ी में पूर्व सैनिकों से करेंगे संवाद ■ सम्मेलन के जरिए कांग्रेस फूंकेगी चुनावी बिगुल, 2027 के विधानसभा चुनाव पर नजर

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के उत्तराखंड दौरे को लेकर प्रदेश कांग्रेस में उत्साह का माहौल है। राहुल गांधी 4 और 5 जून को दो दिवसीय दौरे पर देवभूमि पहुंचेंगे। इस दौरान वे अल्मोड़ा में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे, पौड़ी गढ़वाल में पूर्व सैनिकों के साथ संवाद करेंगे और देहरादून में वरिष्ट नेताओं और कार्यकर्ताओं से चुनावी समर पर चर्चा करेंगे।

कांग्रेस इसे 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों की शुरुआत के रूप में देख रही है। पार्टी अध्यक्ष गणेश गोदियाल का मानना है कि राहुल गांधी के दौरे से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा आएगी और संगठन को मजबूती मिलेगी।

प्रदेश कांग्रेस की और से जारी कार्यक्रम के अनुसार राहुल गांधी 4 जून को सबसे पहले अल्मोड़ा पहुंच.ेंगे, जहां वे जनसभा को संबोधित करेंगे। कुमाऊं क्षेत्र में आयोजित इस सभा को कांग्रेस शक्ति प्रदर्शन के तौर पर देख रही है। माना जा रहा है कि सभा में बेरोजगारी, महंगाई, पलायन, भू-कानून और युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

इसी दिन राहुल गांधी पौड़ी गढ़वाल में पूर्व सैनिकों के साथ संवाद कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। उत्तराखंड को सैनिक बाहुल्य राज्य माना जाता है और यहां बड़ी संख्या में सैनिक व पूर्व सैनिक परिवार रहते हैं। ऐसे में यह कार्यक्रम राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

वहीं 5 जून को देहरादून में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें प्रदेशभर से पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। सम्मेलन के जरिए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी चुनावों की रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

**गुटबाजी और संगठनात्मक कमजोरी से जूझ रही कांग्रेस:** राजनीतिक जानकारों के अनुसार राहुल गांधी का उत्तराखंड दौरा कांग्रेस के लिए कई मायनों में अहम हो सकता है। लंबे समय से गुटबाजी और संगठनात्मक कमजोरी से जूझ रही कांग्रेस को केंद्रीय नेतृत्व की सक्रियता से फायदा मिलने की उम्मीद है।

राहुल गांधी की सभाओं और कार्यक्रमों से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा और पार्टी को प्रदेश में राजनीतिक माहौल बनाने का मौका मिलेगा।

साथ ही कांग्रेस भाजपा सरकार के खिलाफ बेरोजगारी, पेपर लीक, महंगाई और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों को जनता के बीच मजबूती से उठाने की कोशिश करेगी।

## उत्तराखंड में बकरीद की छुट्टी 28 मई को

**देहरादून।** प्रदेश में ईद-उल-जुहा यानी बकरीद की छुट्टी को लेकर नया आदेश जारी किया है। शासन के सचिव राजेश कुमार ने विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि 27 मई की घोषित छुट्टी को बदलकर अब 28 मई 2026 कर दिया है। वहीं उत्तराखंड शासन की ओर से संशोधित आदेश जारी किया गया है। समूचे प्रदेश में ये संशोधित सार्वजनिक अवकाश प्रभावी रहेगा। जिसके लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। 28 मई को बकरीद की छुट्टी सरकारी कार्यालय, स्कूल, कॉलेज, बैंक, कोषागार (ट्रेजरी) और उप-कोषागार में प्रभावी रहेगी।

उत्तराखंड में बकरीद का अवकाश 28 मई को रहेगा, जबकि पूर्व में ये अवकाश एक दिन पहले 27 मई को घोषित किया गया था. जिसके बाद शासन ने अवकाश की तिथि में बदलाव किया है. शासन के सचिव राजेश कुमार ने विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि 27 मई की घोषित छुट्टी को बदलकर अब 28 मई कर दिया है।

# आयुष्मान योजना : औचक निरीक्षण में अस्पतालों की पोल खुली, कई को नोटिस

■ अरिहंत अस्पताल, हंस डायलिसिस सेंटर, बलूनी अस्पताल, राही नेत्रालय और ओजस्वी अस्पताल, पहुंची स्टेट हेल्थ अथॉरिटी की टीम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के दावों के बीच मंगलवार को हुए औचक निरीक्षण ने निजी अस्पतालों की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। निदेशक क्लेम डॉ. सरोज नैथानी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई में कई गंभीर खामियां सामने आईं। इसके बाद संबंधित अस्पतालों को नोटिस जारी किए गए हैं।

निरीक्षण टीम में डॉ. अपूर्वा, पंकज, पुनीत और नवीन चमोली शामिल रहे। टीम ने अरिहंत अस्पताल, हंस डायलिसिस सेंटर, बलूनी अस्पताल, राही नेत्रालय और ओजस्वी अस्पताल का निरीक्षण किया।अरिहंत अस्पताल में छह बेड का डायलिसिस सेंटर खराब स्थिति और एक छोटे कमरे में संचालित हो रहा था। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि वहां किसी डॉक्टर की नियमित निगरानी नहीं थी और नर्सिंग स्टाफ को डायलिसिस प्रक्रिया की पर्याप्त जानकारी नहीं थी। स्थिति को गंभीर मानते हुए अस्पताल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।हंस डायलिसिस सेंटर में सेवाओं का अपेक्षित उपयोग नहीं पाया गया। साथ ही मरीजों को योजना के प्रति जागरूक करने के लिए आवश्यक आईईसी गतिविधियों की भी भारी कमी देखने को मिली।

ओजस्वी अस्पताल में निरीक्षण के दौरान केवल चार मरीज भर्ती थे, जिनमें दो मरीज उधमसिंहनगर से आयुष्मान भारत योजना के तहत लाए गए थे। जांच के दौरान दो मामलों में मरीजों को अनावश्यक आईसीयू में भर्ती किया गया था। ओजस्वी अस्पताल में गोल्डन कार्ड धारक से उपचार के दौरान पैसा लेने की शिकायत मिली है।

जिससे योजना के दुरुपयोग की आशंका है। बालूनी अस्पताल में एक मामले में लाभार्थी से 17,250 रुपये वसूले जाने का मामला सामने आया है, जबकि आयुष्मान योजना के तहत उपचार पूरी तरह निशुल्क होना चाहिए। इस अनियमितता को गंभीर मानते हुए विभागीय जांच के संकेत दिए गए हैं।राहि नेत्रालय में भी टीम ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की और विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

अधिकारियों ने साफ किया है कि आयुष्मान योजना के तहत किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या मरीजों के अधिकारों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह भी संकेत दिए हैं कि आगे ऐसे निरीक्षण और तेज किए जाएंगे तथा दोषी पाए जाने वाले अस्पतालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सम्पादकीय

## बातचीत के बीच झड़प

एक तरफ जहां ईरान और अमेरिका के बीच शांति स्थापित करने के लिए बातचीत चल रही है और दोनों ही पक्ष उम्मीद जता रहे हैं कि बातचीत सही दिशा की तरफ जा रही है। तभी ऐसी खबर का आना जो संघर्ष विराम के लिए खतरा बन सकती है, लोगों में खौफ पैदा करता है। जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि भले ही संघर्ष अब ईरान-इस्राईल के बीच हो रहा हो, लेकिन इस संघर्ष से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है। मंगलवार को ईरान की इस्लामिक रेवोल्युशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने यह दावा कर हलचल मचा दी कि उसने फारस की खाड़ी के ऊपर एक अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया। साथ ही उसने कहा कि वह अमेरिकी सेना द्वारा युद्ध विराम के किसी भी उल्लंघन का करारा जवाब देगा। इतना ही नहीं उसने यह भी दावा कि अमेरिकी ड्रोन और एक एफ 35 फाइटर जैट पर भी फायरिंग की, जिससे दोनों वायु यानों को इलाका छोड़ना पड़ा। वहीं अमेरिकी नोसेना का कहना है कि उसने ईरान के बंदरबांस में कई हवाई हमलों को अंजाम दिया। अमेरिकी केंद्रीय कमान के प्रवक्ता टिमोथी हॉकिन्स के हवाले से सीएनएन ने कहा भी कि अमेरिकी बलों ने मंगलवार को ईरानी बलों के खतरे से अमेरिकी सैनिकों की रक्षा के लिए दक्षिण ईरान में आत्मरक्षा हमलों को अंजाम दिया। मतलब साफ है कि दोनों ही पक्ष इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि उन्होंने एक-दूसरे पर हमला किया। अभी अच्छी बात यही है कि युद्ध विराम को लेकर अभी दोनों पक्ष संजीदा दिखाई दे रहे हैं और इसके टूटने की बात नहीं कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी कहा कि इन झड़पों का युद्ध विराम से कोई लेना-देना नहीं है और यह जारी रहेगा, लेकिन एक बात तो साफ है कि इस घटना से एक बार फिर यह पता चलता है कि दोनों पक्षों के बीच अविश्वास का जो माहौल बना है, उसमें कोई कमी आती दिखाई नहीं दे रही है और दोनों ही पक्ष एक-दूसरे पर जरा भी भरोसा करने के लिए तैयार नहीं हैं, निश्चित रूप से यह बड़ी जटिल स्थिति है, जो समझौतों के लिए हो रही बात. चीत पर भी संदेह पैदा करती है। वैसे देखा जाए तो इस सारी स्थिति के लिए दो व्यक्ति ही सबसे अधिक जिम्मेदार हैं। एक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जो आए दिन अपने बयानों से विरोधाभास पैदा करते हैं और दूसरे इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू जिनको युद्ध का चस्का लग चुका है और वह सबसे बड़े युद्ध के हिमायती दिखाई देते हैं। जहां तक बात बाकी दुनिया की है हर कोई चाहता है कि पश्चिम एशिया का संकट हल हो और होमुर्ज स्टेट पूरी तरह खुले, जिससे दुनिया राहत की सांस ले सके। उम्मीद की जानी चाहिए कि पर्दे के पीछे जो बातचीत चल रही है वह किसी सकारात्मक नतीजे पर पहुंचे।

## भविष्य की कीमत पर बिक रहा आज का मां-बाप






कृति आरके जैन

टूटी नींदों और अधूरी मुस्कानों के बीच पलता सच आज अभिभावकों की कठोर हकीकत बन चुका है। जब समाज अभिभावकों की भूमिका को नए नजरिए से देखेगा, तब 1 जून 2026 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय अभिभावक दिवस की थीम 'अभिभावकों के लिए एकजुट' कोई साधारण थीम नहीं, बल्कि समाज की नींव को हिला देने वाली सच्चाई बनेगा। आज माता-पिता अकेलेपन, डिजिटल दबाव और बढ़ती अपेक्षाओं के बीच संतुलन साध रहे हैं। परिवार ढांचे कमजोर हो रहे हैं और बचपन स्क्रीन में खोता जा रहा है। ऐसे में अभिभावक केवल देखभालकर्ता नहीं, भविष्य के निर्माता हैं। यह दिन स्पष्ट करता है कि बच्चों की नींव शिक्षा नहीं, बल्कि साझा सहयोग और सामूहिक जिम्मेदारी पर टिकी है।

अभिभावकत्व आज एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुका है जहां दबाव और जिम्मेदारियां पहले से कहीं अधिक तीव्र हैं। बच्चे अब घर और स्कूल तक सीमित नहीं, बल्कि पूरी तरह डिजिटल दुनिया के हिस्सेदार बन गए हैं। सोशल मीडिया, गेमिंग और ऑनलाइन ट्रेंड्स उनके सोच और व्यवहार को गहराई से बदल रहे हैं। ऐसे समय में माता-पिता केवल अनुशासनकर्ता नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, तकनीकी साथी और भावनात्मक सहारा बन गए हैं। इस दोहरी भूमिका में वे अक्सर मानसिक थकान और अपराधबोध महसूस करते हैं। समाज की आदर्श माता-पिता की अपेक्षा उनका आत्मविश्वास कमजोर करती है। इसलिए आज सबसे अधिक जरूरत सामूहिक समर्थन की है। इतिहास साक्षी है कि हर सभ्यता की नींव मजबूत अभिभावकत्व पर टिकी रही है। जब परिवार जुड़े हुए थे, तब समाज भी अधिक स्थिर और संवेदनशील था। दादा-दादी की कहानियां, माता-पिता का अनुशासन और सामुदायिक जीवन बच्चों को नैतिक मूल्यों से जोड़ते थे। संयुक्त परिवार की व्यवस्था बच्चों को नैतिक मूल्यों, भावनात्मक सुरक्षा और सांस्कृतिक निरंतरता प्रदान करती थी। आज यह ढांचा तेजी से टूट रहा है और पीढ़ियों के बीच दूरी बढ़ती जा रही है। बच्चे भौतिक रूप से समृद्ध हैं, पर भीतर से असंतुलित हो रहे हैं। अभिभावक अकेले इस खालीपन को भरने की कोशिश कर रहे हैं, जो अब लगभग असंभव चुनौती बनता जा रहा है। इसलिए सामूहिक जिम्मेदारी और सामाजिक भागीदारी को फिर से मजबूत करना जरूरी है, ताकि बच्चों का संतुलित विकास संभव हो सके। आज की बदलती अर्थव्यवस्था और तेज रफ्तार कार्यसंस्कृति ने अभिभावकों पर जिम्मेदारियों का बोझ कई गुना बढ़ा दिया है। माता और पिता दोनों ही रोजगार की अनिश्चितता और लंबे कार्यघंटों के बीच संतुलन साधने को संघर्षरत हैं। ऐसे में बच्चों के साथ समय बिताना लगातार कठिन होता जा रहा है। तकनीक ने भले ही काम को सरल बनाया हो, लेकिन उसने व्यक्तिगत संबंधों में दूरी भी बढ़ाई है। अब माता-पिता केवल आर्थिक सुरक्षा देने वाले नहीं, बल्कि भावनात्मक स्थिरता का आधार भी बन गए हैं। यह दोहरी भूमिका उन्हें निरंतर दबाव में रखती है। परिणामस्वरूप परिवारों में संवाद घट रहा है और भावनात्मक दूरी बढ़ती जा रही है। ऐसे समय में सामुदायिक सहयोग और लचीली कार्यनीतियां बेहद जरूरी हो गई हैं। आज की बदलती दुनिया में यह स्पष्ट हो चुका है कि 'अभिभावकों के लिए एकजुट' अब केवल नारा नहीं, बल्कि अनिवार्य आवश्यकता है। जब अभिभावक अकेले संघर्ष करते हैं, तो उसका असर सीधे बच्चों के भविष्य पर पड़ता है। बढ़ता तनाव, मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं और डिजिटल निर्भरता ने इस स्थिति को और गंभीर बना दिया है। इस थीम का उद्देश्य केवल जागरूकता नहीं, बल्कि एक ऐसा सहयोग तंत्र बनाना है जहां हर व्यक्ति अभिभावकों के साथ खड़ा हो। शिक्षक, पड़ोसी, नीति-निर्माता और कार्यस्थल मिलकर परिवारों को मजबूती दें। यही सामूहिक प्रयास आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और संतुलित जीवन दे सकता है। दुनिया के हर कोने में माता-पिता की पीड़ा एक जैसी दिखाई देती है, चाहे देश या संस्कृति कोई भी हो। आर्थिक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन, सामा. जिक विभाजन और तेज तकनीकी बदलाव ने परिवारों को गहराई से प्रभावित किया है। हर जगह अभिभावक अपने बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए संघर्ष कर रहे हैं। विकसित और विकासशील दोनों ही देशों में मानसिक तनाव और समय की कमी एक सामान्य समस्या बन चुकी है। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और अनुभवों का आदान-प्रदान अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यदि देशों के बीच सीख साझा की जाए, तो अभिभावकत्व की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सकता है। परंपरा और आधुनिकता के बीच खड़ा अभिभावक आज संतुलन की कठिन राह पर चल रहा है। एक ओर उसे बच्चों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है, तो दूसरी ओर उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। यह संतुलन बेहद चुनौतीपूर्ण है क्योंकि दोनों दिशाओं का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। परंपरागत मूल्य अनुशासन और सामूहिकता सिखाते हैं, जबकि आधुनिक शिक्षा स्वतंत्र सोच और नवाचार को बढ़ावा देती है। अभिभावक इन दोनों के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं। यदि यह संतुलन बिगड़ जाए, तो बच्चों का व्यक्तित्व प्रभावित हो सकता है। इसलिए अभिभावकों के लिए निरंतर सीखना और समय के साथ स्वयं को बदलना आवश्यक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ की रिपोर्ट्स भी बार-बार चेतावनी दे रही हैं कि माता-पिता के बढ़ते तनाव का सीधा असर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और विकास पर पड़ रहा है। वह अनदेखी मेहनत जो हर सुबह दुनिया को संभालती है, वही अभिभावक हैं। अंतर्राष्ट्रीय अभिभावक दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। यह हमें याद दिलाता है कि अभिभावक समाज की वह रीढ़ हैं।

## श्रीमुख से...

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर दिखाई दे



स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर सीधे आम आदमी को दिखना चाहिए, सरकारी अस्पतालों में इलाज, जांच, दवाओं और आपात सेवाओं की गुणवत्ता लगातार बेहतर की जाए, मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग संस्थानों और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को आधुनिक तकनीक, बेहतर मानव संसाधन और प्रभावी प्रबंधन से सशक्त बनाया जाए, आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों का सबसे बड़ा सहारा बन रही है, प्रदेश में 6480 अस्पताल योजना से जुड़े हैं और अब तक 96-75 लाख से अधिक नि:शुल्क उपचार हो चुके हैं, आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी की आईपीडी सेवाएं भी योजना का हिस्सा बनेंगी।

**-योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश**

## महिलाओं की सुरक्षा, मगर पुरुषों का क्या



शिबली रामपुरी



एक बुजुर्ग शख्स काफी दिन पहले मिले उनको डायबिटीज की शिकायत है और काफी बीमार हैं वह बता रहे थे कि उन्होंने अपने बेटे की शादी की और बहू से उनकी कुछ अनबन होने लगी तो बहू ने उन पर झूठे इल्जाम दहेज वगैरा के लगा दिए इसके बाद मजबूरी में आकर बेटा घर से बाहर किराए पर मकान लेकर रहता है ताकि मां-बाप सुख शांति से रह सकें। उनकी बेबसी और शिकायत यही थी कि उनकी बात को इतनी गंभीरता से नहीं सुना गया कि जितनी गंभीरता से उनके बेटे की पत्नी की बात को सुना गया और इसीलिए उन्होंने हालात से समझौता किया क्योंकि वह लाचारी और बेबसी में क्या कर सकते थे। यह किसी एक घर की कहानी नहीं है बल्कि ऐसे बहुत सारे मामले सामने आते हैं जो यह बताते हैं कि किस तरह से महिलाओं के हक में बनाए गए कानून का आज बहुत तेजी के साथ दुरूपयोग होने लगा है लेकिन अफसोस की बात यह है कि इस पर गंभीरता से कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसकी वजह से बेकसूर लोग बेवजह प्रताड़ित होते हैं।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए जो कानून बनाए गए हैं, उन पर किसी तरह की कोई आपत्ति नहीं है। जितने सख्त ए कानून बनाए गए हैं, यदि इन्हें और अधिक सख्त किया जाए तो भी इसमें कोई बुराई नहीं है, क्योंकि महिलाओं की सुरक्षा होना बेहद जरूरी है। लड़कियों से लेकर महिलाओं तक, हर किसी को सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि जिन पुरुषों पर अत्याचार होता है, उनकी आवाज कानूनी तौर पर इतनी कमजोर क्यों पड़ जाती है? यह कहना भी गलत नहीं होगा कि जिन पुरुषों पर उनकी पत्नी या ससुराल पक्ष द्वारा अत्याचार किया जाता है, उन्हें न्याय पाने के लिए आज भी दर-दर भटकना पड़ता है। इस सच्चाई से इंकार नहीं किया जा सकता कि आज भी पुरुषों की सुरक्षा के लिए कानूनों की कमी महसूस होती है। इसी वजह से बड़ी संख्या में ऐसे पुरुष हैं जो मानसिक, सामा. जिक और कानूनी प्रताड़ना का शिकार होते हैं, लेकिन अपनी पीड़ा खुलकर सामने नहीं रख पाते। देश में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जहां दहेज या घरेलू विवाद के नाम पर पत्नी और उसके परिवार वालों ने पति तथा उसके माता-पिता पर झूठे मुकदमे दर्ज करा दिए। कई बार अन्य झूठे आरोप लगाकर उन्हें जेल तक भेज दिया गया।

बाद में अदालत में सुनवाई के दौरान यह साबित हुआ कि जिन लोगों पर आरोप लगाए गए थे, वे पूरी तरह निर्दोष थे। लेकिन जब तक उन्हें न्याय मिलता है, तब तक उनका सामाजिक सम्मान, आर्थिक स्थिति और मानसिक शांति काफी हद तक बर्बाद हो चुकी होती है।

केंद्र सरकार से लेकर विभिन्न राज्य सरकारों तक ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाए हैं और उन्हें और मजबूत करने का प्रयास किया है। इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन सवाल यह है कि न्याय का यह कैसा पैमाना है, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा के लिए तो अनेक कानून हैं, मगर महिलाओं द्वारा प्रताड़ित पुरुषों की सुरक्षा के लिए कोई विशेष व्यवस्था दिखाई नहीं देती? जहां महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाता है, वहीं पुरुषों की स्थिति यह है कि कई बार पुलिस अधिकारी भी उनकी बात को गंभीरता से नहीं लेते। पूरा ध्यान केवल महिला पक्ष के आरोपों पर केंद्रित रहता है। जबकि न्याय का तकाजा यह है कि दोनों पक्षों की बात समान गंभीरता से सुनी जाए और दोनों को बराबरी का न्याय मिले। आज के समय में ऐसे बहुत से लोग हैं जिनकी जिंदगी झूठे दहेज और घरेलू हिंसा के आरोपों ने बर्बाद कर दी। वे कानूनी लड़ाई लड़ते-लड़ते आर्थिक और मानसिक रूप से टूट गए, और बदनामी अलग झेलनी पड़ी। ऐसे में भारत सरकार से यह मांग की जानी चाहिए कि वह ऐसे कानून बनाए जिनसे पुरुषों की भी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जिस तरह महिलाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर और सहायता केंद्र बनाए गए हैं, उसी तरह पुरुषों के लिए भी व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही, संसद सदस्यों को भी इस मुद्दे को गंभीरता से उठाने की जरूरत है, ताकि न्याय का संतुलन बना रहे और हर पीड़ित व्यक्ति चाहे वह महिला हो या पुरुष उसे समान रूप से न्याय मिल सके।

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**
**Dainikshahtimes@gmail.com**

## मोदी जी को गद्दार बोलकर राहुल गांधी को क्या हासिल होगा



रोहित कौशिक

राहुल गांधी द्वारा रायबरेली की एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को गद्दार कहने पर एक बार फिर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। राहुल गांधी का तर्क यह था कि नरेन्द्र मोदी और अमित शाह संविधान पर हमला कर संविधान का अपमान कर रहे हैं, इसलिए वे गद्दार हैं। हालांकि राहुल गांधी को भी भाजपा के लोग देशद्रोही सिद्ध करते रहते हैं। सवाल यह है कि क्या नरेन्द्र मोदी और अमित शाह को गद्दार कहकर कांग्रेस को सत्ता हासिल हो सकती है?

निश्चित रूप से भाजपा की नीतियों की आलोचना और उन नीतियों पर प्रहार करना कांग्रेस का कर्तव्य है लेकिन प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के लिए गद्दार शब्द का इस्तेमाल करके क्या कांग्रेस भी संविधान के खिलाफ काम नहीं कर रही है ? क्या हमारे देश का संविधान यह इजाजत देता है कि राजनीति में भाषा की मर्यादा खत्म कर दी जाए? जब भाजपा के अनेक नेता गांधी परिवार के खिलाफ असभ्य भाषा का इस्तेमाल करते हैं तो क्या कांग्रेस के नेताओं को यह अच्छा लगता है ? इस समय कांग्रेस समर्थित बुद्धिजीवी और पत्रकार यह कह रहे हैं कि राहुल गांधी भाजपा पर जबरदस्त प्रहार कर रहे हैं ? क्या प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल करना जबरदस्त प्रहार करना होता है ? भाजपा पर जबरदस्त प्रहार करना कांग्रेस का अधिकार है लेकिन नीतियों पर जबरदस्त प्रहार करना चाहिए न कि व्यक्तिगत रूप से। क्या राहुल गांधी द्वारा इसलिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल किया जाना चाहिए क्योंकि भाजपा के अनेक नेता भी तो गांधी परिवार के लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल करते रहते हैं? अगर राहुल गांधी या फिर कांग्रेस के नेता ऐसा करते हैं तो फिर राजनीतिक शुचिता का उदाहरण कौन प्रस्तुत करेगा ? अगर राजनेताओं की मानसिकता यह होगी कि दूसरी पार्टी के लोग भी तो ऐसा ही कर रहे हैं, इसलिए हम भी ऐसा ही करेंगे तो फिर राजनीति किस दिशा में जाएगी, यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

राहुल गांधी अपनी पार्टी के जिम्मेदार राजनेता है। इसके साथ ही वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का पद है। अगर इतने बड़े स्तर के राजनेता एक-दूसरे के लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल करेंगे तो हम किस प्रकार की राजनी. ति करेंगे? एक प्रगतिशील समाज में हमें भाषा समेत हर स्तर पर आगे की तरफ बढ़ना है लेकिन हम पीछे की तरफ जा रहे हैं। सवाल यह है कि राहुल गांधी स्वयं यह व्यवहार कर रहे हैं या फिर उनके सलाहकार उन्हें यह सलाह दे रहे हैं? शायद राहुल गांधी के सलाहकार उन्हें यह सलाह दे रहे हैं कि आप भापजा पर आक्रामक तरीके से हमला कीजिए। निश्चित रूप से नीतियों पर आक्रामक तरीके से हमला होना चाहिए लेकिन जिम्मेदार पदों पर बैठे हुए राजनेताओं को गद्दार कहना आक्रामकता नहीं, असभ्यता होती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के तमाम राजनेता लोतांत्रिक तरीके से जीतकर आए है और भाजपा ने लोकतांत्रिक तरीके से ही सरकार बनाई है। ऐसे में उनके लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि भाजपा पर लगातार वोट चोरी का आरोप लगता रहता है और विपक्ष यह भी सवाल उठाता रहता है कि भाजपा ने लोकतांत्रिक तरीके से सरकार नहीं बनाई है। अगर विपक्ष के इस आरोप को सही मान लें तो भी किसी के प्रति असभ्य भाषा के इस्तेमाल से बचा जाना चाहिए। यह बात भाजपा के नेताओं पर भी लागू होती है। भाजपा के अनेक राजनेता भी गांधी परिवार के लिए अमर्यादित टिप्पणियां करते हैं। राजनीतिक शुचिता की बात करने वाली भाजपा के राजनेता भी यदि भाषा की मर्यादा का ध्यान नहीं रखते हैं तो इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं हो सकता। राहुल गांधी को यह समझना चाहिए उनकी लड़ाई एक मजबूत संगठन वाली पार्टी भाजपा से है। कई कोशिशों के बावजूद कांग्रेस का संगठन मजबूत नहीं हो पाया हैं। अगर संगठनात्मक स्तर पर कांग्रेस की तुलना भाजपा से की जाए तो जमीनी सच्चाई हम सबके सामने आ जाएगी। राहुल गांधी को यह सोचना चाहिए कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को गद्दार बोलकर कहीं वे अपनी लड़ाई कमजोर तो नहीं कर रहे हैं? कांग्रेस को असली सफलता तब तक नहीं मिल सकती जब तक कि उसके साथ नए मतदाता नहीं जुड़ेगे। इसका अर्थ यह है कि अपने पारम्परिक मतदाओं के अलावा कुछ भाजपा के मतदाताओं को भी कांग्रेस को जोड़ना होगा। लेकिन राहुल गांधी जिस तरह से मोदी जी को गद्दार कह रहे हैं, क्या उस तरह से कांग्रेस के साथ नए मतदाता जुड़ पाएंगे ? यह सही है कि राहुल गांधी मेहनत कर रहे हैं लेकिन क्या उनकी मेहतन सही दिशा में हो रही है या फिर बयानों के माध्यम से माहौल गर्म कर सत्ता प्राप्त करने की कोशिश की जा रही है। सिर्फ बयानबाजी करके किसी भी हाल में सत्ता प्राप्त नहीं की जा सकती। क्या कांग्रेस जमीन पर उतनी मेहतन कर रही है जितनी मेहनत भाजपा करती है? जमीन पर सार्थक प्रयास न होने के कारण संगठन के स्तर पर कांग्रेस मजूबत नहीं हो पा रही है। आज जरूरत इस बात की है कि राहुल गांधी अपने व्यवहार और भाषा में सुधार कर संगठन को मजबूत बनाने पर ध्यान दें। अगर राहुल गांधी यह सोच रहे हैं व्यक्तिगत हमले कर और संविधान की कॉपी हवा में लहराकर कोई परिवर्तन हो जाएगा तो यह बहुत ही मुश्किल है। जो लोग राहुल गांधी को आक्रामक होने की सलाह दे रहे हैं उन्हें यह भी सलाह देनी चाहिए कि आक्रामक होने का अर्थ असभ्य होना नहीं है। सिर्फ भाषणों में ही आक्रामक होने से काम चलने वाला नहीं है, सगंठन को मजबूत करने में राहुल गांधी कितने आक्रामक हो पाते है, यह देखना होगा। मोदी जी को गद्दार कहने से पहले राहुल गांधी को यह सोचना होगा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में कांग्रेस में इतने वर्षों से सूखा क्यों है? जिस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से उनके वक्तव्यों में गंभीरता की उम्मीद की जाती है, उसी तरह लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष होने के नाते राहुल गांधी से भी यह उम्मीद की जाती है कि उनके बयानों में हल्कापन न हो बल्कि गंभीरता हो।



पटना। ज्ञान भवन में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार मेला-2026 के दूसरे दिन पंजीकरण काउंटर पर नौकरी चाहने वाली महिलाओं की भीड़।

## ईडी ने 258 करोड़ के नशीले पदार्थ तस्करी मामले में पांच जगहों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लगभग 258 करोड़ के नशीले पदार्थ तस्करी से जुड़े नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मदुरै और चेन्नई में पांच जगहों पर छापेमारी की है। यह नेटवर्क समुद्र के रास्ते श्रीलंका में भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल था। ईडी के चेन्नई क्षेत्रीय कार्यालय ने बताया कि यह कार्रवाई डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) द्वारा जॉन ब्रिटो और अन्य के खिलाफ एनडीपीएस और कस्टम एक्ट के तहत दर्ज मामलों के आधार पर शुरू की गई है।

## मोदी ने वैश्विक नेताओं को भेंट किए जनजातीय कला वाले उपहार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल की अपनी विदेश यात्राओं के दौरान वहां के नेताओं को जनजातीय कलाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाने वाले उपहार भेंट कर देश की समृद्ध विरासत और पारंपरिक शिल्प कौशल से उन्हें अवगत कराया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मोदी ने स्वीडन की क्राउन प्रिंसेस विक्टोरिया को मध्य प्रदेश की परंपरागत गोंड पेंटिंग भेंट की, जो भारत की जीवंत जनजातीय कला की विरासत का प्रतीक है। गोंड आदिवासी समुदाय की इस कला को अपने जटिल बिंदु-रेखा पैटर्न, चमकदार प्राकृतिक रंगों और प्रकृति से प्रेरित विषयों के चित्रण के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। गोंड कला मध्य भारत के आदिवासी कारीगरों को स्थाई रूप से आजीविका के अवसर प्रदान करती रहती है।

# इजरायल को देश नहीं मानेंगे: पाकिस्तान

### रक्षा मंत्री ने कहा: पाकिस्तान अपनी मौलिक विचारधाराओं से समझौता नहीं कर सकता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इजरायल से दोस्ती करने और उसे देश की मान्यता देने से इन्कार कर दिया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी मौलिक विचारधाराओं से समझौता नहीं कर सकता। आसिफ ने कहा हम उन लोगों के साथ कैसे बैठ सकते हैं जिनकी बात पर एक दिन के लिए भी भरोसा नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान दुनिया का शायद इकलौता देश है, जिसके पासपोर्ट पर लिखा होता है कि यह इजरायल के लिए मान्य नहीं है।

इससे पाकिस्तान का रुख पूरी तरह साफ है और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजरायल से रिश्ते सुधारने और अब्राहम समझौते में शामिल होने की अपील की थी। पाकिस्तान से भी कहा गया था कि अगर वह अमेरिका-ईरान शांति प्रक्रिया का हिस्सा बनना चाहता है, तो उसे इजरायल को मान्यता देनी होगी। पाकिस्तान के लिए अब्राहम समझौते में शामिल होने का मामला संवे. दनशील है और राजनीतिक रूप से मुश्किल है। पाकिस्तान लंबे समय से खुद को फलस्तीन के



**ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजरायल से रिश्ते सुधारने और अब्राहम समझौते में शामिल होने की अपील की थी**

समर्थक देश के तौर पर पेश करता रहा है। वहां आम जनता के बीच फलस्तीन का मुद्दा भावनात्मक और धार्मिक दोनों स्तर पर बहुत गहराई से जुड़ा हुआ है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि पाकिस्तान अमेरिका के साथ अपने रिश्ते खराब नहीं करना चाहेगा लेकिन वह अपनी घरेलू राजनीति को भी नजरअंदाज नहीं कर सकता है। पाकिस्तान ने पिछले 78 साल में कभी इजरायल को मान्यता नहीं दी है। उसका आधिकारिक रुख यह रहा है कि जब तक 1967 से पहले की सीमाओं के आधार पर स्वतंत्र फलस्तीनी राज्य नहीं बनता, तब तक वह इजरायल को मान्यता नहीं देगा। इसी वजह से पाकिस्तान में इजरायल के साथ रिश्ते सामान्य करने का मुद्दा हमेशा घरेलू राजनीति से भी जुड़ा रहा है।

किसी भी सरकार के लिए इस पर नरम रुख अपनाना राजनीतिक जोखिम माना जाता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने 25 सितंबर 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी। ट्रम्प की सबसे बड़ी रणनीतिक कोशिश यह है कि ईरान युद्ध खत्म होने के बाद पश्चिम एशिया में एक नया अमे. रिकी समर्थक गठबंधन तैयार किया जाए, जिसमें इजरायल और प्रमुख अरब देश एक साथ हों। दशकों तक अरब देशों की नीति थी कि फलस्तीन मुद्दा सुलझे बिना इजरायल को मान्यता नहीं दी जाएगी। ट्रम्प की कोशिशों के बाद 2020 में अब्राहम समझौते ने उस पुरानी नीति को तोड़ दिया। इसके तहत यूएई, बहरीन और मोरक्को जैसे देशों ने इजरायल के साथ आधिकारिक संबंध बनाए।

# अब खाड़ी में पैर नहीं फैला सकेगा अमेरिका: खामेनेई

### मुस्लिम देशों से अमेरिकी प्रभुत्व से परे एक नई क्षेत्रीय व्यवस्था के निर्माण का आह्वान किया

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला सैयद मुजतबा खामेनेई ने मुस्लिम देशों से आपसी सहयोग को मजबूत करने और अमेरिकी प्रभुत्व से परे एक नई क्षेत्रीय व्यवस्था के निर्माण का आह्वान करते हुए कहा कि अमेरिका अब क्षेत्र में अपने सैन्य ठिकाने नहीं बना पाएगा। आयतुल्ला खामेनेई ने हज यात्रा के दूसरे दिन 'यौम-ए-अरफा' के अवसर पर मंगलवार को जारी संदेश में कहा कि वैश्विक मुस्लिम उम्माह (राष्ट्र) और क्षेत्र के देशों के पास अनेक साझा क्षमताएं और समान हित मौजूद हैं, जो क्षेत्र और विश्व की नई व्यवस्था तथा भविष्य की संरचना को आकार देंगे।

उन्होंने कहा कि मुस्लिम देश एक ऐसे ऐतिहासिक दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जहां क्षेत्रीय परिस्थितियां अपरिवर्तनीय रूप से बदल रही हैं और अमेरिकी सैन्य प्रभाव लगातार कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि समय के पहिए को पीछे नहीं घुमाया जा सकता। क्षेत्र के देश अब अमे. रिकी सैन्य ठिकानों के लिए ढाल का काम नहीं करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका के पास अब अपनी शरारतों और क्षेत्र में सैन्य अड्डे स्थापित करने के लिए सुरक्षित ठिकाना नहीं बचेगा और वह दिन-ब-दिन अपनी पूर्व स्थिति से दूर होता जा रहा है। संदेश में क्षेत्रीय 'प्रतिरोध मोर्चे' की भूमिका की भी सराहना की गई, जिसे उन्होंने ईरान, लेबनान, फलस्तीन, इराक, सीरिया, अफ्रीका, यमन, अफगानिस्तान और पाकिस्तान तक फैला हुआ एक संयुक्त आंदोलन बताया। उन्होंने कहा कि इन शक्तियों ने अमेरिकी प्रभाव का मुकाबला किया, इजरायली कब्जे को चुनौती दी और इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादी संगठन के खिलाफ संघर्ष किया। आयतुल्ला खामेनेई ने इजरायल को 'कैंसरयुक्त ट्यूमर' और 'अस्थिर शासन' बताते हुए कहा कि वह 'अपने अभिशप्त जीवन के अंतिम चरण' के करीब पहुंच चुका है। उन्होंने इस्लामी क्रांति के दिवंगत नेता आयतुल्ला सैयद अली खामेनेई की उस भविष्यवाणी का भी उल्लेख किया, जिसमें कहा गया था कि इजरायली शासन अगले 25 वर्षों तक कायम नहीं रह पाएगा। संदेश में आयतुल्ला खामेनेई ने अमेरिका और इजरायल के साथ हालिया संघर्ष के दौरान ईरान की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस्लामी गणराज्य ने अपने भारी हमलों के जरिए इजरायली शासन को असहाय बना दिया, आक्रामक अमेरिका को करारा थप्पड़ मारा और ईरान को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करने के दुश्मन के उद्देश्य को विफल कर दिया।



**मुस्लिम देश एक ऐसे ऐतिहासिक दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जहां क्षेत्रीय परिस्थितियां अपरिवर्तनीय रूप से बदल रही हैं**

## खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका स्थायी सुरक्षा सुनिश्चित कराने में विफल रहा: पेजेशकियन

**तेहरान/दोहा।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने मंगलवार को सैन्य कमांडरों से कहा कि खाड़ी क्षेत्र के देशों ने यह निष्कर्ष निकाल लिया है कि खाड़ी में अमेरिका की सैन्य उपस्थिति 'स्थाई सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है।' साथ ही उन्होंने ईरान की रक्षा संरचना में व्यापक बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया। यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरानी वार्ताकार कतर में वाशिंगटन के साथ युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से बातचीत कर रहे हैं। ईरानी राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार पेजेशकियन ने कहा कि सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर रहना अवास्तविक और अप्रभावी सोच साबित हुई है। उन्होंने कहा कि दुश्मन ने नई तकनीकों और साधनों को हासिल कर लिया है तथा सशस्त्र बलों को विश्वविद्यालयों, वैज्ञानिक संस्थानों और ज्ञान-आधारित कंपनियों के साथ गहरे सहयोग के माध्यम से 'तकनीकी बढ़त और रक्षा क्षमताओं को मजबूत' करने का निर्देश दिया।

## ईरान की फ्रीज 24 अरब डॉलर राशि को जारी करने पर अमेरिका-ईरान में समझौते की संभावना

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत के दौरान ईरान के फ्रीज किए गए खातों से 24 अरब डॉलर तक की राशि को जारी करने के संबंध में समझौता हो सकता है। आईआरजीसी से जुड़े मीडिया संस्थान तस्नीम न्यूज की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। वार्ता दल के करीबी एक स्रोत के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान ने प्रस्ताव दिया है कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) की घोषणा होते ही इस राशि का आधा हिस्सा, यानी लगभग 12 अरब डॉलर तुरंत उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जबकि बाकी की रकम को 60 दिनों की बातचीत की अवधि के दौरान स्थानांतरित किया जाए। चर्चा के अधीन एमओयू के मसौदे में कथित तौर पर 60 दिनों के लिए संघर्ष विराम का विस्तार, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की संभावना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर निरंतर बातचीत के लिए एक रूपरेखा शामिल है। हालांकि, प्रतिबंधों में ढील, रोकी गई संपत्तियों की रिहाई और ईरान की परमाणु गतिविधियों को सीमित करने की अमेरिकी मांगों को लेकर अभी भी बड़े मतभेद बने हुए हैं।

# फ्रांस में गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड

**पेरिस।** फ्रांस में भीषण गर्मी के कारण सात लोगों की मौत के मामले सामने आए हैं और बढ़ते तापमान को देखते हुए दक्षिण-पश्चिम फ्रांस के समुद्र तटों पर सामान्य से अधिक भीड़ उमड़ने लगी है। इसी बीच, सरकार ने सप्ताह के अंत तक जारी रहने की आशंका वाली गर्मी से निपटने की तैयारियां तेज कर दी हैं।

मौसम एजेंसी मेटियो-फ्रांस ने कहा कि सोमवार का दिन फ्रांस में मई माह का अब तक का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। एजेंसी के अनुसार सप्ताह के दौरान कुछ क्षेत्रों में तापमान 33 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने गुरुवार को प्रमुख मंत्रियों की बैठक बुलाई है जिसमें लू से निपटने के लिए सरकार की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। इसे वर्ष के शुरुआती चरण में असामान्य रूप से तेज गर्मी से जुड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिमों को लेकर बढ़ती चिंता के रूप में देखा जा रहा है। पेरिस में सप्ताहांत के दौरान तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया। शनिवार को वर्ष 2026 में पहली बार तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**गर्मी से संबंधित घटनाओं में सात की मौत**

पेरिस में रविवार को आयोजित 10 किलोमीटर दौड़ के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। नागरिक सुरक्षा सेवाओं ने इसकी पुष्टि की है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार राजधानी के दक्षिण-पूर्वी उपनगर मैजों-अलफोर्ट में आयोजित एक अन्य दौड़ के दौरान 10 धावकों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में भी गर्मी का असर देखने को मिला, जहां सोमवार को रोलां-गैरो में दर्शकों और खिलाड़ियों को सामान्य से कहीं अधिक तापमान का सामना करना पड़ा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह असामान्य गर्मी 'हीट डोम' नामक स्थिति के कारण उत्पन्न हुई है। इसके तहत उत्तरी अफ्रीका से आई गर्म हवा पश्चिमी यूरोप के ऊपर बने उच्च दबाव क्षेत्र के नीचे फंस गई है। पूर्वानुमान कर्ताओं का कहना है कि इस कारण तापमान मई के सामान्य स्तर से काफी ऊपर पहुंच गया है और यूरोप के बड़े हिस्से में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है।

# अमेरिकी महाद्वीप में 20 देशों की संयुक्त कार्रवाई

### अभियान के तहत 3308 हथियार व 56 टन अवैध मादक पदार्थ जब्त किए गए

**सान सैल्वाडोर।** मध्य अमे. रिका, दक्षिण अमेरिका और कैरिबियाई द्वीपों पर अवैध हथियारों की तस्करी और उससे संबंधित आपराधिक कृत्यों पर शि. कंजा कसने के लिए चलाए गए संयुक्त पुलिस अभियान के तहत 3,308 हथियार एवं 56 टन अवैध मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं।




अक्टूबर-नवम्बर 2025 में चलाए गए ऑर्का-11 अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय अपराधी पुलिस संगठन (इंटरपोल) के सहयोग और समर्थन से 20 देशों में यह पुलिसिया कार्रवाई की गई। इस अभियान की तैयारी के लिए इंटरपोल ने भाग लेने वाले देशों को हथियारों की तस्करी से जुड़ी खुफिया जानकारी का विश्लेषण करने, राष्ट्रीय खतरे का आकलन करने और सीमा-पार सूचनाओं के आदान-प्रदान में समन्वय स्थापित करने में सहायता प्रदान की। इसमें क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 'ऑर्गेनाइजेशन ऑफ अमेरि. कन स्टेट्स' का भी समर्थन प्राप्त था। हथियारों की जब्ती के अलावा, इसमें शामिल अधिकारियों ने हथियारों और नशीले पदार्थों को रखने या उनकी तस्करी से जुड़े 8701 लोगों की गिरफ्तारी की जानकारी दी। साथ ही, कई अन्य अपराधों और जुर्मों के मामले भी सामने आए। अधिकारियों ने लगभग 200000 राउंड गोला-बारूद, 256025 अमेरिकी डॉलर की नकद राशि और 210 वाहन भी जब्त किए। इस क्षेत्र में हथियारों की तस्करी अन्य प्रकार की आपराधिक गतिविधियों से गहराई से जुड़ी हुई है, जिनमें नशीले पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, प्रवासियों की अवैध घुसपैठ और साइबर अपराध शामिल हैं। इन अपराधों के पीछे सक्रिय संगठित आपराधिक समूह और गिरोह अक्सर कई तरह की अवैध वस्तुओं की तस्करी के लिए उन्हीं रास्तों का इस्तेमाल करते हैं।

इस अभियान में भाग लेने वाले 10 देशों ने भी बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की बरामदगी की सूचना दी। इसमें 6.9 टन कोकीन, 659403 कोका के पौधे, 9.3 टन कोकीन बेस पेस्ट, 38.5 टन मारिजुआना, दो टन मेथामफेटामाइन और 11 किलोग्राम केटामाइन शामिल है। इंटरपोल के महासचिव वाल्डेसी उरक्विजा ने अभियान के बारे में कहा कि ऑर्का-11 अभियान की वजह से हजारों हथियार का प्रसार रोका गया है और बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। यह संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई में असली प्रगति को दिखाता है।

## सीबीएसई भुगतान प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को चार प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की पेमेंट गेटवे प्रणाली को मजबूत और छात्र हितैषी बनाने पर चर्चा की। प्रधान ने कहा कि पुनर्मूल्यांकन, उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने और अन्य शुल्क आधारित सेवाओं के लिए छात्रों को किसी भी प्रकार की तकनीकी परेशानी का सामना नहीं करना चाहिए। उन्होंने बैंकों को निर्देश दिया कि सीबीएसई के साथ मिलकर ऐसी मजबूत भुगतान प्रणाली तैयार की जाए, जिससे भुगतान प्रक्रिया सुचारु, सुरक्षित और तेज हो सके।

# क्वाड की 20 अरब डॉलर से महत्वपूर्ण खनिज फ्रेमवर्क की घोषणा

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में खनिज और ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकाधिकार को तोड़ने के उद्देश्य से चार देशों के संगठन क्वाड के सदस्यों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका ने 20 अरब डॉलर के निवेश से 'क्वाड महत्वपूर्ण खनिज पहल फ्रेमवर्क' की घोषणा की है।

क्वाड देशों ने महत्वपूर्ण खनिज पहल फ्रेमवर्क का निर्णय खनिज आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्र में विशेष रूप से चीन की मनमानी को देखते हुए लिया गया है। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की मंगलवार को यहां हुई बैठक में इस पहल की घोषणा की गई। बैठक के बाद जारी वक्तव्य में कहा गया है कि सदस्य देश महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत बनाने का इरादा रखते हैं। ये आपूर्ति श्रृंखलाएं उन्नत प्रौद्योगिकियों, आर्थिक विकास और औद्योगिक आधारों की मजबूती के लिए अनिवार्य हैं। इस फ्रेमवर्क के जरिये ये देश आर्थिक नीति के साधनों और समन्वित निवेश का उपयोग करके, विविध और निष्पक्ष 'महत्वपूर्ण खनिज' बाजारों के विकास में तेजी लाने के लिए मिलकर काम करने का इरादा रखते हैं। साथ ही ये देश क्षेत्र के आर्थिक विकास और सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण 'क्रिटिकल मिनरल्स' की आपूर्ति को मजबूत बनाएंगे। इस फ्रेमवर्क में 'महत्वपूर्ण खनिज' की आपूर्ति श्रृंखलाओं के संबंध में क्वाड साझेदारों के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों को निर्धारित करने के साथ-साथ प्रत्येक साझेदार की घरेलू नीतियों और प्राथमिकताओं का उचित ध्यान रखा गया है। फ्रेमवर्क के अनुसार क्वाड साझेदार देश 'महत्वपूर्ण खनिज' की आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के लिए, खनन, प्रसंस्करण और रीसाइक्लिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में, नए और मौजूदा प्रयासों के माध्यम से सरकारी और निजी क्षेत्र से लगभग 20 अरब डॉलर तक का निवेश जुटाने का इरादा रखते हैं। इसके लिए उन परियोजनाओं की पहचान की जाएगी जिनका क्वाड से सीधा जुड़ाव हो जैसे कि वे परियोजनाएं जो क्वाड साझेदार देशों में स्थित हों, क्वाड साझेदार देशों में मुख्यालय वाली कंपनियों द्वारा संचालित हों, या क्वाड बाजारों को आपूर्ति करती हों और जो 'क्रिटिकल मिनरल' आपूर्ति श्रृंखला में मौजूद कमियों को दूर करती हों।

## पोप लियो चौदहवें ने एआई के खतरे के प्रति दी चेतावनी

**वेटिकन सिटी।** ईसाई धर्मगुरु पोप लियो चौदहवें ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर अपना पहला बड़ा नीतिगत दस्तावेज जारी करते हुए विशेषज्ञों और दुनिया भर की सरकारों को इसके खतरों के प्रति गंभीर चेतावनी दी है।

मैग्निफिका ह्यूमैनिटास: ऑन सेफगार्डिंग द ह्यूमन पर्सन इन द टाइम ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (भव्य मानवता: एआई के दौर में मानव की सुरक्षा) शीर्षक वाले इस दस्तावेज में पोप ने सरकारों से एआई तकनीक के विकास की रफ्तार को धीमा करने का आग्रह किया है। उन्होंने सचेत किया कि एआई प्रणालियां गलत जानकारी फैला रही हैं, टकराव को बढ़ावा दे रही हैं और दुनिया को कभी न खत्म होने वाले युद्ध की राह पर ले जाने का जोखिम पैदा कर रही हैं। दस्तावेज में बाइबल की 'टावर ऑफ बेबेल' की कहानी का जिक्र करते हुए पोप ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब इंसानों ने घमंड में आकर बिना ईश्वर के आशीर्वाद के स्वर्ग तक पहुंचने वाली मीनार बनाने की कोशिश की, तो उसका परिणाम विनाशकारी रहा। उन्होंने कहा कि मैं सभी से अपील करता हूं कि वे एक और टावर ऑफ बेबेल बनाना बंद करें और मानवता की भलाई के लिए अपनी ताकत जुटाएं। धर्मगुरु ने इस बात पर गहरी चिंता जताई कि एआई से जुड़ा डेटा और ताकत निजी क्षेत्र के कुछ गिने-चुने लोगों के हाथों में सिमटती जा रही है।

# गोयल ने कनाडा में निवेश-व्यापार संबंध पर सार्थक चर्चा की

### वाणिज्य मंत्री ने पीएम मार्क जे कार्नी, व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू, कृषि और कृषि-खाद्य मंत्री हीथ मैकडॉनल्ड आदि के साथ की बैठक

**नई दिल्ली/ओटावा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कनाडा की अपनी यात्रा के ओटावा चरण में प्रधानमंत्री मार्क जे कार्नी, व्यापार मंत्री मनिदर सिद्धू, कृषि और कृषि-खाद्य मंत्री हीथ मैकडॉनल्ड तथा विदेश मंत्री अनिता आनंद के साथ बैठकें कर भारत-कनाडा संबंधों को मजबूत करने और आपसी व्यापार-निवेश बढ़ाने के लिए प्रस्तावित द्विपक्षीय समझौते की बात. चीत को अंतिम रूप देने पर चर्चा की हैं। गोयल ने प्रधानमंत्री कार्नी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शुभकामना संदेश दिया और दोनों देशों के संबंधों को गति देने के मेजबान प्रधानमंत्री के योगदान का उल्लेख किया।

दोनों पक्षों ने भारत कनाडा व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सेपा) के लिए चल रही बातचीत को लेकर उत्साह जताया है और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 70अरब डॉलर के स्तर तक पहुंचने के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। एक बड़े व्यावसायिक दल के साथ इस यात्रा पर गए गोयल ने प्रधानमंत्री कार्नी के साथ अपनी मुलाकात के बारे में कहा कि मैक जे कार्नी से मुलाकात की, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उनकी हाल की भारत यात्रा को स्नेहपूर्वक याद किया, जिसने भारत-कनाडा साझेदारी को नई गति और नया आत्मविश्वास प्रदान किया है। प्रधानमंत्री कार्नी के साथ इस मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने पर भविष्योन्मुखी चर्चा हुई और सेपा के शीघ्र निष्कर्ष के प्रति आशा व्यक्त की गई। यह समझौता दोनों राष्ट्रों के लिए विकास और समृद्धि के नए रास्ते खोलेगा। प्रधानमंत्री कार्नी ने इस मुलाकात के बाद एक बयान में कहा कि हम भारत के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। यह कनाडाई श्रमिकों और व्यवसायों के लिए एक 'गेम चेंजर' (बड़ा अवसर) साबित होगा और जिससे एक विशाल नया बाजार खुलेगा। उन्होंने कहा कि हम तेजी से काम कर रहे हैं, मैंने मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की ताकि अब तक हुई हमारी प्रगति की समीक्षा की जा सके और ऊर्जा, कृषि-खाद्य, प्रौद्योगिकी तथा शिक्षा के क्षेत्रों में हमारे दोनों देशों के लिए आगे आने वाले अवसरों का पता लगाया जा सके।' गोयल ने कनाडा के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्री

**दोनों पक्षों ने भारत कनाडा व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सेपा) के लिए चल रही बातचीत को लेकर उत्साह जताया है**



